आषाढ़ शुक्ल तृतीया 09:54 तक
उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 28 जून 2025
वर्ष 35, अंक 152, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

भारत के 534 कलाकारों को लॉस एंजिलिस का न्योता 14

कर्ज वृद्धि बढ़ाएं, मुनाफा बनाए रखें बैंक 12

भीषण उमस से राहत मिलने की आस, आज से बारिश के आसार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मौसम विभाग ने दिए अच्छी बारिश के संकेत, 55 जिलों में गरज-चमक के साथ आंधी आने और बिजली गिरने का अलर्ट

अमृत विचार : प्रदेश में भीषण उमस से अब राहत मिलने की उम्मीद है। शनिवार से झमाझम से बारिश के आसार हैं। हालांकि मानसून होने के बावजूद कुछ दिन बारिश नहीं हुई लेकिन अब मौसम विभाग ने अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं। इस दौरान राज्य के लगभग 50 जिलों में गरज-चमक के साथ आंधी चलने और बिजली गिरने का अलर्ट भी जारी किया गया है।

उधर, प्रदेश के पश्चिमी और तराई इलाकों में बीते दो दिनों से बारिश का सिलसिला चल रहा है। लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थ नगर, सुल्तानपुर, अमेठी, बाराबंकी, सोनभद्र, गोरखपुर और वाराणसी सहित कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई, लेकिन पूर्वी प्रदेश में धीमी बारिश से उमस भरी गर्मी से लोगों को खास राहत नहीं मिल पाई थी। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के अनुसार 28 से 30 जून के बीच पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में अच्छी बारिश होने की संभावना है। इससे तापमान में गिरावट आने और गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में बलिया, गाजीपुर, जौनपुर, मऊ, गोरखपुर, देवरिया आदि जिलों में भारी बारिश, बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। तेज हवा चलने और आंधी का भी अंदेशा है। मेरठ, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, नोएडा, बरेली, मुरादाबाद, अलीगढ़, आगरा आदि जिलों में आंधी और बौछारों की संभावना है।

महंतों से अभद्रता पर जगन्नाथ यात्रा में हंगामा, नारेबाजी

थाना प्रभारी ने साउंड बॉक्स कम करने को कहा तो भड़का विवाद, अभद्रता का आरोप लगाकर धरने पर बैठे महंत, श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आठ घंटे के बाद थाना प्रभारी निलंबित जयकारे के साथ यात्रा शुरू

अमृत विचार : जनरलगंज की ऐतिहासिक जगन्नाथ रथयात्रा में वाहनों पर साउंड बॉक्स लगाने को लेकर शुक्रवार दोपहर पुलिस-आयोजकों और भक्तों में जमकर विवाद हुआ। आरोप है कि बादशाहीनाका इंस्पेक्टर ने पनकी पंचमुखी हनुमान मंदिर के मंहत से अभद्रता कर दी। इसके बाद महंत और सैकड़ों भक्त नयागंज पीपल वाली कोठी के पास चौराहे पर धरने पर बैठ गए। उनके समर्थन में क्षेत्र के व्यापारियों ने भी दुकानें बंद करके पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

भाजपा एमएलसी सलिल विश्नोई व सपा विधायक अमिताभ बाजपेई भी धरने पर बैठे रहे। रथयात्रा न निकालने की घोषणा कर दी गई। करीब आठ घंटे तक

पुलिस अधिकारी से बहस करते महंत जितेंद्र दास।

हंगामा, नारेबाजी के बाद रात साढ़े आठ बजे थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया। इसके बाद धरना खत्म हुआ और देर रात रथयात्रा शुरू हुई। जनरलगंज स्थित जगन्नाथ मंदिर बाईजी में शुक्रवार सुबह जगन्नाथ रथयात्रा निकालने की तैयारियां चल रही थीं।

मंडल के लोग रथ सजा रहे थे। नयागंज बाजार से लेकर रथयात्रा मार्ग में मंच तैयार किए जा रहे थे। इसी बीच दोपहर लगभग 12 बजे बादशाहीनाका थाना प्रभारी मंदिर पर पहुंचे और एक वाहन पर केवल दो ही साउंड बॉक्स रखने को कहा। बाकी हटाने को बोले। आयोजकों ने इसका विरोध किया, कहा ऐतिहासिक रथयात्रा है। जैसे होती आई है, वैसा ही कर रहे हैं। कोई बात करनी है तो पनकी पंचमुखी हनुमान मंदिर के महंत से करें। वहीं मंदिर का संचालन करते हैं। आरोप है कि थाना प्रभारी ने मंहतों के लिए अपशब्द कहे। इस बीच दोनों महंत पहुंचे तो अभद्रता भी की। इसी के बाद विवाद शुरू हो गया। पनकी मंदिर के महंत जितेंद्र दास और कृष्ण दास से अभद्रता की बात आम होते ही भक्त और व्यापारी आक्रोशित हो गए और पीपल वाली कोठी के पास चौराहा पर धरने पर बैठ गए। पुलिस विरोध नारेबाजी होने लगी। कई थानों का फोर्स बुला लिया गया। भाजपा एमएलसी सलिल विश्नोई, सपा विधायक अमिताभ बाजपेई समेत कई दलों के नेता और व्यापारी भी धरने पर बैठ गए। कई बार पुलिस ने धरना समाप्त कराने का प्रयास किया, लेकिन लोग थाना प्रभारी के निलंबन की मांग पर डटे रहे। रात आठ बजे तक हंगामा चलता रहा और रथयात्रा स्थगित करने की घोषणा कर दी गई। इसके बाद पुलिस-प्रशासनिक अफसरों और महंतों-व्यापारियों के बीच वार्ता हुई और पुलिस अधिकारियों ने थाना प्रभारी के निलंबन की घोषणा की। इसके बाद धरना समाप्त हो गया। भक्तों ने जयकारे लगाए और रथयात्रा निकालने में जुट गए।

अब एप बताएगा किस राजमार्ग पर सबसे कम टोल

- एनएचएआई ने बनाया राजमार्ग यात्रा एप

नई दिल्ली। एनएचएआई का राजमार्गयात्रा एप जल्दी ही यह बताएगा कि किन्हीं दो स्थानों के बीच सबसे कम टोल वाला रास्ता कौन सा है। यह नई विशेषता अगले महीने से एप पर उपलब्ध होगी। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि राजमार्गयात्रा एप यात्रियों को राष्ट्रीय राजमार्गों के बारे में व्यापक जानकारी देता है और उन्हें एक कुशल शिकायत निवारण प्रणाली भी प्रदान करता है।

भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी (आईएचएमसीएल) के कुशल परिवहन प्रणाली (आईटीएस) के मुख्य उत्पाद अधिकारी अमृत सिंह ने उदाहरण देते हुए कहा कि दिल्ली से लखनऊ की यात्रा करने के लिए तीन रास्ते हैं और एप यात्रियों को सबसे अच्छा रास्ता चुनने में मदद करेगा। सिंह ने कहा कि आप दिल्ली से यमुना एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊ की यात्रा कर सकते हैं, या गाजियाबाद- अलीगढ़- कानपुर- लखनऊ के रास्ते जा सकते हैं या मुरादाबाद- बरेली- सीतापुर- लखनऊ के रास्ते यात्रा कर सकते हैं। एप वाहन चालकों को दिल्ली और लखनऊ के बीच सबसे कम टोल वाले रास्ते के बारे में बताएगा।

युवाओं की जाति नहीं, उनकी प्रतिभा रखती है मायने : योगी

विश्व एमएसएमई दिवस पर मुख्यमंत्री ने योजनाओं का खोला पिटारा

- पिछली सरकारों में उद्यमियों की उपेक्षा, माफियाराज और जातीय संघर्षों को मिला बढ़ावा : योगी
- बरेली, मुरादाबाद में ओडीओपी की 18 करोड़ रुपये की सीएफसी परियोजनाओं का किया लोकार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवाओं की जाति नहीं, प्रतिभा मायने रखती है। हमारी सरकार जाति, क्षेत्र या भाषा के आधार पर भेदभाव नहीं करती। हर युवा की प्रतिभा को मंच देने के लिए प्रतिबद्ध है। जबकि पिछली सरकारों में उद्यमियों की उपेक्षा होती थी, बड़े उद्योग चलाने वाले ही नहीं, एमएसएमई भी बदहाल और बर्बाद थे। इससे पीछे एक जिला एक माफिया और जातीय संघर्षों को बढ़ावा देना प्रमुख कारण था।

मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को विश्व एमएसएमई दिवस पर लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल का शुभारंभ किया। यूथ अड्डा का लोकार्पण, सीएम युवा मोबाइल एप की शुरूआत समेत बरेली व मुरादाबाद में 18 करोड़ रुपये की ओडीओपी सीएफसी परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। योगी ने जातिगत भेदभाव को समाप्त कर सभी समुदायों के युवाओं को समान अवसर प्रदान करने की डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता को जाहिर करते हुए कहा कि पिछली सरकारों को जातिगत संघर्ष कराने से ही फुरसत नहीं थी, जिसके कारण प्रदेश के युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। साल 2017 से पहले का यूपी दंगों के रूप में, माफिया गिरोह के रूप में, बेटी और व्यापारी के लिए सबसे असुरक्षित प्रदेश के रूप में जाना जाता था।

अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस पर शुक्रवार को लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में युवा उद्यमी को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

उद्यमिता का नया मंच है यूथ अड्डा

यूथ अड्डा यूपीकॉन द्वारा नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है। युवाओं को अपने व्यवसायिक विचार साझा करने, बैंकों से ऋण सहायता प्राप्त करने और अनुभवी मेंटर्स से मार्गदर्शन लेने का अवसर प्रदान करेगा। साथ ही, सीएम युवा मोबाइल ऐप युवाओं को उद्यमिता से जोड़ने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म है।

ओडीओपी से जिलों की विशिष्टता को मिला अंतर्राष्ट्रीय बाजार

मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडीओपी के माध्यम से हर जनपद की विशिष्टता को वैश्विक मंच मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना ने सभी जातियों के कारीगरों और उद्यमियों को समान अवसर प्रदान किए हैं, जिससे मुरादाबाद का ब्रास, भदोही का कालीन और लखनऊ की चिकनकारी जैसे उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहचान बना रहे हैं। प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई इकाइयों में 2 करोड़ से अधिक लोग कार्यरत हैं। बिना भेदभाव के इन इकाइयों को पांच लाख रुपये का सुरक्षा कवच और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की है। देश में एमएसएमई में 14 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ यूपी सबसे आगे है।

भारत के साथ बहुत बड़ा व्यापार समझौता कर सकता है अमेरिका

व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन पार्टी के कार्यक्रम में ट्रंप ने दिए संकेत

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ एक बहुत बड़ा व्यापार समझौता होने वाला है। उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत दिया।

ट्रंप ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन पार्टी के कर एवं व्यय कटौती विधेयक को पारित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा कि हमारे पास कुछ बेहतरीन समझौते हैं। हम एक और समझौता करने जा रहे हैं, संभवतः भारत के साथ। बहुत बड़ा... ट्रंप ने कहा कि चीन समझौते में, हम चीन के लिए द्वार खोलने की शुरुआत कर रहे हैं। ऐसी चीजें जो वास्तव में कभी नहीं हुईं...सभी देशों के साथ संबंध बहुत अच्छे हैं। राष्ट्रपति ने हालांकि चीन के साथ हुए समझौते के विवरण के बारे में विस्तार से नहीं बताया। ट्रंप ने कहा कि हर देश समझौता करना चाहता है और इसका हिस्सा बनना चाहता है। उनके प्रशासन के अधिकारी देशों के साथ समझौते करने के लिए अतिरिक्त मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने

- दोनों देशों में द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में भी महत्वपूर्ण प्रगति बताई

कहा कि याद कीजिए , कुछ महीने पहले, मीडिया कह रहा था कि क्या वाकई कोई ऐसा (देश) है जो इसमें दिलचस्पी रखता हो? खैर, हमने कल ही चीन के साथ समझौता किया है। हम कुछ बेहतरीन समझौते कर रहे हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि हम हर किसी के साथ समझौता नहीं करने जा रहे हैं। कुछ लोगों को हम बस एक पत्र भेजकर कहेंगे कि आपका बहुत-बहुत धन्यवाद... आप 25, 35, 45 प्रतिशत का भुगतान करेंगे। यह एक आसान तरीका है लेकिन मेरे लोग इसे इस तरह से नहीं करना चाहते हैं। वे इसको लेकर कुछ करना चाहते हैं। समझौते करने की ललक उनमें मुझसे भी अधिक है। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में एक भारतीय दल, अमेरिका के साथ अगले दौर की व्यापार वार्ता के लिए गुरुवार को वाशिंगटन पहुंचा। दोनों देश अंतरिम व्यापार समझौते के लिए बातचीत कर रहे हैं और नौ जुलाई से पहले समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश में हैं।

अमेरिका को दुग्ध क्षेत्र में रियायतें देना कठिन

भारत के लिए कृषि और दुग्ध क्षेत्र अमेरिका को शुल्क रियायतें देने के लिए कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं। भारत ने अब तक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में दुग्ध क्षेत्र को नहीं खोला है। अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, मोटर वाहन विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोरसायन उत्पादों, दुग्ध तथा कृषि उत्पादों जैसे सेब, वृक्ष गिरी तथा आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है। भारत प्रस्तावित व्यापार समझौते में कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, अंगूर और केले जैसे क्षेत्रों के लिए शुल्क रियायत मांग रहा है।

प्रदेश के 20 लाख उपभोक्ताओं को बिजली दर में राहत देने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- घरों में छोटी दुकान करने वालों को मिल सकती है नई दरों में राहत
- पावर कॉरपोरेशन से नियामक आयोग को नई दरों का प्रस्ताव

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में स्व-व्यवसाय करने वाले उन लोगों को बिजली विभाग राहत देने की तैयारी में है जो अपने घर से ही दुकानदारी कर रहे हैं। ऐसे छोटे व्यवसायियों को बिजली के बढ़ते बिल और जुर्माना की चिंता सताती रहती है। इन उपभोक्ताओं को शीघ्र बड़ी राहत मिल सकती है। बिजली दरों में बदलाव अब सीधे इनकी जेब का बोझ कम करेगा।

दरअसल, यूपी पावर कॉरपोरेशन ने एक ऐसा प्रस्ताव तैयार किया है, जिससे लगभग 20 लाख उपभोक्ताओं को सीधा लाभ पहुंच सकता है। घर

में छोटी दुकान चलाने वालों के लिए 1 किलोवॉट की नई बिजली दर तय की जा रही है, जो पहले नहीं थी। यह बदलाव खासकर ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों के छोटे व्यापारियों को ध्यान में रखकर किया गया है। इससे उपभोक्ताओं को काफी राहत होगी। हकीकत यह है कि, अब तक ऐसे उपभोक्ता घरेलू कनेक्शन से ही अपनी दुकान की जरूरतें पूरी करते थे। जिससे नियमों का उल्लंघन मानते हुए उन पर जुर्माना लगाया जाता था।

1 किलोवॉट की गैर घरेलू श्रेणी का प्रस्ताव

यूपी पावर कॉरपोरेशन के ताजा प्रस्ताव में 1 किलोवॉट की गैर-घरेलू श्रेणी शामिल की गई है। ग्रामीण इलाकों में इसकी दर 7 रुपये प्रति यूनिट और शहरी इलाकों में 8 रुपये प्रति यूनिट प्रस्तावित है। यह दरें महंगे कॉमर्शियल टैरिफ की तुलना में किफायती हैं।

4 परियोजना प्रबंधक और 3 जेई को प्रतिकूल प्रविष्टि

लखनऊ। परती भूमि विकास विभाग के प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के 4 परियोजना प्रबंधक और 3 जेई को कार्य में लापरवाही बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। परती भूमि विकास विभाग की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के

- पीएम कृषि सिंचाई योजना में लापरवाही पर सीएम के निर्देश पर कार्रवाई

राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी के मुख्य कार्य अधिकारी जीएस नवीन ने बताया कि परियोजना प्रबंधक और जेई से परियोजनाओं के डीपीआर के अनुसार पिछले पांच वर्षों में किए गए कार्यों के विवरण की छानबीन में 4 परियोजना प्रबंधक और 3 जेई ने कार्यों का विवरण नहीं दिए। जिसके बाद प्रयागराज परियोजना प्रबंधक सुरेंद्र प्रताप सिंह, महोबा के संजय कुमार, चित्रकूट कर्वी (2) परियोजना प्रबंधक देवेंद्र सिंह निरंजन और प्रतापगढ़ परियोजना प्रबंधक चमन सिंह के साथ ही प्रयागराज के जेई विश्वजीत यादव, प्रतापगढ़ प्रथम भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय के जेई दिनकर और आशीष कुमार यादव को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई।

श्री जगन्नाथ का रथ खींचने उमड़ा सैलाब

ओडिशा के पुरी में गुरुवार को श्री जगन्नाथ रथ यात्रा शुरू हुई। इस वार्षिक रथ यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथों को खींचने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब सा उमड़ पड़ा। इस दौरान परिवार और विश्व शांति की कामना से जयकारे भी गूंज रहे थे।

ग्राम पंचायत स्तर पर चलेगी वित्तीय समावेशन योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केंद्रीय योजनाओं का लाभ गांवों तक पहुंचाने को चलेगा अभियान
- 1 जुलाई से 30 सितंबर तक अभियान चलाने के निर्देश

अमृत विचार : राज्य में वित्तीय समावेशन को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए विशेष संतृप्तीकरण अभियान चलाने की तैयारी है।

1 जुलाई से 30 सितंबर सभी ग्राम पंचायतों में केंद्रीय वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग के निर्देश पर यह पहल की जा रही है, जिसमें प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना को आमजन तक पहुंचाया जाएगा। अभियान के तहत पात्र नागरिकों को इन योजनाओं से शत-प्रतिशत जोड़ा जाएगा। साथ ही निष्क्रिय जनधन खातों की केवाईसी का पुनः सत्यापन, नए बैंक खाते खोलने समेत बीमा और पेंशन योजनाओं में नामांकन को प्राथमिकता दी जाएगी। संस्थागत वित्त महानिदेशक द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि सभी ग्राम पंचायतों में कम से कम एक शिविर का आयोजन अनिवार्य होगा।

आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, तीन लोग पकड़े गए

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) समर्थित 'बब्बर खालसा इंटरनेशनल' नामक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है और एक किशोर को पकड़ा है।

राज्य पुलिस प्रमुख गौरव यादव ने शुक्रवार को दावा किया कि यह समूह अमृतसर क्षेत्र में पुलिस प्रतिष्ठानों पर हमले और लक्षित हत्याएं करने की साजिश रच रहा था। डीजीपी ने कहा कि एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया गया है, जिससे अनगिनत निर्दोष लोगों की जान बच गई है।

चीन के साथ सभी जटिल मुद्दों को सुलझाएगा भारत

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चीनी समकक्ष से सीमा निर्धारण के साथ सरहद पर तनाव घटाने पर की बात

चिंगदाओ/नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अपने चीनी समकक्ष दोंग जून से कहा है कि भारत और चीन को सीमाओं पर तनाव कम करने तथा सरहदों के निर्धारण की मौजूदा व्यवस्था को पुनर्जीवित करने से संबंधित कदम उठाकर एक सुव्यवस्थित रूपरेखा के तहत जटिल मुद्दों को सुलझाना चाहिए। सिंह और दोंग ने गुरुवार को चीन के बंदरगाह शहर चिंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन के मौके पर द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति व स्थिरता बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

भारत की ओर से जारी एक बयान के अनुसार रक्षा मंत्री ने सर्वोत्तम पारस्परिक लाभ के लिए



एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान चीनी समकक्ष डोंग जून के साथ रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

अच्छे पड़ोस की परिस्थितियां कायम करने की आवश्यकता पर जोर दिया और 2020 में पूर्वी लद्दाख में हुए गतिरोध के परिणामस्वरूप उत्पन्न विश्वास की कमी को दूर करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्रवाई का आह्वान किया। नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सिंह ने दोंग को निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाकर किए गए पहलगाम आतंकवादी हमले और पाकिस्तान में आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बारे में भी जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि दोनों मंत्रियों ने मौजूदा तंत्रों के माध्यम से सैनिकों की वापसी, तनाव कम करने, सीमा प्रबंधन और अंततः सीमा निर्धारण से संबंधित मुद्दों पर आगे बढ़ने के लिए विभिन्न स्तरों पर परामर्श जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैन्य गतिरोध समाप्त करने के लिए पिछले साल अक्टूबर में सहमति बनी थी, जिसके बाद नई दिल्ली और बीजिंग के संबंधों को फिर से स्थापित करने के प्रयासों के बीच भारतीय रक्षा मंत्री की यह चीन यात्रा हुई है।

रूस के रक्षा मंत्री से सुखोई विमानों के उन्नयन पर चर्चा

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की चीन के चिंगदाओ शहर में अपने रूसी समकक्ष आंद्रे बेलौसोव के साथ हुई वार्ता में भारत के सुखोई-30एमकेआई लड़ाकू बेड़े का उन्नयन करना, हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों का उत्पादन और एस-400 मिसाइल प्रणालियों की दो खेप की शीघ्र आपूर्ति पर प्रमुखता से चर्चा हुई।

छह शहरों में 71 करोड़ से बनेगा रीजनल प्लान

लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर हरदोई, उन्नाव व रायबरेली का किया जाएगा विकास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ जल्द दिल्ली-एनसीआर की राह पकड़ेगा। स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) के अंतर्गत लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव व रायबरेली में नियोजित रूप से विकास व अवस्थापना के कार्य कराए जाएंगे। इससे इन जनपदों में लोगों को निवास के लिए बेहतर माहौल मिलेगा और रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे। आर्थिक विकास को भी रफ्तार मिलेगी।

शुक्रवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के पारिजात सभागार में शुक्रवार को हुई एक अहम

- एलडीए में हाईलेवल कमेटी के चेयरमैन केशव वर्मा के समक्ष किया गया प्रस्तुतिकरण

बैठक में हाईलेवल कमेटी के चेयरमैन केशव वर्मा के समक्ष इस योजना का प्रेजेन्टेशन दिया गया। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि यूपी एससीआर के लिए जीआईएस आधारित क्षेत्रीय महायोजना तैयार करने के लिए कंसल्टेंट के रूप में एईकॉम इंडिया प्रालि एवं एजीस इंडिया कन्सल्टिंग इंजीनियर्स प्रालि के कंसोर्टियम का चयन किया गया है। 71 करोड़ की लागत से कंसल्टेंट कंपनी द्वारा एक वर्ष में रीजनल प्लान तैयार किया जाएगा। साथ ही अगले पांच वर्ष में रीजनल प्लान के मुताबिक परियोजनाओं को चिन्हित करते हुए उनका डीपीआर तैयार करेंगी। स्थल पर परियोजनाओं को क्रियान्वित कराने का काम कराएंगी। उपाध्यक्ष ने बताया कि एससीआर का क्षेत्रफल लगभग 26,700 वर्ग किमी होगा। आधारभूत सुविधाओं को उच्चीकृत किया जाएगा।

एससीआर के लिए वर्ल्ड बैंक करेगा मदद

बैठक में वर्ल्ड बैंक की टीम भी मौजूद रही। इनके सदस्यों ने बताया गया कि वर्ल्ड बैंक की सहभागिता से कई विकसित देशों के शहरों में इस तरह का नियोजित विकास किया गया है। वह एससीआर को बेहतर ढंग से विकसित करने के लिए इस तरह की सफल परियोजनाओं की सूचनाएं साझा करेंगे। एससीआर के रीजनल प्लान में हेरिटेज व सांस्कृतिक विरासत को भी सहेजा जाएगा।

जनपदों के बीच हाई स्पीड कनेक्टिविटी का प्रावधान किया जाएगा। इसके तहत मिसिंग रोड नेटवर्क को पूर्ण किया जाएगा, रैपिड रेल, रिंग रोड व एक्सप्रेस-वे का काम कराया जाएगा। आवागमन तेज और सुगम होने से औद्योगिक व व्यावसायिक विकास को बल मिलेगा।

गांवों तक पहुंचेंगी शहरी सुविधाएं : बैठक में बताया गया कि एससीआर में शामिल अन्य जनपदों की तुलना में लखनऊ अधिक विकसित है। आसपास के जनपदों से रोजाना हजारों लोग व्यवसाय, नौकरी, स्वास्थ्य, शिक्षा समेत विभिन्न कारणों से लखनऊ आते हैं। एससीआर के धरातल पर उतरने से अन्य जनपदों में भी समानांतर रूप से विकास होगा। इससे निवेश बढ़ेगा, रोजगार व व्यवसाय के अवसर सृजित होंगे। गांवों तक शहरी सुविधाएं पहुंचेंगी और लोगों को उनके क्षेत्र में ही निवास, व्यापार व नौकरी आदि के लिए बेहतर माहौल मिलेगा।

प्रयागराज में विशेष श्रेणी का खुलेगा नया अस्पताल

प्रयागराज, अमृत विचार। संगम नगरी प्रयागराज पहुंचे प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा है कि महाकुंभ के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक हुई थी जिसमें यह तय हुआ था कि प्रयागराज में एक विशेष श्रेणी का नया अस्पताल खोलेंगे। यह पीजीआई नहीं होगा लेकिन उसी स्तर की चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी। नया अस्पताल खोलने के लिए नगर निगम को नोडल बनाया गया है। इसके लिए जल्द ही प्रस्ताव लेकर जनता के सामने आएंगे।

सूबे के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों के रिक्त पद भरे जाने

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का स्वागत करते भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

पर डिप्टी सीएम ने कहा कि अभी 21,00 डॉक्टरों के रिक्त पदों का विज्ञापन जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि हाल में ही 532 चिकित्सकों को राजकीय सेवा में लिया गया है। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के एस आर एन अस्पताल में भी रिक्त पदों को जल्द भरा जाए इसके भी निर्देश दिए जा रहे हैं। यह बातें प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता के दौरान कही। कांग्रेस और सपा पर बड़ा हमला बोला है। कांग्रेस पार्टी वास्तव में लोकतंत्र

- कांग्रेस लोकतंत्र, संविधान का गला घोंट रही : ब्रजेश पाठक
- सपा ने सूबे में कानून व्यवस्था ध्वस्त करने का काम किया

और संविधान का गला घोंटने का काम कर रही है। कांग्रेस ने हमेशा संविधान को दरकिनार करने का काम किया है। कांग्रेस सत्ता के लिए किसी भी हद तक जा सकती है लेकिन भाजपा ने हमेशा राष्ट्र प्रथम को सर्वोच्च स्थान प्रदान करने का काम किया है। यूपी में जब सपा की सरकार थी हत्या, लूट, डकैती और बलात्कार की घटनाएं बढ़ जाती थी। सपा ने हमेशा संविधान और कानून को ध्वस्त करने का काम किया है।

वज्रपात से महिला और दो बकरियों की मौत

रानीगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार : कंधई थाना क्षेत्र के सकरा गांव की 45 वर्षीय संगीता सरोज पत्नी राम आसरे मवेशियों के लिए खेत से चारा कटाने गयी थी। इस दौरान अचानक बारिश होने लगी। इसी बीच आकाशीय बिजली गिरी। चपेट में आने से संगीता की मौके पर ही मौत हो गई। कुछ दूर पर पड़ोस के मेवा लाल की दो बकरी की भी चपेट में आने से मौत हो गयी। संतुष्टि के लिए परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज ले आये। यहां मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर शुक्रवार सुबह कंधई पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हल्का लेखपाल ममता पटेल ने पहुंच कर क्षति का आकलन किया। एसओ गुलाब चंद्र सोनकर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

भक्तों को दर्शन देने निकले भगवान जगन्नाथ

प्रयागराज, अमृत विचार। भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा आज शहर में धूमधाम से निकली गई जिसमें बड़ी संख्या में शामिल होकर लोगों ने आशीर्वाद लिया। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने भगवान जगन्नाथ की आरती की। पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी, महापौर गणेश चंद केसरवानी भी आरती में शामिल हुए।

ताल, ध्वजा, दर्प दलन एवं नंदी घोष पर विराजमान होकर सभी भक्तजनों को पतित पवन स्वरूप में भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई श्री बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ नगर भ्रमण एवं भक्तों को दर्शन दिया। मोहत्सिमगंज श्री मंदिर से रथ पर विराजमान होकर श्री शिव दुर्गा

हनुमान मंदिर, नगर महापालिका, चमेली देवी धर्मशाला, जॉनसेनगंज, घंटाघर, चौक, लोकनाथ, बहादुरगंज सुलाकी चौराहा और राम भवन चौराहा होते हुए मुट्ठीगंज स्थित गुणडीचा मंदिर मुट्ठीगंज चौराहे पर विश्राम किया। राजेश केसरवानी, पं दिगंबर नाथ त्रिपाठी, गौरी शंकर वर्मा, विजय चौरसिया, शगुन, पार्षद साहिल अरोरा, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, पल्लवी अरोड़ा, कुसुमलता, नेम यादव पार्षद, भारत कनौजिया, सुशांत केसरवानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु रथ यात्रा में शामिल हुए।

प्रतापगढ़ में भक्ति धाम में लगाया भोग

कुंडा, प्रतापगढ़ : मनगढ़ स्थित कृपालु धाम के भक्ति मंदिर में शुक्रवार को भगवान स्वामी जगन्नाथ का भव्य रथ यात्रा का कार्यक्रम हुआ। स्थानीय सत्संगियों के साथ विदेशों से भी पहुंचे सत्संगियों ने रथयात्रा को काफी आकर्षक बनाया। रथयात्रा भगवान को भोग लगाने के साथ शुरू हुई, कार्यक्रम दोपहर तक चलता रहा। भक्ति मंदिर परिसर राधे- राधे संकीर्तन से गुंजायमान रहा। भोर में ही करीब तीन बजे भक्ति मंदिर में डॉ.श्यामा त्रिपाठी, डॉ. कृष्णा त्रिपाठी ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को भोग लगाया।

पूर्वोत्तर रेलवे

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता/पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते हैं।

क्रम सं.-01, कार्य का नामः उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में यूटीआर-एमडब्ल्यूपी खंड (184 आरकेएम/368 टीकेएम) की क्षमता उन्नयन के लिये 2x25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम के ओएचई संशोधन और फीडर वायर कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। ई-निविदा सूचना सं०: CEE/Project/LJN/UTR-MWP, अनुमानित लागत रूपया में ₹ 1,41,24,08,013.40, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) रूपया में: ₹ 72,12,100/-, निविदा बन्द होने की तिथि: 29-07-2025, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 24 महीना।

• पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मुख्य विद्युत अभियंता/प्रोजेक्ट,
मुजाधि/विद्युत-**69** लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

एडेड विद्यालयों के 360 शिक्षकों का हुआ ऑनलाइन तबादला

प्रयागराज, अमृत विचार। प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों (एडेड) में लंबे इंतजार के बाद पहली बार प्रदेश में आनलाइन 360 शिक्षकों के तबादले हुए हैं जबकि आफलाइन तबादलों पर अभी संशय बरकरार है। आवेदन में खामियां मिलने पर 106 आवेदन को निरस्त कर दिया गया है क्योंकि भारांक सहित अन्य विवरण के प्रमाणपत्र नहीं लगे थे। अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक सुरेन्द्र कुमार तिवारी ने प्रदेश के सभी जेडी, डीआईओएस को जारी पत्र में निर्देश दिया है कि अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में आनलाइन तबादले का परिणाम एनआईसीसी द्वारा घोषित कर दिया गया है। आनलाइन तबादले की साइट-secaidedtransfer.upsdc.gov.inपर जाकर ट्रांसफर आदेश देखा जा सकता है।

उर्वरक लेते समय पक्की पर्ची जरूर लें किसान

प्रतापगढ़ : किसानों द्वारा खरीफ – 2025 में फसलों की बोआई का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिसके कारण फास्फेटिक उर्वरकों की मांग बढ़ गई है। कृषकों को निर्धारित दरों पर उनकी जोत के अनुसार गुणवत्तायुक्त उर्वरकों की उपलब्धता के लिए कृषि विभाग प्रयत्नशील है। जमा खोरी, कालाबाजारी व निर्धारित दर से अधिक दरों पर बिक्री पर अंकुश लगाना कृषि विभाग की प्राथमिकता है।

जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने सभी किसानों से अनुरोध किया है कि वे अपनी जोत के प्रमाण (खतौनी आदि) दस्तावेज साथ लेकर ही उर्वरक खरीदें। उर्वरक खरीदते समय पक्की पर्ची (बिल) अवश्य लें। यदि आपसे उर्वरक के साथ कोई अन्य उत्पाद जबरन खरीदने के लिए कहा जाता है या अधिक मूल्य लिया जाता है तो कृषि विभाग को सूचित करें। जिला कृषि अधिकारी ने सभी लाइसेंसधारी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वे किसानों को उनकी पंजीकृत जोत (भूमि) के आधार पर उर्वरक उपलब्ध कराएं। उर्वरकों की बिक्री के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग, ओवर रेटिंग कालाबाजारी तथा तस्करी करते जो भी विक्रेता पाया जाएगा उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

मैने अपना नाम ललित कुमार थावनानी से बदलकर ललित कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे ललित कुमार के नाम से जाना जाए। – **ललित कुमार पुत्र द्वारिका दास, 122/516 सिंधी कालोनी, शास्त्री नगर कानपुर 208005**

सूचना

मैं कैफ मो पुत्र BAHAL AHMAD निवासी 534/44 टटरपुर अलीगंज, लखनऊ, पहले मेरा नाम MOHD KAIF था। अब मैंने अपना नाम बदलकर KAIF MOHD रखना चाहता हूँ।

सूचना

सूचित हो कि मैने अपना नाम हसन मेंह्दी राजू से से बदलकर हसन मेंहदी पुत्र श्री मो0 मेंहदी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **हसन मेहदी पुत्र मो0 मेंहदी 66, गोलागंज, मकबरा अलिआ लखनऊ**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति स्व. रामदेव के द्वारा कराई गई पॉलिसी संख्या 276431173 में मैं ममता नामिनी हूं। पॉलिसी में मेरा नाम मन्होत्रा अंकित है जो गलत है। जबकि आधार कार्ड व बैंक पासबुक में ममता अंकित है जो सही है। दोनों नाम मेरा ही है। लिखा पढ़ा व दर्ज किया जाए। **ममता पत्नी रामदेव ग्राम व पोस्ट सरैया बंधुआकला, जिला सुल्तानपुर**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मैंने अपना नाम मोहम्मद इलियास से बदल कर मोहम्मद इलियास इकबाल पुत्र मोहम्मद इकबाल रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **मोहम्मद इलियास इकबाल 164/ 62 वी, फुल झाऊ लाल, अमीनाबाद, लखनऊ**

सूचना

मैं सूचित करती हूँ कि मेरी बेटी का नाम अनुष्का श्रीवास्तव और उसके पिता का नाम अनुज कुमार आधार कार्ड में गलत दर्ज है। जबकि मेरी बेटी का सही नाम एंजेल श्रीवास्तव और पिता का सही नाम अनुज कुमार श्रीवास्तव उसके स्कूल रिकॉर्ड में दर्ज है। अतः मेरी बेटी का सही नाम एंजेल श्रीवास्तव और उसके पिता का सही नाम अनुज कुमार श्रीवास्तव आधार कार्ड में सही दर्ज किया जाए। **रश्मि श्रीवास्तव पत्नी स्व0 अनुज कुमार श्रीवास्तव निवासिनी– बी–102, प्लॉट नं0 48 विमल नगर, कामता, चिनहट, लखनऊ– 227105**

सूचना

मैं KM SAGAR MATI YADAV W/O ANIL KUMAR जाति–अहीर, निवासी–ग्राम–नोनरा, पोस्ट–टिकरिया, तहसील–सदर, थाना–धम्मौर, जिला–सुलतानपुर (उ0प्र0) पिन कोड–228001 है। मेरे पति अनिल कुमार जिनका आर्मी नं0 16019669K है जिसमें आर्मी दस्तावेजों में मेरा नाम KUMARI SAGAR MATI YADAV दर्ज है जो कि गलत है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम KM SAGAR MATI YADAV अंकित है जो सत्य व सही है। अतः मेरे पति ANIL KUMAR के आर्मी के समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम KM SAGAR MATI YADAV दर्ज किया जाय।

पूर्वोत्तर रेलवे **ई-ऑक्शन नोटिस सं0- LJN-PRKG-11-25**

मण्डल रेल प्रबन्धक (वा0), पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु आईआरईपीएस के ई-ऑक्शनिंग के माध्यम से ई-ऑक्शन आमंत्रित की जाती है-

क्र.सं.	लॉट सं0	कार्य का विवरण
1	PARKING-LJN-GKP-TW-7-24-1 (Parking-Two Wheeler)	**गोरखपुर स्टेशन** के आरक्षण कार्यालय स्थित दो पहिया पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, स्कूटर) का ठेका 03 वर्ष हेतु
2	PARKING-LJN-PPW-MX-131-25-1 (Parking-Mixed)	**पचपेड़वा स्टेशन** के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साइकिल, तीन पहिया, चार पहिया, बस, ट्रक, ट्रैक्टर ट्रॉली) का ठेका 03 वर्ष हेतु
3	PARKING-LJN-SDDN-MX-130-25-1 (Parking-Mixed)	**सिद्धार्थनगर स्टेशन** के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया, बस, ट्रक, ट्रैक्टर ट्रॉली) का ठेका 03 वर्ष हेतु
4	PARKING-LJN-BNY-MX-128-25-1 (Parking-Mixed)	**बढ़नी स्टेशन** के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया, बस, ट्रक, ट्रैक्टर ट्रॉली) का ठेका 03 वर्ष हेतु

नोट: 1. निविदाकार प्रकाशित सूचना के अनुसार ई-ऑक्शन में भाग ले सकते है। IREPS पोर्टल पर दिये गये तिथि/समय के अनुसार सभी लॉट की ई-ऑक्शन प्रारम्भ एवं बंद होगी। **2.** सभी लॉट के लिये ई-ऑक्शन दि0-**11.07.2025, 12:00** बजे प्रारंभ होकर **11.07.2025, 13:00** बजे बंद होगी। **3.** इस ऑक्शन के लिये मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर स्वीकार नही किया जायेगा। यदि मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। **4.** अर्नेस्ट मनी की राशि (10%) का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर ठेकेदार द्वारा लिंक किये गये बैंक खाते से किया जायेगा। मैनुअल विधि जैसे-डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चैक, एफडीआर, जमा रसीद आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं होगी। **5.** विज्ञप्ति सूचना एवं निविदा प्रपत्र प्रारूप तथा, नियम व शर्तो की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in (E-Auction** module) पर उपलब्ध है।

मुजाधि/वाणिज्य-67 **सहायक वाणिज्य प्रबन्धक/लखनऊ**

"DO NOT TRAVEL WITH INFLAMMABLE ARTICLE IN TRAIN"

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य के लिए उप मुख्य विद्युत अभियंता, निर्माण, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निविदा संख्या 143R-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 IREPS की वेबसाइट यानी **http://www.ireps.gov.in** पर समापन तिथि 21.07.2025 समय (11:30 Hrs.) एक पैकेट प्रणाली के तहत 'ई–टेंडर' आमंत्रित किया जाता है।

NIT संख्या	143R-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 दिनांक 26.06.2025	
निविदा संख्या	143R-Dy.CEE-C-LKO-2025-26	
कार्य का नाम	उत्तर रेलवे के रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप, चारबाग, लखनऊ के अंदर ईएलपीओएच शॉप के लिए सब असेंबली ओवरहालिंग की सुविधा के निर्माण के संबंध में विद्युत सामान्य सेवा का कार्य।	
निविदा प्रपत्र लागत	कुछ नहीं।	
लगभग निविदा मूल्य	रु. 1,41,50,035.86 (एक करोड़ एकतालिश लाख पचास हजार पैंतीस रूपये और छियासी पैसे मात्र)	
बोली सुरक्षा	रु. 2,20,800.00 (दो लाख बीस हजार आठ सौ रूपये मात्र)	
समापन की अवधि	12 (बारह) माह	
ऑफर की वैधता	60 दिन	
IREPS वेबसाइट पर विज्ञापित निविदा दिनांक		26.06.2025
जिस तिथि तक ठेकेदार अद्यतन/परिशिष्ट/संशोधित तिथि नोट कर सकता है।		07.07.2025
निविदा प्रस्तुत करने की समाप्ति तिथि और समय		21.07.2025 (11:30 Hrs.)
पात्रता मापदंड		निविदा दस्तावेज के अनुसार

ध्यान दें : 1. ठेकेदार को प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किए जाने वाले निविदा दस्तावेज के अनुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। **2.** सभी प्रतिभागी ठेकेदार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ अपने आवश्यक दस्तावेज जमा करेंगे। "अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने के लिए कोई भी पोस्टटेंडर पत्राचार तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्ताव खोलने के बाद विचार नहीं किया जाएगा। यहां तक कि निविदाओं के सू–मोटो पोस्ट टेंडर पत्रों को अशक्त और शून्य माना जाएगा।" टेंडर नोटिस **www.ireps.gov.in** की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

No. 143R-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 दिनांक 26.06.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1925/25

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
अनुरक्षण खण्ड नं0–2 (सिविल), लो0नि0वि0, लखनऊ

पत्रांक: /ई–टेन्डर/2025–26 दिनांक :

ई–प्रोक्योरमेण्ट नोटिस (विज्ञप्ति)

1. अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड–2, (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के श्रेणी–ए, बी, सी एवं डी में भवन कार्य हेतु पंजीकृत निविदा दाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्य जिनकी निर्माण लागत सम्मुख अंकित है, प्रतिषत दर पर निविदा आमंत्रित करते है।

क्रम सं0	जनपद	कार्य का नाम	निविदा लागत (लाख में)	बिड सिक्योरिटी रू0	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) जी. एस.टी. सहित	कार्य पूर्ण करने की अवधि (दिनो में)
1	2	3	4	5	6	7
1	लखनऊ	विघायक निवास–4 रायल होटल स्थित आवास संख्या–15–16 के बैक साइड बने क्षतिग्रस्त टीन शेड के स्थान पर नया शेड डालने का कार्य एवं जलभराव के रोकथाम हेतु फर्श को ऊंचा कर टाइल्स लगाने का कार्य।	2.20	22000.00	770.00	30 दिन
2	लखनऊ	17ए माल ऐवन्यू स्थित आवास संख्या–बीजी–1 में किचेन कैबिनेट व कपबोर्ड बनाने का कार्य एवं यू0पी0वी0सी0 खिड़की लगाना व आंगन के शेष भाग में ऐडूरा टाइल्स लगाना एवं गेट की मरम्मत का कार्य।	3.20	32000.00	770.00	30 दिन
3	लखनऊ	तिलक मार्ग डालीबाग स्थित बंगला नं0–2ए में बाउण्ड्रीवाल की मरम्मत, सीलन मरम्मत, लॉन में इन्टरलांकिग टाइल्स लगाने, बाहरी सतह की मरम्मत एवं रंगाई पुताई का कार्य।	4.19	41900.00	770.00	30 दिन
4	लखनऊ	अपर डालीबाग कालोनी स्थित आवास सं0–10/4 टाईप–5 में किचेन व एक बेडरूम में वार्डरोब बनाने का कार्य, क्षतिग्रस्त दरवाजे चौखट बदलने का कार्य, किचेन व कमरों के आंषिक भाग की क्षतिग्रस्त टाइल्स बदलने का कार्य व अन्य आवश्यक मरम्मती कार्य।	2.11	21100.00	770.00	30 दिन
5	लखनऊ	03 तिलक मार्ग स्थित टाईप–6 बहुमंजिला मंत्री आवास के आवास सं0–802, में दो बाथरूमों की पुरानी व क्षतिग्रस्त टाइल्स व कुछ फिटिंग्स बदलने का कार्य, आफिस कक्ष में वार्डरोब बनाने का कार्य।	2.84	28400.00	770.00	30 दिन
6	लखनऊ	विधायक निवास–2 (पुराना) के गैराज सं0–10 में जर्जर चबूतरे को तोड़कर पुनः बनाने, जर्जर गेट को हटाकर नया गेट लगाने, पानी के पुरानी एवं जर्जर पाइप को हटाकर नया कनेक्षन लगाने, जर्जर प्लास्टर को तोड़कर पुनः प्लास्टर करने, गैराज के सामने खुली हुई नाली को आर0सी0सी0 पत्थर द्वारा कवर करने व अन्य आवश्यक सिविलि सम्बन्धी कार्य।	1.10	11000.00	680.00	30 दिन
7	लखनऊ	विधायक निवास–2 (पुराना) के आवास सं0–1–2बी में कार्यालय से लगे एक क्षतिग्रस्त बाथरूम के पूर्ण नवीनीकरण करने, आवास में खाद्य सामग्री एवं अन्य आवष्यक चीजों के रख–रखाव हेतु अलमारी बनाने, क्षतिग्रस्त दरवाजों को बदलने, आवास के पीछे खुले हुए जीने को ग्रिल जाली द्वारा कवर करने व शेड डालने व अन्य सिविलि सम्बन्धी कार्य।	4.11	41100.00	770.00	30 दिन
8	लखनऊ	अपर डालीबाग कालोनी स्थित आवास सं0–12/7 टाईप–4 में क्षतिग्रस्त बाथरूम व किचेन में टाइल्स लगाने व फिटिंग्स बदलने का कार्य, क्षतिग्रस्त दरवाजे खिड़की व जाली दरवाजे बदलने का कार्य एवं अन्य आवश्यक विभिन्न मरम्मती कार्य।	2.88	28800.00	770.00	30 दिन
9	लखनऊ	राजभवन कालोनी स्थित आवास सं0–27 टाइप–5 में शेड के विस्तारीकरण का कार्य एवं सिविल सम्बन्धी कार्य।	0.83	8300.00	650.00	30 दिन
10	लखनऊ	राजभवन कालोनी स्थित आवास सं0–1 टाइप–5 में बाउण्ड्रीवाल को ऊंचा करने का कार्य एवं गैराज के क्षतिग्रस्त हो चुके शेड को बदलने व गैराज की फ्लोर को ऊंचा करने का कार्य।	3.30	33000.00	770.00	30 दिन
11	लखनऊ	माल ऐवन्यू कालोनी स्थित आवास संख्या–11ए श्रेणी–6 में अध्यासन परिवर्तन के कारण साज–सज्जा सामग्री आपूर्ति/मरम्मत का कार्य।	2.18	21800.00	770.00	30 दिन
12	लखनऊ	03 तिलक मार्ग स्थित टाईप–6 बहुमंजिला मंत्री आवास के आवास सं0–202 में तीन कमरों में वार्डरोब लगाने का कार्य।	2.16	21600.00	770.00	30 दिन
13	लखनऊ	विधायक निवास–6 पार्क रोड स्थित आवास सं0–ई–01 में बाउण्ड्रीवाल की ऊंचाई बढ़ाना, क्षतिग्रस्त बाथरूम की फिटिंग्स बदलने के साथ अन्य आवश्यक विभिन्न मरम्मती कार्य।	1.87	18700.00	680.00	30 दिन
14	लखनऊ	विधायक निवास–2 (पुराना) के गैराज सं0–12 में जर्जर प्लास्टर को तोड़कर पुनः बनाने, जर्जर गेट को हटाकर नया गेट लगाने, जर्जर फर्ष को तोड़कर पुनः फर्ष बनाने व अन्य आवश्यक सिविलि सम्बन्धी कार्य।	0.93	9300.00	650.00	30 दिन
15	लखनऊ	राजभवन कालोनी स्थित आवास सं0–14 टाइप–5 में सर्वेन्ट कक्ष में क्षतिग्रस्त हो चुके प्लास्टर को तोड़कर पुनः प्लास्टर कर रंगाई–पुताई का कार्य एवं सर्वेन्ट कक्ष के आगे एक अस्थाई शेड का निर्माण कार्य।	0.62	6200.00	650.00	30 दिन
16	लखनऊ	लोअर डालीबाग नवनिर्मित ड्राइवर कालोनी स्थित आवास सं0–1/8 टाइप–1 में सीलन मरम्मत, क्षतिग्रस्त प्लास्टर मरम्मत, क्षतिग्रस्त किचन व बाथरूम की टाइल्स बदलने, क्षतिग्रस्त खिड़की दरवाजे बदलने का कार्य एवं अन्य आवश्यक मरम्मती कार्य।	0.70	7000.00	650.00	30 दिन
17	लखनऊ	गौतमपल्ली कालोनी स्थित आवास सं0–18 में शेड में स्थित अध्यासन कक्ष में फॉल सीलिंग करना, फर्ष की टाइल्स बदलना एवं दो तरू टिंटेड ग्लास लगाने का कार्य व अन्य आवष्यक विभिन्न मरम्मती कार्य।	6.78	67800.00	860.00	30 दिन
18	लखनऊ	गोमतीनगर फेज–2 मंत्री आवास स्थित आवास सं0–ए–104 टाइप–5 में अध्यासन परिवर्तन के कारण क्षतिग्रस्त बाथरूम की मरम्मत व फिटिंग्स बदलने का कार्य, क्षतिग्रस्त खिड़की दरवाजे चौखट बदलने, क्षतिग्रस्त टाइल्स मम्मत व अन्य आवष्यक मरम्मती कार्य।	3.37	33700.00	770.00	30 दिन
19	लखनऊ	अपर डालीबाग कालोनी स्थित आवास सं0–7/16 टाईप–4 में अवषेष एक बाथरूम की क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को बदलने के फलस्वरूप बाथरूम की टाइल्स एवं जंगयुक्त फिटिंग्स बदलना, सीलन की रोकथाम हेतु छत पर वाटर प्रूफिंग का कार्य, सुरक्षा की दृष्टि से मुख्य द्वार पर ग्रिल का दरवाजा लगाने का कर्य एवं अन्य आवष्यक मरम्मती कार्य।	2.10	21000.00	770.00	30 दिन
20	लखनऊ	अपर डालीबाग कालोनी स्थित आवास सं0–6/3 टाईप–4 में बाथरूम व किचेन की फिटिंग को कन्सील्ड करके टाइल्स की मरम्मत का कार्य, सीलन की मरम्मत का कार्य, आंगन के फर्ष व क्षतिग्रस्त ग्रिल की मरम्मत का कार्य एवं अन्य आवष्यक मरम्मती कार्य।	2.68	26800.00	770.00	30 दिन
21	लखनऊ	विधायक निवास–6 पार्क रोड स्थित आवास सं0–बी–06 में अध्यासन परिवर्तन के कारण आवास में क्षतिग्रस्त खिड़कियों में मच्छर जाली व शीषे लगाना, क्षतिचग्रस्त टाइल्स मरम्मत करना, क्षतिग्रस्त किचेन मरम्मत करना, व दो स्नानगृह/षौचालय का नवीनीकरण करना एवं अन्य आवष्यक विभिन्न मरम्मती कार्य।	1.68	16800.00	680.00	30 दिन
22	लखनऊ	अपर डालीबाग कालोनी स्थित आवास सं0–5/2, टाईप–4 में अध्यासन परिवर्तन के कारण क्षतिग्रस्त बाथरूमों की मरम्मत व फिटिंग्स बदलने का कार्य, क्षतिग्रिस्त किचेन की मरम्मत, क्षतिग्रस्त खिड़की दरवाजे बदलना एवं अन्य आवष्यक मरम्मती कार्य।	3.19	31900.00	770.00	30 दिन
23	लखनऊ	विधायक निवास–4, रायल होटल स्थित आवास सं0–57 में क्षतिग्रस्त हो चुके टीन शेड को बदलने का कार्य	0.53	5300.00	650.00	30 दिन
24	लखनऊ	नवनिर्मित विधायक निवास दारूलशफा स्थित आवास सं0–703 में क्षतिग्रस्त किचेन कैबिनेट व कपबोर्ड को बदलने का कार्य, आवास के बाथरूम की जंगयुक्त फिटिंग को बदलने का कार्य एवं अन्य सिविल सम्बन्धित कार्य।	2.19	21900.00	770.00	30 दिन
25	लखनऊ	राजकीय कालोनी माल एवेन्यू स्थित बंगला संख्या–5ए डुप्लेक्स के समस्त पुराने दरवाजे एवं खिड़कियों को बदलने का कार्य।	3.78	37800.00	770.00	30 दिन
		(द्वितीय बार निविदा आमंत्रण हेतु कार्य।)				
26	लखनऊ	नवनिर्मित विधायक निवास दारूलशफा स्थित आवास सं0–1001 में दीमक की वजह से क्षतिग्रस्त वार्डरोब, किचेन कैबिनेट व कपबोर्ड को बदलने का कार्य एवं अन्य सिविल सम्बन्धित कार्य।	2.30	23000.00	770.00	30 दिन
27	लखनऊ	गौतमपल्ली कालोनी स्थित आवास सं0–1(नया) में आंगन की दीवाल की ऊंचाई बढाना, वाहन पार्किंग हेतु शेड डालना व अन्य आवश्यक विभिन्न मरम्मती कार्य।	1.83	18300.00	680.00	30 दिन

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 30.06.2025 से 05.07.2025 तक उपलब्ध है जो दिनांक 05.07.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे तक निविदादाता द्वारा सबमिट/अपलोड किये जा सकते है। इसकी निविदा दिनांक 05.07.2025 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी दिनांक 30.06.2025 से वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
अनुरक्षण खण्ड–2 (सिविल), लो0नि0वि0, लखनऊ
ई–मेल : maintenancedivision2pwd@gmail.com

UP-235245 दिनांक 24.06.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

प्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा में उमड़े श्रद्धालु

भक्तों में भगवान का रथ खींचने की दिखी आतुरता, उमड़े शहरवासी, रास्ते भर हुआ प्रसाद वितरण

आस्था

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : पुरी की तर्ज पर शहर में महाप्रभु भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा शुक्रवार को हर्ष उल्लास और श्रद्धा से परिपूर्ण माहौल में निकाली गई। दोपहर शुरू हुई यात्रा में रथ खींचने के लिए भक्त आतुर रहे। वही रास्ते भर प्रसाद वितरण के बाद महाप्रसाद भी बांटा गया।

रथयात्रा का आरंभ विधि विधान के साथ नागेश्वर नाथ मंदिर से हुआ। नगर भ्रमण करते हुए कैलाश आश्रम पहुंचकर सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान हजारों श्रद्धालु, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भगवान जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा के जयकारों के साथ रथ को खींचते नजर आए।

श्रद्धा का यह अद्भुत दृश्य देखने शहरवासी उमड़ पड़े। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। रथ को खींचने की होड़ में भक्तों का उत्साह देखते ही बना, मानो स्वयं पुरी की पवित्र भूमि बाराबंकी में उतर आई हो। इस अवसर पर नगर के प्रमुख स्थलों पर रथ का भव्य स्वागत किया गया। रास्ते भर श्रद्धालु भगवान के दर्शनों को आतुर दिखे। रथ यात्रा में शहर के नागरिक, महिलाएं, युवा व बच्चे शामिल रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से शहर कोतवाली व चौकी पुलिस पर्याप्त संख्या में मौजूद रही।

शहर में निकाली गयी रथ यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु। अमृत विचार

एक नजर

दर्शन को मंदिर आए श्रद्धालु की बाइक चोरी

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : नवदुर्गा मंदिर में दर्शन करने आए एक श्रद्धालु की बाइक परिसर से चोरी हो गई। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। निजामपुर मजरे अजपुरा निवासी शैलेन्द्र कुमार अपने मौसा अवधेश कुमार की बाइक लेकर नवदुर्गा मंदिर पहुंचे थे। जब वे बाहर निकले तो उनकी बाइक गायब थी। शैलेन्द्र ने घटना की जानकारी मसौली थाने को दी है।

घर से जेवर-नकदी लेकर युवक के साथ युवती फरार

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत में एक युवती जेवर लेकर गांव के ही युवक के साथ कहीं चली गई। पिता ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि उसकी पुत्री को बीती 25 जून की रात गांव निवासी आशीष भगा ले गया है। यही नहीं उसकी पुत्री हजारों रुपए की नकदी व सोने-चांदी के जेवर भी उठा ले गई।

तमंचा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : कोतवाली नगर पुलिस ने धर्मेन्द्र सिंह रावत तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। इसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, जिन्दा कारतूस बरामद किया गया।

चोरी के सोलर पैनल के साथ पकड़ा गया शातिर

बाराबंकी, अमृत विचार : सतरिख पुलिस ने वांछित लकी गुप्ता को छेदानगर-मजीठा संपर्क मार्ग के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से चोरी का एक सोलर पैनल बरामद किया। टिकैतनगर पुलिस ने रहमत उल्लाह को गिरफ्तार कर चाकू बरामद किया।

पुलिस के हत्थे चढ़ा वांछित

बाराबंकी, अमृत विचार : सतरिख पुलिस ने शुक्रवार को बीएनएस व पाक्सो एक्ट में वांछित राहुल को गिरफ्तार किया।

शाहजहांपुर में हुए हादसे में जिले के दो युवकों की मौत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : कैंची धाम यात्रा पर निकले जिले के दो युवकों की हादसे में मौत हो गयी। शुक्रवार की शाम शव घर पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया। बाराबंकी से गुरुवार को कैंचीधाम यात्रा के लिए पांच लोग कार से रवाना हुए थे। कार देर रात शाहजहांपुर जिले में हादसे का शिकार हो गई। इस दुर्घटना में बाराबंकी के दो युवकों विवेक मिश्र और योगेश कुरील की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य का इलाज जारी है। यह खबर परिजनों तक पहुंची तो सभी व्याकुल हो उठे। आवास विकास कालोनी के निवासी विवेक मिश्र व विकास भवन के निकट रह रहे योगेश कुरील में गहरी दोस्ती थी। विवेक इलेक्ट्रानिक व्यापारी के छोटे भाई वहीं योगेश जीएसटी कार्यालय में लिपिक पद पर तैनात था। इनके साथ गए अन्य लोगों में नरेन्द्र चौधरी, महेश व शिवकुमार हैं, जिनका इलाज चल रहा। शुक्रवार को शाहजहांपुर से जैसे ही विवेक व योगेश के पार्थिव शरीर उनके घर पहुंचे, कोहराम मच गया। परिजनों व अपनों की चीख-पुकार और विलाप से माहौल गमगीन हो गया। विवेक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं योगेश की पत्नी बार-बार बेहोश हुई जा रही। दो मासूम बच्चे, जिन्हें शायद अभी तक यह भी नहीं समझ आ रहा कि उनके सिर से पिता का साया उठ गया है, असहाय से एक कोने में बैठे रहे। परिजनों का विलाप देखकर आस पड़ोस से आए लोगों की आंखों से आंसू छलक पड़े।

विवेक मिश्रा, योगेश की फाइल फोटो

पसरा मातम

▸▸ कार से कैंचीधाम जा रहे थे पांच लोग, दुर्घटना में तीन हुए घायल

तीन दोषियों को कोर्ट ने सुनाई सजा

बाराबंकी, अमृत विचार : ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत थाना जीआरपी की पैरवी के चलते तीन अभियुक्तों को न्यायालय ने दोषसिद्ध करते हुए सजा सुनाई है।

पुलिस उपाधीक्षक रेलवे (द्वितीय) व नोडल अधिकारी हृषीकेश यादव के पर्यवेक्षण में जीआरपी बाराबंकी थाना व अभियोजन अधिकारी की टीम ने मुकदमों की सघन पैरवी की। धारा 146 रेलवे एक्ट व भादवि के अंतर्गत दर्ज इस मामले में अभियुक्त मनोज कुमार उर्फ पहाड़ी तथा जमील को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या-16 द्वारा दोषी ठहराते हुए न्यायालय में बिताई गई जेल अवधि के साथ 15-15 सौ रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

इसी क्रम में आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज इस मामले में अभियुक्त रामाधारा पुत्र कालीदीन वर्मा निवासी फैजुल्लागंज लखनऊ को भी दोषी पाते हुए जेल में बिताई गई अवधि एवं 700 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

स्ट्रेचर पर तहसील कर्मी का शव देख भड़के एसडीएम

संवाददाता, फतेहपुर, बाराबंकी:

▸▸ अचानक तबीयत बिगड़ने पर सीएचसी ले गए थे परिजन

▸▸ स्ट्रेचर पर लेटे कर्मी को काफी देर बाद देखने पहुंचे चिकित्सक

अमृत विचार : तहसील में कार्यरत एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे परिजनों को अस्पताल परिसर में उसका शव स्ट्रेचर पर पड़ा मिला। इस घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे एसडीएम ने भी यह देख नाराजगी जताई और मौजूद चिकित्सकों को कड़ी फटकार लगायी।

जानकारी के अनुसार, कस्बा फतेहपुर के मोहल्ला पचघरा निवासी राजमल तहसील फतेहपुर में एसडीएम न्यायिक न्यायालय पर चपरासी पद पर कार्यरत थे। शुक्रवार सुबह नहाते समय अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर ले गए। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में उन्हें बाहर स्ट्रेचर पर ही लिटा दिया गया और चिकित्सक काफी देर बाद मौके पर पहुंचे। जब डॉक्टर ने जांच की तो राजमल को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम कार्तिकेय सिंह और तहसीलदार वैशाली अहलावत अस्पताल पहुंचे।

जब उन्होंने शव स्ट्रेचर पर ही पड़ा देखा तो उन्होंने नाराजगी जताई और कहा कि मरीज को तत्काल अस्पताल के अंदर ले जाकर उपचार किया जाना चाहिए था। यह अस्पताल प्रशासन की घोर लापरवाही है। इस संबंध में एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने बताया कि मौत के कारण की पुष्टि के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

पीटने के बाद गला दबाकर महिला की हत्या की कोशिश

हालत नाजुक

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : एक विवाहिता को उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने मिलकर बेरहमी से पीटने के बाद गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। विवाहिता की हालत गंभीर बनी हुई है और वह लोहिया अस्पताल लखनऊ में जीवन-मौत से जूझ रही है।

मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम बरगदिया निवासी शंकरलाल ने अपनी पुत्री शालू की शादी करीब एक वर्ष पूर्व विमल कुमार पुत्र होली निवासी ग्राम लोहरा थाना जहांगीराबाद के साथ की थी। विवाह के शुरुआती छह माह सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन इसके बाद शालू को उसके जेठ, देवर पुष्पेंद्र कुमार और सास ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। शंकरलाल का आरोप है कि 23 जून की रात करीब 10 बजे शालू को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा गया और फिर साड़ी से गला कसकर मारने की कोशिश की गई, जिससे वह अचेत हो गई। पहले उसे सीएचसी बड़ागांव फिर जिला अस्पताल और अंत में लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मायके पक्ष को 25 जून को मिली, जिसके बाद शंकरलाल व उसकी पत्नी लखनऊ पहुंचे। अस्पताल में उनकी बेटी न तो बोल पा रही और न ही अपनी स्थिति बयान कर सकी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

ट्रांसफॉर्मर पर बंदर कूदा, आपूर्ति बाधित

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : रामसनेहीघाट विद्युत फीडर पर शुक्रवार सुबह 33 केवी ट्रांसफॉर्मर पर एक बंदर कूद गया। बंदर के ट्रांसफॉर्मर से चिपक जाने के कारण उपकरण खराब हो गया। इस घटना से रामसनेहीघाट नगर पंचायत समेत करीब 150 गांवों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। अधिशासी अभियंता विमलेश ने एसडीओ सर्वेश कुमार और जेई एसएन यादव को मौके पर भेजा। विभाग ने समस्या का समाधान करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की। दूसरे ट्रांसफॉर्मर से प्रभावित क्षेत्रों में आपूर्ति शुरू की गई। लेकिन इससे पहले लगभग 5-6 घंटे तक लोगों को बिजली नहीं मिली। अधिशासी अभियंता विमलेश ने बताया कि वैकल्पिक ट्रांसफॉर्मर से बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है। आश्वासन दिया कि क्षतिग्रस्त ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत जल्द पूरी कर ली जाएगी।

शिक्षकों ने राज्यमंत्री को सौंपा मांगों का ज्ञापन

राज्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। अमृत विचार

संवाददाता, सिद्धौर, बाराबंकी

अमृत विचार : प्राथमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में शिक्षकों ने विद्यालयों की पेयरिंग व्यवस्था का विरोध किया। शिक्षकों ने राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

जनपदीय अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार सिंह और प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ. देवेंद्र कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में राज्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में जनपदीय मंत्री उमानाथ मिश्र, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार श्रीवास्तव समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

राज्यमंत्री ने शिक्षकों की मांग को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

महिला को पीटा बहन से बदसलूकी

बाराबंकी, अमृत विचार : कोर्ट में वाद विचाराधीन होने के बाद भी जबरन गेट लगाने के विरोध में एक महिला पर हमला किया गया। वहीं उसकी बहन से अभद्रता की गयी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

असंद्रा के एक गांव की रहने वाली महिला ने बताया कि उसका रास्ते को लेकर पड़ोसी चंद्रप्रकाश से वाद विचाराधीन है। गत 24 जून को चंद्रप्रकाश अपने भाइयों तेजनरायन, अमित कुमार और विपिन कुमार के साथ विवादित रास्ते में गेट लगाने लगा। जब महिला ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने दीवार तोड़ दी। वे लोग घर में घुस आए और लात-घूसों के साथ लोहे की सरिया से हमला कर दिया। इस दौरान उसके कपड़े फाड़ दिए और बदसलूकी की गई। शोर सुनकर बचाने आई बहन के साथ भी मारपीट की। आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी भाग निकले।

सार-संक्षेप

योगेन्द्र सिंह बल्लू की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते जिला बार अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा। अमृत विचार

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : दि बार एसोसिएशन फतेहपुर के सभागार में स्वर्गीय योगेन्द्र सिंह बल्लू की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिला बार अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि बल्लू जी 16 बार अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। नगर पंचायत अध्यक्ष इरशाद अहमद कमर, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, हरिनाम सिंह वर्मा, राजीव नयन तिवारी आदि ने अपने विचार रखे। अधिवक्ताओं ने बल्लू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। संचालन ओम प्रकाश यादव ने किया। मौके पर जिला बार संघ के पदाधिकारी, पूर्व विधायक डॉ. विजय कुमार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजेन्द्र कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। आयोजन मनोज कुमार श्रीवास्तव हैप्पी, सुबोध श्रीवास्तव और कपिल श्रीवास्तव ने किया।

छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती मनाई गई

मुख्य अतिथि डॉ. विवेक वर्मा का स्वागत करते रत्नेश कुमार। अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : अम्बेडकर पार्क में डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल सेवा समिति और पार्क-स्मारक अनुरक्षण समिति ने छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती मनाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नेत्र चिकित्सक डॉ. विवेक वर्मा ने शाहू जी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। भाकियू के नेता राम किशोर पटेल, वरिष्ठ अधिवक्ता आर. पी. गौतम, अपना दल नेता सुरेशचंद्र गौतम ने संबोधित किया। समिति के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने संचालन किया। महासचिव राम औतार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में भारतीय बौद्ध महासभा के जिलाध्यक्ष सुंदरलाल भारती, इंजीनियर संतलाल, ज्ञान प्रकाश गौतम, सभासद मनीष गौतम आदि मौजूद थे।

फाइलेरिया जांच के लिए रात में निकली स्वास्थ्य टीम

रक्त के नमूने लेते स्वास्थ्यकर्मी। अमृत विचार

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : फाइलेरिया उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने रात्रि जागरूकता अभियान चलाया। सूरतगंज ब्लॉक के बैरनामऊ और फूलपुर गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने घर-घर जाकर लोगों की जांच की। बैरनामऊ में रात 10 बजे प्रधान प्रतिनिधि शेर बहादुर ने फीता काटकर अभियान की शुरुआत की। बैरनामऊ में 127 लोगों के रक्त नमूने लिए गए। फूलपुर में बीडीसी सदस्य सीमा देवी और कोटेदार रमेश कुमार ने कार्यक्रम की शुरुआत की। लैब टेक्नीशियन कमल प्रभात ने बताया कि फाइलेरिया संक्रमित मच्छरों से फैलता है। जिला मलेरिया अधिकारी सुजाता ठाकुर के अनुसार, यह सर्वे मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के बाद संक्रमण दर जानने के लिए किया जाता है।

फुटपाथ अतिक्रमण की भेंट चढ़े, राहगीरों का चलना मुश्किल

फुटपाथ पर अतिक्रमण। अमृत विचार

कोठी, बाराबंकी, अमृत विचार : फुटपाथ अब अतिक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। स्थानीय दुकानदारों और गिट्टी-मौरंग कारोबारियों ने फुटपाथों पर कब्जा जमा लिया है, जिससे राहगीरों को पैदल चलना मुश्किल हो गया है। कैसरगंज चौराहा से लेकर सिद्धौर मार्ग, सेमरावां चौराहा मार्ग, कोठी चौराहा और मीरापुर चौराहा तक हर ओर फुटपाथों पर दुकानें सजी हुई हैं। गिट्टी-मौरंग से लदे भारी वाहन सड़कों के किनारे खड़े रहते हैं, जिससे आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। संकरी सड़कों पर जाम की स्थिति आम हो गई है। होटल, कोल्ड ड्रिंक स्टॉल और ठेले-पटरी वालों ने भी फुटपाथ को पूरी तरह घेर लिया है, मानो यह उनकी निजी संपत्ति हो। आम नागरिकों की लगातार शिकायतों के बावजूद अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के जूनियर इंजीनियर प्रबोध मिश्रा ने बताया कि अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को जल्द ही नोटिस जारी किए जाएंगे और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। लोग प्रशासन से तत्काल प्रभाव से अतिक्रमण हटवाने और सार्वजनिक रास्तों को मुक्त कराने की मांग कर रहे हैं।

कार्यक्रम | गन्ना किसान समृद्धि गोष्ठी में डीएम ने बांटीं सिलाई मशीनें

आधुनिक तकनीक अपनायें किसान :डीएम

संवाददाता, हैदरगढ़, बाराबंकी

अमृत विचार : बलरामपुर चीनी मिल की हैदरगढ़ इकाई में गन्ना किसान समृद्धि गोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने गन्ना टिश्यू कल्चर लैब का निरीक्षण किया और इसकी कार्यप्रणाली की सराहना की।

बलरामपुर फाउंडेशन की सीएसआर योजना के अंतर्गत 20 महिलाओं को सिलाई मशीनें दी गईं। जिलाधिकारी ने किसानों को सरकारी योजनाओं और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गन्ने की खेती से किसानों की आय बढ़ सकती है। कृषि यंत्रों पर सब्सिडी के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा शुरू कर दी गई है।

जिला गन्ना अधिकारी, कृषि अधिकारी और उद्यान अधिकारी ने अपने विभागों की योजनाओं के बारे में बताया। बलरामपुर चीनी मिल के सीजीएम विनोद यादव ने कहा कि मिल प्रबंधन किसानों को तकनीकी सहायता, गुणवत्तापूर्ण बीज और समय पर भुगतान की सुविधाएं दे रहा है। कार्यक्रम में आधुनिक कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम में सीजीएम कॉरपोरेट ऑफिस बलरामपुर ग्रुप के अरविंद सिंह, एसडीएम हैदरगढ़ शम्स तबरेज खां, तहसीलदार शशांक उपाध्याय और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन दिया।

सिलाई मशीन देते जिलाधिकारी। अमृत विचार

सार-संक्षेप

कठपुतली नाटकों के जरिए देंगे वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा

खैराबाद, सीतापुर, अमृत विचार : मानव और वन्य जीवों के बीच संघर्ष को रोकने के लिए अब गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों के प्रशिक्षित शिक्षक लोक माध्यमों के जरिए संचालित करेंगे। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला में जनपद के 31 शिक्षकों ने राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद एवं इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज के संयुक्त तत्वावधान में यह प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला के अंतिम दिन प्रतिभागी शिक्षकों ने कठपुतली नाटकों के माध्यम से वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने वाले विषयों का मंचन किया। मुख्य वक्ता प्रोफेसर योगेश दीक्षित व डॉ. तारिक बदर ने शिक्षकों की सराहना की। कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ कठपुतली नाटकों के लिए बालगोविंद द्विवेदी, संगीता यादव और श्रद्धा श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया।

खैराबाद सीएचसी में निःशुल्क ओरल हेल्थ कैंप आयोजित

खैराबाद, सीतापुर, अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक दिवसीय निःशुल्क ओरल हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 35 मरीजों का परीक्षण कर उपचार किया गया और निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। डॉ. कंचन महतो ने स्वच्छता और स्वास्थ्य की महत्ता बतायी। कार्यक्रम में सीएचसी अधीक्षक डॉ. राहिल फरीद, डॉ. पंकज, डॉ. विपिन, डॉ. विजय, डॉ. शिवानी टंडन सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

दरगाह हाफिज असलम मियां में मजलिस का शुभारंभ

खैराबाद, सीतापुर, अमृत विचार : दरगाह हाफिजिया अस्लमिया, खैराबाद में इस्लामी नववर्ष के पहले महीने मोहर्रम की शुरुआत के साथ ही दस दिवसीय मजलिस-ए-मुहर्रम का शुभारंभ 27 जून से हो गया। यह मजलिस 7 जुलाई तक प्रतिदिन मगरिब की नमाज के बाद आयोजित की जाएगी। पहले दिन की मजलिस को संबोधित करते हुए खानकाह हाफिजिया अस्लामियां के सज्जादानशीन अल्हाज सैय्यद फुरकान मियां हाशमी ने कहा कि जो अल्लाह और उसके रसूल पर सच्चे दिल से ईमान रखता है, उसे रसूल के नवासों हजरत इमाम हसन और हजरत इमाम हुसैन से मोहब्बत करने में कोई हिचक नहीं होनी चाहिए। कार्यक्रम में सैय्यद फरजान मियां, सैय्यद नवेद असलम हाशमी सलमी मियां, सैय्यद फरहान मियां, सैय्यद फर्मान मियां चिश्ती, कारी इस्लाम अहमद आरफी, हाफिज आरिफ, हाफिज नईम आदि उपस्थित रहे।

यौम-ए-शहादत का आयोजन

बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार : मुहर्रम का चांद नजर आते ही इस्लामी नववर्ष शुरू होने के मौके पर मियांगंज स्थित नूरी मस्जिद में यौमे शहादत का आयोजन किया गया। मौलाना फैजान हुसैन कादरी ने बताया कि पहली मुहर्रम के दिन ही हजरत उमर फारूक शहीद हुए थे। वह इस्लाम धर्म के दूसरे खलीफा थे। उन्होंने हजरत उमर फारूक रजि. की जीवनी पर रोशनी डालते हुए कहा कि विश्व भर में आज भी उमर-ए-फारूक का इंसाफ मिसाल है। फारूकी दौर दुनिया में आज भी याद किया जाता है। उनकी खिलाफत के दौरान ही सन हिजरी तारीख की शुरुआत की गयी जो आज तक जारी है।

व्यापारी कल्याण दिवस पर व्यापारियों का होगा सम्मान

बाराबंकी, अमृत विचार : दानवीर भामाशाह की जयंती पर शनिवार को व्यापारी कल्याण दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम 28 जून को जिला ग्राम्य विकास अभिकरण सभागार में शाम 4 बजे से होगा। कार्यक्रम में राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस मौके पर जनपद के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण व्यापारियों का सम्मान होगा। अधिक कर जमा करने वाले व्यापारियों को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया जाएगा।

स्वच्छता व सहयोग से ही रुकेगा रोगों का फैलाव : पाठक

बैठक के दौरान मौजूद चेयरमैन रामशरण पाठक। अमृत विचार

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर नगर पंचायत कार्यालय में बैठक हुई। चेयरमैन रामशरण पाठक की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सभासद और सफाई कर्मचारी शामिल हुए। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी नीरज वर्मा और यूनिसेफ की बीएमसी लक्ष्मी सक्सेना ने बताया कि अभियान 1 से 31 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान कस्बे में सफाई व्यवस्था को बेहतर रखा जाएगा। कस्बा अध्यक्ष रामशरण पाठक ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए वार्डों में सफाई व्यवस्था बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कस्बावासियों से सहयोग की अपील की। बैठक में सभासदों को लेटर पैड और कलम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभासद शुभम जायसवाल, अवनीश मिश्रा, राजेश शुक्ला, पूर्व सभासद दयाशंकर, बल्लू बाबा सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

ईओ ने कार्यभार संभाला

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : संतोष कुमार चौधरी ने नए अधिशासी अधिकारी के रूप में कार्यभार संभाला। वे झांसी से स्थानांतरित होकर आए हैं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद चौधरी ने नगर पंचायत अध्यक्ष कार्यालय, सभागार और लिपिक कार्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सभी कर्मचारियों से परिचय भी किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश यादव, समाजसेवी पुष्पेंद्र कुमार सिंह, मनीष कुमार श्रीवास्तव, लिपिक राम लव कुश, टैक्स कलेक्टर और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

प्रभारी एसपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

बाराबंकी, अमृत विचार : प्रभारी पुलिस अधीक्षक ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के पश्चात परेड व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। एएसपी उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी ने रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउण्ड में शुक्रवार को परेड की सलामी ली। 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को मानकों के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व रिस्पांस टाइम को और बेहतर करने का निर्देश दिया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन सौरभ श्रीवास्तव, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

संचारी रोगों की रोकथाम में प्रधानों की अहम भूमिका

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : रामनगर ब्लॉक में संचारी रोगों की रोकथाम और दस्तक अभियान को लेकर बैठक हुई। खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में ग्राम प्रधान, सफाई कर्मी, पंचायत सहायक और सभी एडीओ शामिल हुए। जितेंद्र कुमार ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम में ग्राम प्रधानों की भूमिका महत्वपूर्ण है। वे जनता और शासन के बीच की कड़ी हैं। एडीओ पंचायत अभय शुक्ला ने बताया कि गांवों में नियमित सफाई की जा रही है। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी नीरज वर्मा और यूनिसेफ की बीएमसी लक्ष्मी सक्सेना ने अभियान की जानकारी दी। बैठक में सहायक विकास अधिकारी कृषि दलबीर सिंह यादव, पंचायत सचिव ऋषभ पांडेय समेत बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

फ्लैक्सी पार्टनर बनने का अवसर

बाराबंकी, अमृत विचार : कौशल विकास मिशन, लखनऊ द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन हेतु जनपद बाराबंकी की औद्योगिक इकाइयों एवं प्रतिष्ठानों से इंडस्ट्रियल प्रशिक्षण प्रदाता (फ्लैक्सी पार्टनर) के रूप में प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। सेवा,उत्पादन एवं विनिर्माण क्षेत्रों में कार्यरत प्रतिष्ठानों को इस योजना के तहत युवाओं को प्रशिक्षित करने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। इच्छुक इकाइयों के लिए आवश्यक अर्हताएं— संस्था का पैन कार्ड, टैन नंबर, विगत तीन वर्षों का टर्नओवर (मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 100 करोड़, सर्विस सेक्टर में 50 करोड़), कौशल प्रशिक्षण का अनुभव एवं वैध पंजीकरण दस्तावेज अनिवार्य हैं। इच्छुक प्रतिष्ठान राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, महुआमऊ, जहांगीराबाद, बाराबंकी में संपर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष संख्या 7991200243, 7991200215, 9721045405 पर संपर्क कर सकते हैं।

जन औषधि केंद्र में रियायती दरों पर मिलेंगी दवाएं

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में शुक्रवार को प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की शुरुआत हुई। पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस केंद्र से मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। पहले मरीजों को अस्पताल में दवाएं नहीं मिलने पर इधर-उधर भटकना पड़ता था। मेडिकल स्टोर से महंगी दवाएं खरीदनी पड़ती थीं। अब वे अस्पताल में ही रियायती दरों पर दवाएं खरीद सकेंगे।

साथियों की मदद से पत्नी की पीटकर हत्या

मायके पक्ष ने लगाया आरोप-आर्केस्ट्रा में काम करने से नाराज था पति, अक्सर होता था दोनों में झगड़ा

रिश्ते का खून

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

सुशीला की फाइल फोटो।

अमृत विचार: शहर सीमा के नजदीक इलसिया ग्रंट में पति ने अपने साथियों के साथ मिलकर अपनी पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मायके पक्ष का आरोप है कि विवाहिता आर्केस्ट्रा में काम करती थी, इसको लेकर दोनों के मध्य अक्सर झगड़ा हुआ करता था। आरोप है कि नाराज होकर पति ने साथियों संग मिलकर पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। क्षेत्राधिकारी नगर का कहना है कि दोनों पक्षों के मध्य विवाद न्यायालय में प्रचलित है, फिलहाल आरोपों के आधार पर केस दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

वारदात के बाद महिला की पुत्री से जानकारी लेते क्षेत्राधिकारी नगर। अमृत विचार

महोली कोतवाली क्षेत्र की बरातपुर निवासी यशोदा के मुताबिक, दामाद देशराज उसकी 30 वर्षीया पुत्री सुशीला के साथ अक्सर मारपीट करता था। इसी को लेकर दोनों के मध्य न्यायालय में वाद भी चल रहा था। आरोप है कि रात में योजना बनाकर देशराज ने अपने साथियों को बुला लिया। फिर कमरा बंद कर लाठी-डंडों से सुशीला को पीट-पीटकर मार डाला। डायल 112 की खबर पाकर रामकोट थानाध्यक्ष सुरेश पटेल और फिर क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर फारेंसिक टीम ने साक्ष्य इकट्ठा किये। सीओ का कहना है कि कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

रात में ही बच्चों को भेजा तंबौर : वारदात के बाद देशराज अपने दस वर्षीय पुत्र आदर्श और काजल (12) को घर से लेकर निकला। बाइक पर बिठाकर वो अपने तंबौर थानाक्षेत्र स्थित पैतृक गांव सुल्तानपुर आया, बाद में राज खुलने के डर से फिर बच्चों को घर में छोड़कर फरार हो गया।

बेटी बनी चश्मदीद, रिकार्ड हुए बयान : मां-बाप के बीच अनबन से लेकर रोजाना के झगड़े और फिर कोर्ट के मामलों को 12 वर्षीय काजल ने सिलसिलेवार बताया। झगड़ा कैसे शुरू हुआ और फिर मां के दर्दनाक अंत की कहानी पुलिस ने कैमरे में रिकार्ड की।

विवाहिता की मौत के बाद जागा महकमा

सीतापुर, अमृत विचार: रामकोट इलाके में महिला प्रेमा की झोलाछाप के इलाज के दौरान हुई मौत के बाद सेहत महकमा जागा। जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सीएचसी प्रभारी को कार्रवाई के लिए कहा, इसी के बाद मधवापुर स्थित झोलाछाप की क्लीनिक सील कराई गई, कई और शटर भी बंद हुए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी खैराबाद राहिल फरीद ने बताया कि मधवापुर में वो क्लीनिक सील कराई गई, जहां उपचार के दौरान विवाहिता प्रेमा की मौत हो गई थी। इसके बाद रामकोट स्थित कई नर्सिंग होम को जांचा गया। तीन संचालकों को प्रपत्र दिखाने के निर्देश दिये हैं, तब तक उनके निजी संस्थान बंद रहेंगे। उधर, तूल पकड़ते मामले के बीच कई झोलाछाप शटर बंद कर भाग निकले।

समय सीमा में पूरी करायें परियोजनाएं

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार: कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में सड़क निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो कार्य अब तक प्रारम्भ नहीं हुए हैं, उन्हें नियमानुसार शीघ्र शुरू कराया जाए। साथ ही निर्माणाधीन परियोजनाएं तय समयसीमा में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण की जाएं। उन्होंने विशेष रूप से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की सड़कों के अनुरक्षण कार्यों को प्राथमिकता देने और रेनकटों की पेट्रोलिंग कर मरम्मत कराने के निर्देश दिए। पुल निर्माण कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी ने लंबित एप्रोच रोड निर्माण को भी शीघ्र पूर्ण कराने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में बहुगुणा चौराहे पर लोक निर्माण विभाग एवं विद्युत विभाग को संयुक्त सर्वे कर कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। वहीं, महमूदाबाद के अधिशासी अभियंता विद्युत एवं ग्रामीण अभियंत्रण को भी पोल शिफ्टिंग के कार्य शीघ्र पूरा करने को कहा गया। 84 कोसी परिक्रमा मार्ग और रामगढ़ चीनी मिल मार्ग के निर्माण को शीघ्र पूरा करने पर निर्देश दिये गए।

पुल निर्माण और विकास कार्यों की समीक्षा करते जिलाधिकारी।

धूप-छांव के बीच बढ़ी उमस, लोग परेशान

सीतापुर, अमृत विचार: बादल छा रहे हैं, फिर भी बारिश नहीं हो रही। धूप छांव का खेल दिन भर जारी रहा। पारा बढ़ने के बावजूद हवाओं ने कुछ राहत जरूर दी लेकिन उमस बरकरार रही। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि जल्द ही मौसम में बदलाव आ सकता है।

कई दिनों से छाये बादल सुबह भी तेजी से आए, लेकिन तेज हवाओं के बीच बादल छंट गए। फिर तेज धूप निकली। ऐसे में तापमान 35 डिग्री पहुंच गया। 24 घंटे के भीतर अधिकतम तापमान में 2 डिग्री की बढ़ोतरी हुई। मौसम वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, आने वाले दिन में बारिश हो सकती है। तेज हवाओं के बीच आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावनाएं बन रही हैं।

लखनऊ एसटीएफ का सैन्य कर्मी की तलाश में छापा

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार : लखनऊ से आयी एसटीएफ टीम ने एक सैन्यकर्मी की तलाश में नारायण नगर में छापेमारी की। आरोप है कि सैन्यकर्मी ने लखनऊ निवासी दो युवतियों से नर्सिंग असिस्टेंट बनाने के नाम पर चार लाख रुपये ठगे हैं।

सूत्रों के अनुसार वर्तमान समय में सैन्यकर्मी की श्रीनगर में तैनाती है। वह लखनऊ में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही दो युवतियों से मिला था। इसमें एक युवती अलीगढ़ तो दूसरी मुजफ्फरनगर की है। आरोप है कि सैन्यकर्मी युवतियों से वर्दी में मिला था। सैन्यकर्मी ने नर्सिंग असिस्टेंट बनवाने का झांसा देकर एक युवती से डेढ़ लाख व दूसरी से 2.55 लाख रुपये लिए। उसने शुक्रवार को दोनों को लखनऊ कैंटोनमेंट में नियुक्ति पत्र देने बुलाया। इसके बाद कहा कि कुछ काम से सीतापुर आ गया हूं। आप सीतापुर आइए। इसके बाद सैन्यकर्मी युवतियों से लालबाग स्थित आर्मी कैंटीन के पास मिला। वहां सैन्यकर्मी ने दोनों को लेटर दिया। युवतियों को शक हुआ तो सैन्यकर्मी से फोन करके ठगी की बात कही। युवतियों ने शहर कोतवाली पुलिस को सूचना दी। इसी सूचना पर लखनऊ से एसटीएफ की टीम देर रात सीतापुर पहुंची। टीम आरोपी को तलाश रही है। इस बारे में पुलिस कुछ नहीं बता रही है।

सरकारी स्कूलों के मर्जर के खिलाफ आप ने खोला मोर्चा

प्रेस वार्ता करते आप प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : सरकारी स्कूलों के मर्जर और बंदी के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को जिला कार्यालय पर प्रेस वार्ता करते हुए पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र सिंह ने कहा कि योगी सरकार शिक्षा को खत्म करने पर तुली है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक तरफ सरकार 27,308 मदिरालय खोल रही है और दूसरी तरफ 27,000 विद्यालय बंद करने की तैयारी में है। महेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले चार वर्षों में प्रदेश में 42 लाख बच्चों ने सरकारी स्कूलों से दूरी बना ली है। महेंद्र सिंह ने सवाल उठाया कि अगर स्कूलों में बच्चों की संख्या कम हो रही है तो उन्हें प्रेरित करना सरकार की जिम्मेदारी है। प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष जुगराज सिंह और मीडिया प्रभारी आकाश वर्मा भी मौजूद रहे।

ऑटो चालक पर जानलेवा हमला

कुर्सी, बाराबंकी, अमृत विचार : आटो लेकर अपने घर जा रहे चालक को घेरकर घात लगाए बैठे दबंगों ने जमकर पिटाई कर दी। जान बचाकर भागे चालक पर घर में घुसकर ईंट पत्थर चलाए गए। फर्जी मुकदमे में फंसा देने की धमकी देकर आरोपी फरार हो गए।

घुंघटेर थाना क्षेत्र के ग्राम महोलिया निवासी रामनरायन पुत्र स्व. बच्चूलाल का आरोप है कि वह 17 जून को ऑटो रिक्शा लेकर अपने घर लौट रहा था, तभी पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही राजू पुत्र बुद्धा, कमल, फूलबाबू व अशोक पुत्र राजू तथा राजू का दामाद रास्ते में आकर अचानक उसके ऑटो के आगे आ गए। जैसे ही रामनरायन ने ऑटो रोका, हमलावरों ने उसे लात-घूंसों व डंडों से पीटना शुरू कर दिया। किसी तरह जान बचाकर वह अपने घर में घुसा तो आरोपियों ने घर को घेर लिया। आरोप है कि राजू की पत्नी और पुत्री भी हमलावरों के साथ थीं।

पेंशन, राशन कार्ड की समस्याओं का समाधान

संवाददाता, हैदरगढ़, बाराबंकी

अमृत विचार : ग्राम पंचायत रीठी सिकंदरपुर में पंचायत भवन में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। ग्राम प्रधान दुर्गेश कुमार ने चौपाल की अध्यक्षता की। चौपाल में ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याएं रखीं। एक व्यक्ति ने पेंशन संबंधी शिकायत की। पंचायत सचिव ने ऑनलाइन आवेदन करवाकर लाभ दिलवाने का आश्वासन दिया।

दूसरी शिकायत राशन कार्ड में सदस्य का नाम न होने की आई। इस पर कोटेदार को नाम जोड़ने के निर्देश दिए गए। ग्रामीणों ने रास्ते में जलनिकासी के लिए पाइप डालने की मांग की। प्रधान ने इस समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। पंचायत सचिव सत्य प्रकाश वर्मा ने चौपाल में मौजूद स्थानीय ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इनमें आवास, पेंशन, बाल सेवा योजना और शादी अनुदान योजना शामिल थीं।

उन्होंने फैमिली आईडी बनवाने पर विशेष जोर दिया। जिन लोगों के राशन कार्ड नहीं बने हैं, उन्हें पंचायत भवन आकर फैमिली आईडी बनवाने को कहा गया। जीरो पॉवर्टी अभियान के तहत चयनित लाभार्थियों को राशन कार्ड और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यक्रम में पंचायत सहायक जितेंद्र कुमार, ग्राम रोजगार सेवक, कोटेदार शिवकुमार शुक्ला और सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

स्वच्छता से रोकें रोगों का प्रसार

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : हैदरगढ़ विकास खंड सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, सचिव, पंचायत सहायक और सफाई कर्मी शामिल हुए। प्रशिक्षण में जुलाई 2025 में चलने वाले दो महत्वपूर्ण अभियानों की जानकारी दी गई। पहला संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 31 जुलाई तक चलेगा। दूसरा दस्तक अभियान 11 से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। इन अभियानों में दिमागी बुखार, वेक्टर जनित रोगों और जल जनित बीमारियों से बचाव पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अधीक्षक डॉ. सौरभ शुक्ला ने घरों के आसपास जलभराव और गंदगी से बचने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि गंदगी से मच्छरों का प्रकोप बढ़ता है। इससे दिमागी बुखार और अन्य संक्रामक बीमारियां फैल सकती हैं।

उमसभरी गर्मी के तेवर बरकरार

बाराबंकी, अमृत विचार : मानसून सक्रिय होने के साथ ही बाराबंकी में जमकर बारिश शायद ही कभी हुई हो। जोरदार बारिश से पहले लंबा इंतजार बाराबंकी वासियों के माथे आया है। अब तक आसमान पर आते जाते बादलों ने नाममात्र ही बारिश की। जिसने गर्मी से राहत के बजाए आफत उपहार में दे दी है। पारा लुढ़का लेकिन उमस जोरदार है।

शहर से लेकर ग्रामीण इलाके तक इस समय गर्मी से व्याकुल लोगों को जोरदार बारिश का इंतजार है। भीषण गर्मी से तप रहे लोगों को मौसम में बदलाव से राहत की बड़ी आस जगी थी लेकिन मानसून ने अब तक सिर्फ इंतजार ही कराया है। यूपी के तमाम जिलों में जोरदार बारिश के विपरीत बाराबंकी में हुई बारिश ऊंट के मुंह में जीरा बराबर है। हालांकि थोड़ी बारिश किसानों के काम आई पर उन्हे भी अब जोरदार बारिश का इंतजार है। मौसम में बदलाव के चलते तापमान में तो कमी आई है पर उमस के तेवर बराबर बने हुए हैं। तेज धूप व उमस के चलते लोगों का सुकून छिना हुआ है। शहर ही नहीं ग्रामीण इलाकों में भी बादलों का आना जाना लगा है।

जमीन बंटवारे को लेकर बुजुर्ग मां-बाप को पीटा

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : इंसान जब अपने ही माता-पिता का सम्मान भूल जाए, तो समाज के लिए यह एक शर्मनाक और चिंताजनक स्थिति बन जाती है। बेटे और बहू ने जमीन बंटवारे को लेकर बुजुर्ग मां-बाप के साथ अमानवीय व्यवहार किया। थाना मसौली क्षेत्र के ग्राम सुरसण्डा की रहने वाली वृद्धा रामकला पत्नी राम प्रसाद ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा संजय कुमार और बहू कंचन ने 19 जून को घर और जमीन के बंटवारे को लेकर उन्हें और उनके पति राम प्रसाद को लाठी-डंडों, लात-घूंसे और गालियों से पीटा। चीख-पुकार सुनकर जब मोहल्ले के लोग आए तो बेटे-बहू ने सबके सामने कहा कि बंटवारा कर दो, वरना जान से मार कर फेंक देंगे। रामकला ने बताया कि मारपीट के कारण उन्हें व उनके पति को जाहिरा चोटें आई हैं। यह पूरी घटना उनके ही घर पर हुई, जहां वह अब डर के साये में जीने को मजबूर हैं।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य के लिए उप मुख्य विद्युत अभियंता, निर्माण, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निविदा संख्या 146-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 IRERS की वेबसाइट यानि http://www.ireps.gov.in पर समापन तिथि 22.07.2025 समय (11:30 बजे) एक पैकेट प्रणाली के तहत 'ई-टेंडर' आमंत्रित किया जाता है।

NIT संख्या	146-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 दिनांक 27.06.2025
निविदा संख्या	146-Dy.CEE-C-LKO-2025-26
कार्य का नाम	उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के अयोध्या कैंट (एवाईसी) स्टेशन पर यूनिवर्सल कोचिंग रखरखाव सुविधा के विकास और अन्य कार्यों के संबंध में विद्युत सामान्य सेवा कार्य।
निविदा प्रपत्र लागत	कुछ नहीं।
लगभग निविदा मूल्य	रु. 4,64,30,951.37 (चार करोड़ चौसठ लाख तीस हजार नौ सौ इक्यावन रुपये और सैंतीस पैसे मात्र)
बोली सुरक्षा	रु. 3,82,200/- (तीन लाख बयासी हजार दो सौ रूपये मात्र)
समापन की अवधि	12 (बारह) माह
ऑफर की वैधता	60 दिन
IREPS वेबसाइट पर विज्ञापित निविदा दिनांक	27.06.2025
जिस तिथि तक ठेकेदार अद्यतन/परिशिष्ट/संशोधित तिथि नोट कर सकता है	08.07.2025
निविदा प्रस्तुत करने की समाप्ति तिथि और समय	22.07.2025 (11:30 बजे)
पात्रता मापदंड	निविदा दस्तावेज के अनुसार।

ध्यान दें:- 1. ठेकेदार को प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर अपलोड किए जाने वाले निविदा दस्तावेज के अनुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। 2. सभी प्रतिभागी ठेकेदार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ अपने आवश्यक दस्तावेज जमा करेंगे। "अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने के लिए कोई भी पोस्ट टेंडर पत्राचार तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्ताव खोलने के बाद विचार नहीं किया जाएगा। यहां तक कि निविदाओं के सू-मोटो पोस्ट टेंडर पत्रों को अशक्त और शून्य माना जाएगा।" टेंडर नोटिस www.ireps.gov.in की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

नं.: 146-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 दिनांक: 27.06.2025 1940/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यालय जिला सूचना अधिकारी, जालौन स्थान उरई

पत्रांक: एस0एस0ए0(गुण0वि0) / 1775-84 /2025-26 दिनांक- 26.06.2025

उपर्युक्त विषयक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्रांक : एस0एस0ए0 (गुण0वि0) / 1707-14 / 2025-26 दिनांक 25.06.2025 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से ई0सी0सी0ई0 एजूकेटर एवं तकनीकी अनुदेशकों की आउट सोर्सिंग के माध्यम से चयन किये जाने मेसर्स, बाला जी इण्टरप्राइजेज, उ0प्र0 लखनऊ को पत्र प्रेषित किया गया है। मेसर्स, बाला जी इण्टरप्राइजेज, उ0प्र0 लखनऊ के द्वारा सेवायोजन पोर्टल पर आवेदन हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी है। शैक्षिक अर्हता के आधार पर इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन कर सकते है। **पदों का विवरण निम्नवत् है :-**

क्र0 सं0	पद का नाम		पदों की संख्या	शैक्षिक अर्हता	नियत मानदेय	आयु सीमा
1	ईसीसीई एजूकेटर		110	विधि द्वारा स्थापित एवं यू0जी0सी0 से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा गृह विज्ञान मुख्य विषय के साथ न्यूनतम 50 प्रतिशत के अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो। आरक्षित वर्गो को नियमानुसार न्यूनतम अंकों में 05 प्रतिशत की छूट होगी। **अथवा** नर्सरी अध्यापक शिक्षा/एन0टी0टी0/सी0टी0 (नर्सरी) / डी0पी0एस0ई0 का कम से कम दो वर्ष का डिप्लोमा अथवा समकक्ष योग्यता, जो कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE) से मान्य होना चाहिए।	10313.00	आवेदनकर्ता की अधिकतम आयु 01 जुलाई, 2024 को 40 वर्ष से अधिक न हो।
2	तकनीकी अनुदेशक	इंजीनियर एण्ड वर्कशॉप ट्रेड	06	राजकीय मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आई0टी0आई0 से किसी 01 ट्रेड में सर्टिफिकेट कन्स्ट्रक्शन एण्ड वुडवर्किंग / फैब्रिकेशन (फिटिंग एण्ड वेल्डिंग) फिटर/जनरल कॉरपेंटर / प्लम्बर / शीट मेटल वर्कर / पेंटर	10450.00	आवेदनकर्ता की अधिकतम आयु 01 जुलाई, 2024 को 40 वर्ष से अधिक न हो।
		एनर्जी एण्ड इन्वायरमेन्ट ट्रेड	06	राजकीय मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आई0टी0आई0 से किसी 01 ट्रेड में सर्टिफिकेट- इलेक्ट्रिक / इलोक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रानिक्स मैकेनिक		
		एग्रीकल्चर, नर्सरी एवं गार्डनिंग	05	बी0एस0सी0 एग्रीकल्चर		
		होम एण्ड हेल्थ ट्रेड	06	बी0एस0सी0 होम सांइस अथवा राजकीय मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आई0टी0आई0 से किसी 01 ट्रेड में सर्टिफिकेट - फूड प्रोडक्शन / फैशन डिजायइन टेक्नोलॉजी / सीविंग टेक्नोलॉजी		

चन्द्रप्रकाश
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
जालौन

सीज किए गए अस्पताल फिर खुले, कार्रवाई ठंडे बस्ते में

लापरवाही : लहरपुर और उसके आसपास चल रहे बिना पंजीकृत अस्पताल, मरीजों की जान से किया जा रहा खिलवाड़

संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर

अमृत विचार : बाढ़-कटान प्रभावित क्षेत्र से जुड़े लहरपुर में इन दिनों नगर व आसपास के ग्रामीण इलाकों में प्राइवेट अस्पतालों की भरमार है। इनमें से कई अस्पताल बिना पंजीकरण के चल रहे हैं और झोलाछाप मरीजों का इलाज कर रहे हैं। जिम्मेदारों का दावा ये भी है कि जिनके पास रजिस्ट्रेशन है, वे भी आवश्यक मानकों का पालन नहीं कर रहे। अस्पतालों में बड़े-बड़े डॉक्टरों के नाम के बोर्ड तो हैं, लेकिन अधिकतर जगहों पर वे डॉक्टर मौजूद नहीं होते। लोगों का आरोप है कि जो अस्पताल सीज किये गये थे, वे फिर से खुल गये हैं।

लहरपुर छावनी पुलिया के नजदीक नियमों से इतर क्लीनिक में उपचार कराते मरीज।

मानकों के विपरीत संचालित अस्पतालों पर होगी कार्रवाई

बिना पंजीकरण या मानकों के विपरीत चल रहे अस्पतालों की लगातार निगरानी की जा रही है। ऐसे अस्पतालों के खिलाफ जांच के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ी तो एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। मरीजों की जान से खिलवाड़ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संबंधित क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है।

– डॉ. सुरेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी

केस-1

कस्बे में बीती 9 नवंबर को शेरपुर सरावां के समीर (10) की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। परिजनों ने गलत इंजेक्शन लगाए जाने का आरोप लगाया था। इस पर अस्पताल सील कर दिया गया, लेकिन कुछ ही सप्ताह बाद वह फिर चालू हो गया।

केस-2

बीती 4 अप्रैल को भूलनपुर निवासी सोहराब अहमद की पत्नी उजमा रहमान की डिलीवरी के बाद मौत हो गई। ऑपरेशन के बाद रक्तस्राव नहीं रुका और निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया।

केस-3

बीते दिनों धौरहरा की 12 वर्षीया रूपा को बुखार से पीड़ित होने पर उपचार के लिए झोलाछाप के पास ले जाया गया। वहां हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने से मृत घोषित कर दिया।

केस-4

बीते दिनों केयर सेंटर में इलाज के दौरान एक मासूम की मौत हो गयी थी। इस पर बच्चे के परिजनों ने अस्पताल परिसर में खूब हंगामा किया था। हंगामे के बाद संचालक क्लीनिक बंद कर भाग गए। कुछ ही दिनों में उसने दोबारा अस्पताल खोल लिया।

लोगों ने बताया सच

लहरपुर निवासी नुसरत अली कहते हैं कि क्षेत्र में दर्जनों प्राइवेट अस्पताल चल रहे हैं। इनमें से कई न तो पंजीकृत हैं और न ही उनके चिकित्सक योग्य हैं। नुसरत ने बताया कि इलाज के नाम पर लूट हो रही है, डॉक्टरों की डिग्रियां जांचने वाला कोई नहीं।

अधिवक्ता रचिन रस्तोगी का कहना है कि मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ हो रहा है। जिन अस्पतालों को सीज किया गया था, वे भी दोबारा संचालित हो रहे हैं।

एक नजर

शिक्षक संघ रामपुर मथुरा के ब्लॉक अध्यक्ष बने संतोष

रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार : जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ, शाखा सीतापुर की ब्लॉक रामपुर मथुरा इकाई के अध्यक्ष पद पर अधिकृत प्रतिनिधि मंडल द्वारा संतोष सिंह दिनकर को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय ऑडिटर एवं ब्लॉक बिसवां के अध्यक्ष सतीश कुमार शुक्ल, जिला महामंत्री असरार अहमद राई, ब्लॉक पहला के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंघम, तथा ब्लॉक मंत्री राजेश कुमार आदि थे।

सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत

खैराबाद, सीतापुर, अमृत विचार : ग्राम पंचायत गंगापुर खतरा के अंतर्गत गंगापुर उल्फत राय में ग्राम प्रधान की फर्जी मोहर और हस्ताक्षर से सरकारी जमीन पर कब्जे का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि एक व्यक्ति ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया है। राकेश, प्रकाश, विवेक, सर्वेश सहित अन्य ग्रामीणों ने इसकी शिकायत मुख्य विकास अधिकारी से कर कार्रवाई की मांग की है।

महोली में शुरू हुई केवाईसी प्रक्रिया

महोली, सीतापुर, अमृत विचार : महोली तहसील क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत बच्चों का चेहरा प्रमाणीकरण और ई-केवाईसी की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रभारी सीडीपीओ ममता यादव के अनुसार, क्षेत्र के 170 केंद्रों पर कुल 11,921 बच्चे पंजीकृत हैं। इनमें से 5,234 बच्चों का प्रमाणीकरण पूरा हो चुका है।

पुलिस ने तीन जुआरियों को किया गिरफ्तार

मछरेहटा, सीतापुर, अमृत विचार : मछरेहटा पुलिस ने जुआ खेलते तीन आरोपियों को कुन्दौली के पास बाग से दबोचा। थानाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने बताया कि पकड़े गए सोनू, श्यामनरायन व रामचरन के पास से ताश के पत्ते सहित 3310 रुपये बरामद किए गए।

80 लीटर अवैध शराब के साथ 8 आरोपी गिरफ्तार

सीतापुर, अमृत विचार : थाना इमलिया सुल्तानपुर, लहरपुर, तालगांव, मछरेहटा एवं महमूदाबाद की पुलिस ने 80 लीटर अवैध शराब बरामद कर 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

तमंचा-कारतूस के साथ पकड़ा गया शातिर

सीतापुर, अमृत विचार : पिसावां पुलिस ने चेकिंग के दौरान हसनापुर निवासी बृजकुमार सिंह को एक तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

लटका मिला विवाहिता का शव, हत्या का आरोप

संवाददाता इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर

अमृत विचार: इलाके के सरौरा गांव में घर के कमरे में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता हुआ मिला। परिजनों ने दहेज के लिए हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए ससुरालवालों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

इमलिया सुल्तानपुर थानाक्षेत्र के सरौरा गांव में 22 वर्षीया संदीप कौर का शव घर के भीतर कमरे में लटकता हुआ मिला। खबर पाकर मायके पक्ष शाहजहांपुर जनपद के बंडा निवासी सर्वजीत कौर सहित अन्य लोग आ गए। पीड़ित पक्ष के मुताबिक, दो वर्ष पूर्व उन लोगों ने सरौरा निवासी अमरजीत के साथ संदीप कौर का विवाह कराया था। शादी के कुछ दिनों बाद अमरजीत व उसकी मां संदीप विवाहिता को प्रताड़ित करने लगे। पीड़ित पक्ष ने अमरजीत और उसकी मां के खिलाफ तहरीर दी है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष श्यामू कनौजिया ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

करंट लगने से सफाई कर्मचारी की मौत

तंबौर, सीतापुर, अमृत विचार : तंबौर नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई कार्य के दौरान संविदा सफाई कर्मी जियालाल की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में शोक की लहर फैल गई।

बेहटा निवासी जियालाल तंबौर अहमदाबाद स्थित आदर्श नगर पंचायत में संविदा पर सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत थे। रोज की तरह वह सुबह सफाई कार्य के लिए निकले थे, तभी कार्य के दौरान अचानक करंट की चपेट में आ गए।

मौके पर मौजूद लोगों ने उपचार के लिए तुरंत उन्हें तंबौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पेड़ की डाल में फंसकर अधेड़ की गयी जान

संवाददाता, मिश्रिख, सीतापुर

अमृत विचार : मिश्रिख इलाके में अधेड़ पेड़ पर चढ़कर जामुन तोड़ते समय हादसे का शिकार हो गया। गंभीर चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद मृतक के घर में कोहराम है।

मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र के जिहुरा निवासी परिजनों के मुताबिक, 50 वर्षीय बिंद्रा जामुन तोड़कर बेचने का कार्य कर अपने परिवार की आजीविका चला रहा था। सुबह भी वह प्रतिदिन की भांति साइकिल से बहुती झाला के पास स्थित रामप्रसाद के बाग में जामुन तोड़ने पहुंचा। बताते हैं कि काफी समय बीत जाने के बाद जब वह नहीं लौटे, तो ग्रामीणों को आशंका हुई। ग्रामीणों ने जब उनकी साइकिल और चप्पल बाग के नीचे पड़ी देखी और ऊपर निगाह डाली तो बिंद्रा का शव पेड़ की डाल में फंसा दिखाई दिया। सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से शव को पेड़ से नीचे उतारा गया। शव देखकर परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिवारजनों के अनुसार, बिंद्रा ही घर के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे।

जलभराव से परेशान लोगों ने जाम की सड़क

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार: शहर के मुंशीगंज से बड़ागांव जाने वाली मार्ग पर जलभराव की समस्या से परेशान लोगों ने सड़क जाम कर दी। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने लोगों को समझाकर मामला शांत कराया।

प्रदर्शनकारियों ने लोहे के पाइप, लकड़ियां और अन्य सामान सड़क पर डालकर बड़ागांव रोड को अवरुद्ध कर दिया। रमेश, अनिल, आलोक, रवि, पूरन आदि का कहना है कि सड़क पर गंदा पानी महीनों से जमा है। दुकानदारों का आरोप है कि जलभराव के कारण व्यापार प्रभावित हो रहा है। नायब तहसीलदार सदर महेंद्र तिवारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाया।

मुख्य मार्ग पर भरे पानी के इर्द-गिर्द जमा लोगों की भीड़। अमृत विचार

मिश्रपुर की सड़क पर जलभराव से राहगीर परेशान, मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत

पहला, सीतापुर, अमृत विचार : विकास खंड पहला की ग्राम पंचायत बराईखेड़ा के मजरा फरीदपुर महीपत सिंह स्थित मिश्रपुर गांव में जल निकासी की समस्या विकराल होती जा रही है। सड़क किनारे बनी अधूरी भूमिगत नाली का पानी सड़क पर बहने लगा है, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वित्त वर्ष 2017-18 में तत्कालीन प्रधान अजय कुमार मिश्र द्वारा जलभराव से बचाव के लिए भूमिगत नाली का निर्माण कराया गया था। सहमति न मिलने के कारण नाली को तालाब तक नहीं जोड़ा जा सका। नाली का पानी सड़क पर बह रहा है। निर्मल कुमार, राजेश कुमार, संतोष मिश्रा, दामोदर, प्रमोद, अश्विनी, राजाराम आदि ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। प्रधान अजय कुमार मिश्र ने बताया कि अगली कार्ययोजना में प्रस्ताव लाकर नाली निर्माण का कार्य पूरा करवा दिया जाएगा।

14 वाहनों का किया गया ई-चालान

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार: नगर के लहरपुर गेट पर सीओ व कोतवाली प्रभारी की मौजूदगी में ऑपरेशन रुतबा चलाया गया। पुलिस कार्रवाई में 14 वाहनों के ई-चालान किये गए। लोगों को ट्रैफिक नियमों के पालन के लिए जागरूक किया गया।

सीओ नागेंद्र चौबे के नेतृत्व में कोतवाली प्रभारी विजयेन्द्र सिंह व भारी पुलिस बल ने ऑपरेशन रुतबा के तहत जांच अभियान चलाया। कोतवाली प्रभारी विजयेन्द्र सिंह ने बताया कि ऑपरेशन का उद्देश्य ध्वनि प्रदूषण को रोकना, मॉडिफाई साइलेंसर से लैस वाहनों का संचालन रोकना व बाइक चालकों को हेलमेट पहनकर ही बाइक चलाने के लिए जागरूक करना है।

हत्या का खुलासा, आरोपी व बाल अपचारी गिरफ्तार

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार: सकरन में लटके मिले बालक के शव की मौत का राज फाश हो गया। दरअसल बालक ने आत्महत्या नहीं बल्कि उसकी हत्या की गयी थी। पुलिस ने एक आरोपी और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया।

बीते दिन सकरन में भोला (10) का शव उसके घर के छप्पर में फंदे से लटका मिला था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच-पड़ताल शुरू की। आरोपी मोनू मिश्रा ने पूछताछ में बताया कि उसका पुत्र भोला को 24 जून की सुबह खेत पर काम कराने ले गया था। जब भोला ने काम करने से मना किया और अकड़कर भाग गया, तो गुस्से में आकर मोनू के बेटे ने भोला को उसके दरवाजे पर पटककर गला दबा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मोनू ने बताया कि उसने अपने पुत्र को बचाने के लिए घटनास्थल पर एक दुपट्टे से भोला का गला बांधकर शव को छप्पर के बड़ेर में लटकाकर आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की थी। पुलिस द्वारा आरोपी मोनू और अपचारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की गई है।

मैरिज लॉन के स्टोर रूम में लगी आग

सीतापुर, अमृत विचार: सिधौली कोतवाली क्षेत्र स्थित गीता भवन मैरिज लॉन के स्टोर रूम में शुक्रवार दोपहर अचानक आग लग गई। स्टोर रूम में लगी आग ने देखते-देखते विकराल रूप धारण कर लिया। फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने आग बुझायी।

मैरिज लॉन के मालिक चिंटू कनोडिया के मुताबिक, उसने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आकर मैरिज लॉन के स्टोर रूम में रखे रजाई-गद्दे और अन्य सामान जलकर राख हो गए। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

विवाद सुलझाने गयी पुलिस टीम से अभद्रता

संवाददाता, तालगांव, सीतापुर

अमृत विचार : इलाके के परसापुर मजरा धोधी गांव में निर्माण कार्य को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। विवाद की शिकायत पर पहुंची डायल 112 टीम के साथ दबंगई हुई, अभद्रता किये जाने का आरोप भी है।

तालगांव कोतवाली क्षेत्र के धोंधी गांव में प्रह्लाद का मकान बन रहा था। बताते हैं कि इस बात का विरोध पिछले कुछ समय से पड़ोस में रहने वाले शत्रोहन कर रहे थे। निर्माण कार्य के दौरान अचानक विवाद बढ़ गया। इस बात की सूचना गांव वासी कढ़िले ने डायल 112 पर की। बताते हैं कि जब पुलिस टीम गांव पहुंची तो एक पक्ष अभद्रता करने लगा, आरोप हाथापाई और डंडे चटकाने का भी है।

सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी लहरपुर नागेन्द्र कुमार, कोतवाली प्रभारी दीपक राय और आसपास थानों का पुलिस बल गांव पहुंचा। पुलिस ने आरक्षी की शिकायत पर केस दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। क्षेत्राधिकारी लहरपुर ने आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज हो गया है। गांव में पुलिस बल मौजूद है।

लोन के लिए मैनेजर पर रिश्वत मांगने का आरोप

सदरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत लोन पास कराने के लिए एक बैंक मैनेजर पर युवती ने 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। उसका आरोप है कि रकम न देने पर बैंक मैनेजर ने फाइल निरस्त कर दी और योजना का लाभ देने से मना कर दिया। पीड़िता ने मामले की शिकायत आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज कराई है।

महमूदाबाद तहसील क्षेत्र के रसूलाबाद निवासिनी पूजा देवी पत्नी मंजेश ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत एक बैंक शाखा से तीन लाख रुपये ऋण के लिए आवेदन किया था। डीआईसी कार्यालय से फाइल पास कराकर पूजा ने दो जून को दस्तावेज शाखा में जमा कर दिए।

युवती का आरोप है कि शाखा प्रबंधक ने फाइल लगवाने के नाम पर 10 हजार रुपये सुविधा शुल्क के रूप लिये और एक सप्ताह में ऋण पास होने का आश्वासन दिया। दो दिन बाद बैंक कर्मियों ने दुकान का सर्वे किया और चालू खाता भी खोल दिया गया। इसके बाद शाखा प्रबंधक ने 20 हजार रुपये और मांगे। पूजा ने रकम देने में असमर्थता जताई। प्रबंधक ने कहा कि उनकी फाइल निरस्त हो गई है। पूजा ने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाते हुए आईजीआरएस पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है।

ईडी की कार्रवाई | पीसीएस अधिकारी के भतीजे सहित परिवार के अन्य लोगों से हुई पूछताछ

16 घंटे तक खंगाले गए घोटाले के कनेक्शन

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार: ईडी की दो टीमों ने सीतापुर में 16 घंटे बिताकर वो साक्ष्य इकट्ठा किये, जो 300 करोड़ के घोटाले से जुड़े हुए थे। हालांकि, इसकी पुष्टि किसी भी अधिकारी ने नहीं की, लेकिन दबी जमीन से कहा जा रहा है कि उत्तराखण्ड में तैनात पीसीएस अधिकारी का अधिकतर पैसा सीतापुर और आसपास स्थापित कई कारोबार से जुड़ा हुआ है।

बता दें कि वर्ष 2017 में उत्तराखण्ड में जमीन के मुआवजे को लेकर 300 करोड़ का घोटाला हुआ।

ईडी की कार्रवाइ के दौरान गांव में पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

इस मामले में पीसीएस अधिकारी और सीतापुर निवासी दिनेश प्रताप सिंह के विरुद्ध सहित कई अन्य पर केस दर्ज हुआ। प्रकरण की जांच ईडी कर रही है।

इसी को लेकर उत्तराखण्ड से ईडी की दो टीमों ने सीतापुर के बद्दापुर निवासी पीसीएस अधिकारी के पैतृक गांव में छापामारी की। भाई नरेंद्र प्रताप सिंह और करीबी रिश्तेदार व भुड़िया गांव वासी राजेश सिंह से पूछताछ की गई। जांच की जद में परिवार के लोग और करीबी रिश्तेदार भी आए, बताते हैं कि पड़ताल के दौरान एक टीम हरियावां चीनी मिल भी गई, जहां उसने ट्रांसपोर्टर और पीसीएस अधिकारी के भाई नरेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा लगाए गए ट्रक और अन्य संसाधनों का ब्योरा इकट्ठा किया। करीबी रिश्तेदार और व्यवसाय से जुड़े राजेश सिंह के परिवार के पेट्रोल पंप सहित अन्य साक्ष्यों को भी खंगाला गया।

जानकारों की मानें तो साक्ष्य संकलन का क्रम करीब 16 घंटे तक चला। इसी के बाद सीआरपीएफ की टीम के साथ ईडी की दोनों टीम रवाना हो गईं।

सार-संक्षेप

अपर जिला जज ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

पाकशाला का निरीक्षण करते अपर जिला जज। अमृत विचार

सीतापुर, अमृत विचार : अपर जिला जज द्वारा जिला कारागार का साप्ताहिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बंदियों से संवाद भी स्थापित किया। अपर जिला जज एन के त्रिपाठी ने कारागार का निरीक्षण किया। अपर जिला जज ने पाकशाला, महिला बैरक, किशोर बैरक, लीगल एड क्लिनिक और जेल अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। अपर जिला जज ने बंदियों से बातचीत की, उनकी समस्याएं जानने का प्रयास किया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह, जेलर अरविन्द्र श्रीवास्तव, समस्त जेल स्टाफ, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल बृजेन्द्र कुमार अवस्थी, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल अंकुर वर्मा एवं रितिकेश श्रीवास्तव (लिपिक) भी मौजूद रहे।

डीएम ने किया ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण

वेयर हाउस का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अभिषेक आनंद। अमृत विचार

सीतापुर, अमृत विचार : जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एवं वीवीपैट भंडारण कक्ष का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी और वेयरहाउस की अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। जिलाधिकारी ने ईवीएम कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरों की लाइव फुटेज टीवी स्क्रीन पर देखी और निगरानी प्रणाली की कार्यप्रणाली की जांच की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि भंडारण कक्ष की समस्त व्यवस्थाएं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही सुनिश्चित की जाएं। साथ ही सुरक्षा मानकों का भी पूर्ण रूप से पालन किया जाए। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, निर्वाचन विभाग के अधिकारी और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

अनुसूचित जाति छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया 1 जुलाई से

सीतापुर, अमृत विचार : जिला समाज कल्याण अधिकारी मोतीलाल ने जानकारी दी कि जिले में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों में शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

प्रवेश इच्छुक छात्र/छात्राएं संबंधित छात्रावासों से 01 जुलाई से 08 अगस्त तक आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। 15 जुलाई से 20 अगस्त के बीच आवेदन पत्र संबंधित छात्रावासों में जमा किए जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी संबंधित छात्रावास कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में संपर्क कर सकते हैं या मोबाइल नंबर 9450632040, 8400174825, 9140113800 पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

पुरस्कार के लिए 15 जुलाई तक आवेदन करें माटीकला कारीगर

सीतापुर, अमृत विचार : जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने जानकारी दी है कि माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला समन्वित विकास कार्यक्रम के अंतर्गत मंडल स्तरीय माटीकला पुरस्कार योजना के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जनपद के माटीकला से जुड़े निपुण कारीगर 15 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन पोर्टल upmatikalaboard.in/Home/AwardScheme पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। चयन माटीकला/फाइन आर्ट्स के विशेषज्ञों की त्रि-सदस्यीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा।

दांतों की सफाई को लेकर लोग लापरवाह

वरिष्ठ दंत शल्यक डॉ. एके शर्मा।

सीतापुर, अमृत विचार : जिले भर में दांतों की स्वच्छता को लेकर लोगों की लापरवाही सामने आई है। जिला अस्पताल के आंकड़ों के मुताबिक, यहां हर दिन 150 से 200 मरीज दंत समस्याओं को लेकर पहुंच रहे हैं, जिनमें से 60 प्रतिशत पायरिया से पीड़ित हैं। 1 फीसदी मरीजों में दंत कैंसर के लक्षण भी पाए जा रहे हैं। वरिष्ठ दंत शल्यक डॉ. एके शर्मा ने मरीजों को नियमित दंत स्वच्छता बनाए रखने की सलाह दी जाती है। वहीं डॉ. स्वाति सिंह ने कहा कि दांतों की समस्या को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है, समय रहते इलाज बेहद जरूरी है।

बरसात में बढ़ते आई फ्लू से बचाव जरूरी

सीतापुर, अमृत विचार : बरसात में आंखों की बीमारियां बढ़ जाती हैं, खासतौर पर आई फ्लू जैसे संक्रमण। इसी को लेकर सीतापुर आंख अस्पताल में प्रशिक्षण पर आए शिक्षकों को डॉ. अस्मिता रस्तोगी ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आंखों की सफाई, व्यक्तिगत वस्तुओं का साझा न करना और समय पर जांच से संक्रमण से बचा जा सकता है। डॉ. दीपक कनाडे ने टेली-मेडिसिन सेवाओं और मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले दृष्टि नुकसान पर भी चर्चा की। शिक्षकों ने कठपुतली नाटिका के माध्यम से आंखों की देखभाल का संदेश दिया।

ब्राह्मण समाज पर अभद्र रील पोस्ट करने पर आक्रोश

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज अभद्र रील पोस्ट किए जाने के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। घटना को लेकर भारतीय हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष अमन मिश्रा के नेतृत्व में गुरुवार रात्रि को बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। बताते हैं कि धौरहरा निवासी कमल किशोर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक ऐसी रील पोस्ट की, जिसमें ब्राह्मण समाज के विरुद्ध अभद्र टिप्पणियां की गई थीं। अरुण कुमार, अभय मिश्रा, अंकित दीक्षित, रामजी शुक्ला, हरेराम, सुधाकर दीक्षित, तेज शंकर, दया शंकर, सत्यनारायण सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग कोतवाली पहुंचे। कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र ने बताया कि आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया गया है और उसके खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

अखिलेश जन्मदिन पदयात्रा का लहरपुर में स्वागत

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन 1 जुलाई के उपलक्ष्य में निकाली जा रही जन्मदिन पदयात्रा शुक्रवार को लहरपुर पहुंची, जहां स्थानीय तहसील मार्ग स्थित सपा कार्यालय पर पदयात्रियों का युवा सपा नेता अतुल वर्मा के नेतृत्व में स्वागत किया गया। यह पदयात्रा खीरी के लुधौनी धौरहरा से गुरुवार को शुरू हुई थी और देर शाम लहरपुर सपा कार्यालय पहुंची। यहां सपा विधायक अनिल वर्मा ने स्वयं पदयात्रियों का स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया। रात्रि विश्राम के बाद शुक्रवार सुबह यात्रा बिसवां के लिए रवाना हुई। इस अवसर पर जिला सचिव बड़कन्नू खां, जिला उपाध्यक्ष विजय वर्मा, भागीरथ मौर्य, शिवपाल यादव, सुफियान व बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सहायक आयुक्त ने किया सहकारी समिति का निरीक्षण

सीतापुर, अमृत विचार : जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के निर्देशों के क्रम में सहायक आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता नवीन चंद्र शुक्ला ने खैराबाद विकास खण्ड के अंतर्गत आने वाली साधन सहकारी समिति टेढ़वा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उर्वरकों की उपलब्धता का जायजा लिया और किसानों को मौके पर ही उर्वरकों का वितरण भी कराया। उन्होंने जानकारी दी कि वर्तमान में सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हैं और किसानों को किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि किसानों के लिए पारंपरिक उर्वरकों के साथ-साथ नैनो यूरिया और नैनो डीएपी भी समितियों पर उपलब्ध है, जिसका उपयोग लागत में बचत और उत्पादन में वृद्धि के लिए अत्यंत उपयोगी है। निरीक्षण के दौरान किसानों से संवाद स्थापित किया गया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

बाजारों में सड़कों से अतिक्रमण तत्काल हटाएं

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

संवाददाता, अमेठी

बैठक करते डीएम एवं अन्य संबंधित अधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कस्बों और बाजारों में सड़कोंपर हुए अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यातायात नियमों के पालन और आमजन में जागरूकता बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाने को कहा। बैठक की शुरुआत में जिलाधिकारी ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जनपद में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर यदि अब तक साइनेज बोर्ड और रंबल स्ट्रिप नहीं लगाए गए हैं, तो उन्हें शीघ्रता से स्थापित किया जाए। साथ ही, सड़क निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि वे स्कूलों के पास अनिवार्य रूप से साइन बोर्ड और रंबल स्ट्रिप बनवाएं तथा सड़कों पर गति सीमा के संकेतक लगवाएं। जिलाधिकारी चौहान ने निर्देशित किया कि यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्ती से चालान किया जाए और कस्बों व बाजारों में सड़कों पर हुए अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए। उन्होंने जनपद में संचालित जेसीबी और हाइड्रा मशीनों की भी जांच कराने के निर्देश दिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके चालकों के पास वैध हैवी ड्राइविंग लाइसेंस हो। स्कूलों को लेकर विशेष निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूलों में भी यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जाए। साथ ही, विद्यार्थियों को लाने-ले जाने वाली वाहनों की फिटनेस की अनिवार्य जांच कराई जाए और यदि कोई वाहन अनफिट पाया जाए तो उसका तत्काल चालान कर वाहन सीज करने की कार्यवाही की जाए।

डीएम ने सुनीं सैनिकों की समस्याएं, दिया भरोसा

अमेठी अमृत विचार। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में जनपद के सेवारत एवं भूतपूर्व सैनिकों तथा उनके आश्रितों की समस्याओं के निस्तारण हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य सैनिकों एवं उनके परिजनों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुनना और उनका गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित कराना था। विंग कमांडर अखिलेश पांडे ने भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण हेतु जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। इस दौरान उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों ने कैंटीन सुविधा, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, शस्त्र लाइसेंस जारी करने एवं नवीनीकरण जैसी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए उचित समाधान का आश्वासन दिया और संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों को जिले के विकास में साझेदारी निभाने एवं अपने अनुभवों से समाज को लाभान्वित करने का आह्वान किया।

ईलाज के लिए सीएचसी पंहुचे कोटेदार की मौत

अमेठी। पीपरपुर थाना क्षेत्र के गांव खानापुर के कोटेदार रवीश मिश्रा (35) पुत्र कौस्तुभमणि मिश्र गुरूवार की देर शाम स्वयं एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भादर पंहुचे। रात लगभग 8 बजे उनकी मौत हो गयी। ग्रामीणों की माने तो रवीश को नशे की लत थी। चर्चा है गुरूवार को अधिक मात्रा में नशीला पदार्थ लेने से उसकी हालत बिगड़ने लगी। उसने स्वयं एंबुलेंस बुलाई और अकेले ही सीएचसी भादर पंहुचा। उसकी मौत की सूचना सीएचसी अधीक्षक डा. एके मिश्रा ने पीपरपुर पुलिस को दी। पीपरपुर प्रभारी निरीक्षक रामराज कुशवाहा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कोटेदार पीपरपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर भी था। पीएम रिपोर्ट मिलने पर मौत के कारण का पता लगेगा।

न पोल, न तार और न लगा मीटर, भेज दिया गया बिल

संवाददाता, कमरौली अमेठी

अमृत विचार। जिले की तहसील मुसाफिरखाना के पलिया पश्चिम गांव में बिजली विभाग की गंभीर लापरवाही सामने आई है। गांव की रानू शुक्ला को बिना बिजली कनेक्शन, बिना मीटर और बिना खंभे के लगातार बिजली बिल भेजा जा रहा है।

हाथों में लिए मीटर पीड़ित रानू शुक्ला।

रानू का कहना है कि उन्होंने कई महीने पहले बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन किया था, सभी औपचारिकताएं पूरी की थीं। आरोप है कि उन्हें आज तक न तो खंभा मिला, न तार खींचे गए और न ही कोई मीटर लगाया गया, फिर भी हर महीने बिजली विभाग की तरफ से बिल और भुगतान की चेतावनी भेजी जा रही है। रानू ने इस संबंध में महोना पावर हाउस में कई बार शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। रानू का कहना है कि विभागीय अधिकारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर पल्ला झाड़ रहे हैं। मामले में जब पत्रकारों ने विभागीय अधिकारियों से बात करने की कोशिश की तो किसी ने भी स्पष्ट जवाब देने से इनकार कर दिया। एसडीओ राजेश चौहान का कहना है कि विभाग ने कई बार कनेक्शन जोड़ने का प्रयास किया लेकिन परिवार की तरफ से कोई सहयोग नही किया गया। बिल के संबंध में उनका कहना था कि मीटर लगते ही पिछले बिल स्वतः निरस्त हो जाएंगे।

करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

तिलोई अमेठी, अमृत विचार। तहसील तिलोई क्षेत्र के ग्राम अहुरी में गुरुवार की रात करीब 9 बजे रामसहाय मौर्य पुत्र छोटे लाल मौर्य की करंट लगने से मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वह टुल्लू मोटर से पानी निकाल रहे थे। परिजनों के अनुसार, राम सहाय अपने घर में बन रहे शौचालय के गड्ढे से पानी निकालने के लिए मोटर चला रहे थे, तभी करंट की चपेट में आ गए। करंट लगते ही वह मौके पर झुलस गए और बेसुध हो गए। आनन-फानन में परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलोई ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक मोहनगंज राकेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है रिपोर्ट आने के पश्चात विधिक कार्यवाही की जाएगी।

छोटे लाल मौर्य की फाइल फोटो।

चांद दिखते ही ताज़िये बनाने में जुटे कारीगर

राकेश मौर्या, जगदीशपुर अमेठी

ताजिए बनाते कलाकार। अमृत विचार

अमृत विचार। पवित्र इस्लामी माह-ए-मोहर्रम का चांद जैसे ही गुरुवार की शाम को नजर आया, वैसे ही निहालगढ़ कस्बे में ताज़िया निर्माण की तैयारियां तेज़ हो गईं। इस्लामी परंपरा और रूहानियत से सराबोर माहौल में कारीगर ताज़िया बनाने के कार्य में पूरी श्रद्धा और जज़्बे के साथ जुट गए हैं। कस्बे के अलग-अलग मोहल्लों में दर्जनों की संख्या में ताज़ियों का निर्माण किया जा रहा है। सदियों पुरानी इस परंपरा को निभाते हुए कारीगर न केवल अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं, बल्कि हज़रत इमाम हुसैन (अ.स) और शोहदा-ए-कर्बला की याद में अपनी अकीदत भी पेश कर रहे हैं। विशेष रूप से कस्बा निहालगढ़ में ताज़िया निर्माण में लगे मशहूर कारीगर मज़ीद और उनके साथी इस बार ताज़ियों को नए आकर्षक डिज़ाइन और रोशनी से सजाने में लगे हुए हैं। उन्होंने बताया कि 9वीं मुहर्रम की रात को अकीदतमंदों को रूहानी अनुभव देने के लिए खास सजावट की जा रही है। ताज़िया निर्माण में बांस, प्लाई, थर्माकोल, सुनहरी-रजत पन्नी, मखमल, लेस, झालर, फोम, शीशा और काग़ज़ जैसी सामग्रियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। कारीगर बकरीदी और कल्लू का कहना है कि यह कार्य महज़ एक परंपरा नहीं है, बल्कि कर्बला के शहीदों की याद में पेश की जाने वाली एक सच्ची और गहरी अकीदत है मोहर्रम का यह समय निहालगढ़ में सिर्फ ताज़ियों की सुंदरता ही नहीं, बल्कि एकता, सद्भाव और श्रद्धा का प्रतीक भी बन गया है।

बाइक की टंकी में छिपे सांप के डसने से बच्ची की मौत

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के रायपुर फुलवारी में शुक्रवार शाम एक बाइक की टंकी में छिपे सांप ने डेढ़ वर्षीय मासूम बच्ची और एक युवक को डस लिया। इस हादसे में बच्ची की मौत हो गई, जबकि युवक की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज चल रहा है।

मानवी की फाइल फोटो।

घटना उस समय घटी जब राजकुमार सोनी अपनी डेढ़ वर्षीय बेटी मानवी को बाइक पर बिठाकर पास में आयोजित जगन्नाथ यात्रा की तैयारियां दिखाने के लिए ले जा रहे थे। घर वापसी आते समय रास्ते में अचानक मानवी चीखने लगी। जब राजकुमार ने बाइक रोकी, तो देखा कि बाइक की टंकी के नीचे एक जहरीला सांप छिपा हुआ था, जिसने उसके पैर में डंस लिया था। राजकुमार के साथ बैठे उनके मित्र राहुल चौहान ने बच्ची के पैर से सांप को हटाने का प्रयास किया, लेकिन इस दौरान सांप ने उन्हें भी डस लिया। परिजन आनन-फानन में मानवी को अमेठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से उसे रेफर कर दिया गया। इलाज के लिए अन्यत्र ले जाते समय रास्ते में ही मानवी ने दम तोड़ दिया। वहीं, राहुल चौहान को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

बाल वाटिका कक्षा के लिए नियुक्त किए जाएंगे ईसीसीई एजुकेटर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : शहरों की तरह ग्रामीण क्षेत्रों में भी छोटे बच्चों (3 से 6 साल) के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों में बाल वाटिका (प्ले ग्रुप) संचालित होंगे। परिषदीय प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में बालवाटिका कक्षा चलेंगी, जिसमें छह साल तक के बच्चों को पूर्व माध्यमिक शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसके लिए प्रदेश के सभी 8800 परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में 'प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा' (ईसीसीई एजुकेटर) की नियुक्ति होगी। इसके लिए केंद्रांश के रूप में राज्य सरकार द्वारा एक अरब 13 करोड़ 62 लाख 44 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव आनन्द कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि बाल वाटिका कक्षा के लिए ईसीसीई एजुकेटर संविदा पर सेवा प्रदाता के माध्यम से आबद्ध किए जाएंगे। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उप्र. की अध्यक्षता में गठित आठ सदस्यीय समिति निगरानी करेगी। प्रत्येक जिले में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिव होंगे, जबकि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी व वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा बतौर सदस्य होंगे।

23 वन अफसरों के तबादले, डीएफओ पद पर नई नियुक्तियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पर्यावरण संरक्षण, वन प्रबंधन और क्षेत्रीय प्रशासनिक संतुलन को लेकर किया बदलाव
- कुछ अफसरों को सौंपी गई अन्य प्रशासनिक जिम्मेदारियांयह आदेश
- 1 जुलाई से लागू होगा

अमृत विचार : राज्य सरकार ने राज्य वन सेवा के 23 अफसरों के तबादले कर दिए हैं। गुरुवार देर शाम जारी शासनादेश के अनुसार इन तबादलों में कई जिलों में डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर (डीएफओ) के पदों पर नई नियुक्तियां की गई हैं, जबकि कुछ अफसरों को अन्य प्रशासनिक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

वन विभाग के सूत्रों के अनुसार, यह निर्णय पर्यावरण संरक्षण, वन प्रबंधन, और क्षेत्रीय प्रशासनिक संतुलन की नजर से लिया गया है। कुछ तबादले तत्काल प्रभाव से लागू होंगे, जबकि अन्य 1 जुलाई और 1 अगस्त से प्रभावी होंगे।

तबादलों के इस क्रम में संजय कुमार मल्ल को मैनपुरी का प्रभारी डीएफओ नियुक्त किया गया है। चंद्र प्रताप सिंह को औरैया का प्रभारी डीएफओ बनाया गया है। यह आदेश 1 जुलाई से प्रभावी होगा। राजीव कुमार को फर्रुखाबाद का डीएफओ नियुक्त किया गया है। विनीता सिंह को अमरोहा का डीएफओ बनाया गया है। उनका कार्यभार 1 अगस्त से प्रभावी होगा।

वहीं, संजीव कुमार को कासगंज में डीएफओ का पद सौंपा गया है। अमरकांत शुक्ला को प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष कार्यालय में तैनाती मिली है। तौफीक अहमद को उत्तर प्रदेश वन निगम में स्थानांतरित किया गया है। आशुतोष पांडेय को वानिकी प्रशिक्षण संस्थान, कानपुर भेजा गया है। प्रदीप कुमार वर्मा को बदायूं में डीएफओ के रूप में नियुक्त किया गया है।

अमित सिंह को सुल्तानपुर भेजा गया है। उमेश तिवारी को अंबेडकरनगर का डीएफओ नियुक्त किया गया है। दिलीप कुमार तिवारी को ओबरा में डीएफओ का कार्यभार दिया गया है। मानेंद्र सिंह को फिरोजाबाद का प्रभारी डीएफओ बनाया गया है। हरिकेश नारायण यादव को संतकबीरनगर भेजा गया है। राकेश कुमार को मिर्जापुर का डीएफओ बनाया गया है। यह आदेश 1 जुलाई से लागू होगा।

इसी क्रम में प्रोमिला को जौनपुर में डीएफओ का पद सौंपा गया है। प्रीति यादव को संभल का प्रभारी डीएफओ बनाया गया है। अर्शी मलिक को हापुड़ भेजा गया है। शिरीन को बस्ती का डीएफओ नियुक्त किया गया है। हरेंद्र सिंह को बुलंदशहर में डीएफओ पद पर तैनात किया गया है। यह आदेश 1 अगस्त से प्रभावी होगा। राकेश चंद्र यादव को हाथरस भेजा गया है। कमल कुमार को रेनुकूट तो वहीं विनोद कुमार को शाहजहांपुर का डीएफओ बनाया गया है।

वनकर्मियों की मिलीभगत से आम के हरे पेड़ काट ले गए वन माफिया

संवाददाता, तिलोई अमेठी

अमृत विचार। शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के सिघवापुर गांव में वनकर्मियों की सांठगांठ से वन माफियाओं ने आम के हरे भरे पेड़ों को कटवा दिया। आरोप है कि पुलिस और वन विभाग की मिलीभगत से वन माफिया पेड़ों के अवैध कटान मे लगे हुए हैं। वन विभाग के डिप्टी रेंजर सचिन गौतम, वन क्षेत्राधिकारी जहीर मिर्जा का कहना है कि मामला सामने आने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। टिकरी और इन्हौना क्षेत्र में हजारों पेड़ों का सफाया हो चुका है लेकिन वन विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। क्षेत्र के ग्राम पंचायत भानीपुर, महेशपुर ,कुकहारामपुर, इन्हौना, बेनीपुर, गोपालपुर ,टढेई गांव के निकट तिवारीपुर मोती पुरवा गांव में नहर किनारे रिसालदास पुरवा में दो शीशम के हरे पेड़ बिना परमिट काटे गए।शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस प्रकरण में वन दरोगा रोहित कुमार तथा डिप्टी रेंजर सचिन गौतम से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन लोगों ने फोन नहीं उठाया।जिले के प्रभागीय वनाधिकारी रणबीर मिश्रा ने कहा कि अवैध कटान के मामले में यदि शिकायत मिली तो जांच के बाद सम्बंधित के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जायेगी।

प्रतिबंधित रसायन की बिक्री पर होगी कड़ी कार्रवाई

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। कीटनाशक की दुकानों पर प्रतिबंधित रसायन की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह जानकारी जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने दी है। उन्होंने बताया कि समस्त पंजीकृत कीटनाशी विक्रेताओं को निर्देशित किया कि कीटनाशक का व्यापार करने के अपने अधिष्ठान के लिये जिस कम्पनी या थोक विक्रेता द्वारा कृषि निवेश कम किया जाता है। उससे सम्बन्धित बिल सम्बन्धित कम्पनी प्रतिनिधि या थोक विक्रेता से अनिवार्य रूप से प्राप्त करके अपने पास सुरक्षित रखा जाय ताकि निरीक्षण के समय बिल मांगे जाने पर दिखाया जा सके।

उन्होंने कहा कि कीटनाशी विक्रेता अपने प्रतिष्ठान के लिए उन्ही कीटनाशी रसायनों की खरीद/बिक्री करेगें जिनका प्राधिकार पत्र (पीसी) उनके कीटनाशी अनुज्ञा पत्र पर अंकित है। कृषि निवेश का विक्रय जिन कृषको को किया जाय उन्हें बिल/कैश मेमो अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाये तथा 'ग्रो सेफ फूड' अभियान के अन्तर्गत सम्बन्धित बैनर पोस्टर की फेमिंग कर अपने प्रतिष्ठान के मुख्य द्वार पर अनिवार्य रूप से लगाया जाय। इसके अतिरिक्त कृषि निवेश के साथ अन्य उत्पादो की टैगिंग जबरन कृषकों को न की जाय। इसके साथ ही स्टाक रजिस्टर और विक्रय रजिस्टर एंव कैश मेमो पूर्ण करके अधिष्ठान पर रखना अनिवार्य है। यदि कोई भी विक्रेता प्रतिबन्धित रसायन की बिक्री करता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कीटनाशी अधिनियम 1968 एंव कीटनाशी नियमावली 1971 में दिए गए प्राविधानो के अन्तर्गत कठोरतम कार्यवाही की जायेगी।

ब्लैक बेल्ट अभ्यार्थियों से मांगे गए आवेदन पत्र

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के अन्तर्गत बालिकाओं को विपरीत परिस्थितियों से सामना करने के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया प्रदान किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया है कि रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के अन्तर्गत बालिकाओं को विपरीत परिस्थितियों से सामना करने एवं शारीरिक व मानसिक रूप से सशक्त बनाने के लिए जनपद के चयनित 41 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं को तीन माह तक आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिसके लिए जनपदीय समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के क्रम में मार्शल आर्ट (कुंग फू, जूडो कराटे, ताइक्वांडो आदि) में ब्लैक बेल्ट योग्यताधारी प्रशिक्षकों का तीन माह के लिए चयन किये जाने हेतु आवेदन पत्र मांगे गए हैं। आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि 12 जुलाई 2025 निर्धारित है।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने नियम व शर्तें के बारे में बताया है कि आवेदन के इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र सीधे कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक या कार्यालय जिला क्रीडा अधिकारी के डाक पटल पर जमा करा सकते हैं। इसके अलावां पंजीकृत डाक के माध्यम से निर्धारित पते (कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, रेलवे स्टेशन रोड, निकट मंशा देवी मंदिर, रायबरेली, पिन कोड-229001) पर प्रेषित कर सकते हैं। डीआईओएस ने बताया कि प्रत्येक राजकीय माध्यमिक विद्यालय में प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के उपरान्त सम्बन्धित प्रधानाचार्य द्वारा प्रतिमाह पांच हजार रुपये की दर से प्रशिक्षक को प्रति विद्यालय भुगतान किया जायेगा। प्रशिक्षण की अवधि प्रति विद्यालय प्रतिदिन न्यूनतम 40 मिनट की होगी। प्रशिक्षकों के चयन में महिला प्रशिक्षकों को वरीयता दी जाएगी। पर्याप्त संख्या में महिला प्रशिक्षक उपलब्ध न होने पर पुरुष प्रशिक्षकों का चयन किया जाएगा। आवेदन करने वाले प्रशिक्षकों को ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में प्रशिक्षण प्रदान करने की सहमति आवेदन में देनी होगी। सहमति न देने वाले आवेदकों का चयन नहीं किया जाएगा। प्रशिक्षण की अवधि तीन माह की होगी। प्रशिक्षकों का चयन नितान्त अस्थायी होगा। प्रशिक्षकों के चयन के लिए 18 से 40 आयु वर्ग के अभ्यर्थी द्वारा आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए प्रस्तावित 41 विद्यालयों की सूची में से आवेदक द्वारा पांच विद्यालयों का विकल्प दिया जाना अनिवार्य होगा।

सार-संक्षेप

शैलेन्द्र अध्यक्ष, विन्द्रा मंत्री, गुलाम कोषाध्यक्ष बने

शपथ लेते शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

अमेठी,अमृत विचार। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की बहादुरपुर इकाई का त्रिवार्षिक अधिवेशन और चुनाव शुक्रवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय बहादुरपुर में हुआ। अध्यक्षता संघ के पूर्व मंडलीय पदाधिकारी शायर अली हुसैन ने की। सभी पदों पर एकल नामांकन होने से पूरी ब्लाक कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित घोषित की गई। इसमें शैलेन्द्र आनंद को अध्यक्ष, विन्द्रा प्रसाद को मंत्री और गुलाम हुसैन को कोषाध्यक्ष चुना गया है। पर्यवेक्षक के रूप में जयराम कनौजिया और आदित्य नारायण शुक्ला ने नामांकन और चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराया। जिला महामंत्री रमाकांत मौर्य ने नव निर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। अधिवेशन के दौरान खुले सत्र और शिक्षा उन्नयन गोष्ठी में परिषदीय विद्यालयों को लेकर योगी सरकार की ताज़ा कार्रवाइयों पर विस्तार से चर्चा हुई। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष गुरु चरण गौतम, जिला व्यायाम शिक्षक संदीप सिंह, मो तहसीन, प्रवीन कुमार सिंह, बृजराज शुक्ल, राजेश मिश्रा, देवेंद्र शर्मा, चांदनी, सुरक्षा आनंद,राम शिरोमणि, रोशन जहां, नवीन कुमार आदि मौजूद रहे।

41 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय रोका गया

शुकुल बाजार अमेठी ,अमृत विचार। शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल आंगनवाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत लाभार्थियों को अनुपूरक पोषाहार वितरण की प्रक्रिया में लापरवाही सामने आई है। विभागीय निर्देशों के बावजूद कई आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने लाभार्थियों का ई-केवाईसी और फेस कैप्चर अब तक पूरा नहीं किया गया है। इस संबंध में विभाग द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि गर्भवती महिलाएं, धात्री माताएं और 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों को पोषाहार का वितरण केवल ई-केवाईसी और फेस कैप्चर के पश्चात ही किया जाएगा। इसके लिए अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा लगातार मीटिंग, मैसेज और फोन कॉल्स के माध्यम से सूचना दी जा रही थी। बावजूद इसके, 26 जून 2025 तक अधिकांश कार्यकर्ताओं द्वारा कार्य में रुचि न दिखाते हुए हठधर्मिता बरती गई, जिससे अब तक 10 से भी कम लाभार्थियों का सत्यापन किया गया है। इसे गंभीरता से लेते हुए विभाग ने उनका जून माह का मानदेय रोक दिया है तथा सभी संबंधित कार्यकर्ताओं को 3 कार्य दिवस के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश जारी किया है। चेतावनी दी गई है कि यदि समय सीमा में उत्तर नहीं प्राप्त हुआ या स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया, तो मानदेय आधारित सेवा समाप्त करने की संस्तुति उच्चाधिकारियों को भेज दी जाएगी। शुकुल बाजार सीडीपीओ धर्मेंद्र कुमार गौतम ने बताया को मवैया सेक्टर से 5 महोना सेक्टर 4 किशनी सेक्टर 12 , सत्थिंन 12 दक्खिनगांव 8 ऐसे में 41 कार्यकत्री का जून माह का वेतन रोका गया है एवं तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा गया है

विद्यालय मर्जर के विरोध में शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

रायबरेली, अमृत विचार। परिषदीय विद्यालयों के मर्जर को लेकर शिक्षकों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा गया। इसमें शिक्षकों ने इस फैसले को बदलने की मांग की है। जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव ने कहा कि वर्तमान समय में परिषदीय विद्यालयों में कम छात्र संख्या को आधार बनाकर पेयरिंग / मर्जर किए जाने की कार्यवाही गतिमान कर दी गई है, जो कि शिक्षा अधिकार अधिनियम-2009 एवं बाल अधिकार के सर्वथा विपरीत एवं विधि विरुद्ध है। शिक्षा अधिकार अधिनियम-2009 में प्राविधानित है कि प्रत्येक बच्चे के घर के एक किलोमीटर की परिधि व 300 की आबादी पर प्राथमिक विद्यालय और 3 किलोमीटर की परिधि व 800 की आबादी पर उच्च प्राथमिक विद्यालय स्थापित किया जाएगा। इसी अधिनियम के अनुरूप पूरे प्रदेश में परिषदीय विद्यालयों की स्थापना की गई है। कुछ कारणों से छात्र संख्या कम हुई जिसका मुख्य कारण परिषदीय विद्यालयों के निकट ही निजी विद्यालयों को नियम/मानक विरुद्ध मान्यता देना, गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों का निर्बाध गति से चलते रहना व विभिन्न शिक्षक भर्तियों के दौरान विद्यालयों में शिक्षकों का असमान वितरण करना, शिक्षक विहीन विद्यालयों में पिछले कई वर्षों से स्थाई शिक्षकों की नियुक्ति न हो पाना, शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य कराना आदि प्रमुख है। शिक्षकों ने कहा कि कतिपय विद्यालयों की यह छात्र संख्या एक दिन में नहीं घटी है। इन्हीं सब कारणों से धीरे-धीरे करके कुछ जगहों पर छात्र संख्या में कमी आई है जिसके लिए शिक्षक दोषी नहीं है। शिक्षक अपने स्तर से गांव में जाकर अभिभावकों और बच्चों से संपर्क करके उन्हें विद्यालयों तक लाते हैं। पेयरिंग/मर्जर के कारण जब यह विद्यालय बच्चों के घर से दूर हो जाएंगे। इसका खामियाजा बच्चों को भुगतना पड़ेगा।

अधिकतम चार घंटे में होगा पोस्टमार्टम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ,अमृत विचार : पोस्टमार्टम के लिए पीड़ित परिवारों को अब अधिक इंतजार नहीं करना होगा। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दु :ख की घड़ी में परिवारीजनों की पीड़ा कम करने के लिए पोस्टमार्टम को अधिकतम चार घंटे में करने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने पोस्टमार्टम की नई गाइड लाइन जारी कर दी है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि जिन जिलों में अधिक संख्या में पोस्टमार्टम हो रहे हैं। वहां मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) दो या इससे अधिक डॉक्टरों की टीमें बनाकर इस संवेदनशील कार्य को संपन्न कराएं, ताकि परिवारीजनों को शव के लिए अधिक इंतजार न करना पड़े। सूर्यास्त के बाद नियमानुसार पोस्टमार्टम कराया जाए। जल्द से जल्द शव के साथ संबंधित अभिलेख भी पोस्टमार्टम हाउस भेजे जाएं। रात में पोस्टमार्टम की दशा में 1000 वॉट लाइट की कृत्रिम व्यवस्था की जाए। दूसरे जरूरी संसाधन भी पर्याप्त हों, ताकि 24 घंटे पोस्टमार्टम की कार्रवाई चलती रहे। उन्होंने बताया कि हत्या, आत्महत्या, यौन अपराध, क्षत-विक्षत शव व संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु संबंधी प्रकरणों में रात में पोस्टमार्टम न कराएं जाएं। हालांकि अपरिहार्य कारणों में जिला मजिस्ट्रेट व उनके अधिकृत अधिकारी की अनुमति पर रात में भी पोस्टमार्टम कराया जा सकता है।

मां को लेकर उपजा विवाद, भाई-बहन को पीटा

महराजगंज, रायबरेली। कलयुगी बच्चों में मां को रखने के लिए विवाद हो गया। मां को शहर से लेने आए एक भाई को दूसरे भाई व उसके रिश्तेदारों द्वारा मारपीट कर घायल करने का मामला सामने आया है। भुक्तभोगी की सूचना पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। घटना महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के हलोर गांव की है। गांव निवासी रामकरन पुत्र जगपाल रोज़ी रोटी कमाने के चक्कर में चंडीगढ़ रहता है। उसकी बुजुर्ग मां जो उसके भाई जयकरन के साथ रहती है। बुजुर्ग मां के साथ उसके भाई जयकरन द्वारा मारपीट की सूचना पर रामकरन व हरचंदपुर थाना क्षेत्र के सरावां गांव में ब्याही बहन जयश्री के साथ शुक्रवार को अपनी मां को लेने हलोर पहुंचा। आरोप है कि गाड़ी से उतरते ही उसके भाई जयकरन व उसके आधा दर्जन रिश्तेदारों ने रामकरन व उसकी बहन को लाठी डंडों से जमकर पीटा। मामले में भुक्तभोगी भाई बहन ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि भुक्तभोगियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन कर रही है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गंगाधर पुत्र शिवचरन ग्राम पूरे बसोनी मजरे ओदराहार थाना सरेनी तहसील लालगंज, जिला रायबरेली का रहने वाला हूं। मैं अपने पुत्र बच्चूलाल व पुत्रवधू अंजली देवी के चाल चलन से परेशान होकर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके किए जाने वाले किसी कृत्य का मैं और मेरे परिवार का कोई सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा। अपने कृत्यों के उक्त दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

न्यायालय श्रीमान् उपजिलाधिकारी महोदय लालगंज रायबरेली

अनिल मिश्र आदि – वादी/प्रार्थी

बनाम

अश्वनी मिश्रा आदि – प्रतिवादी/विपक्षी

बनाम श्री अश्वनी मिश्रा पुत्र सुंदर लाल नि0 ग्रा0 गहिरी पर0 खीरों तहसील लालगंज जिला रायबरेली

1- अश्वनी मिश्रा पुत्र सुंदर लाल, 2- सुनील कुमार पुत्र देव नरायण, 3- अमित कुमार पुत्र देव नरायन, 4- भीम शंकर पुत्र देव नरायन, 5- भानु शंकर पुत्र देव नरायण, 6- श्रीकांत पुत्र रामशंकर, 7- विनोद कुमार पुत्र मनोकांत समस्त निवासीगण ग्राम गहिरी पर0 खीरो, तहसील लालगंज, जिला रायबरेली। चूँकि ऊपर नामांकित उपरोक्त ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि वाद अं. धा. 116 उ0प्र0रा0सं0 2006, अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ किसी प्रकार की भी कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते हैं तो आप दिनांक 30 माह 6 सन् 2025 ई0 दिन .... के बजे पूर्वान्ह इस न्यायालय में उपस्थित स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और यदि आप ऐसा करने में असफल रहे तो उक्त आवेदन की सुनवाई एकपक्षीय करके वाद निर्णत कर दिया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 26 माह 06 सन् 2025 ई0 को जारी की गयी।

आज्ञा से न्यायालय

एक नजर

मानसिक विक्षिप्त अधेड़ लापता

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुरे गडरियन मजरे पिंडारी कला निवासी राम प्रकाश (49) मानसिक रूप से विक्षिप्त है। शुक्रवार को उर्मिला पत्नी राम प्रकाश ने कोतवाली में लिखित तहरीर देते हुए बताया कि उनके पति राम प्रकाश 25 जून को दोपहर में गांव के पास स्थित आम के बाग में टहलने गए थे, इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटे। परिवारीजनों द्वारा काफी तलाश के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं लग सका। पत्नी उर्मिला ने बताया कि राम प्रकाश मानसिक रूप से विक्षिप्त हैं, जिससे परिजनों की चिंता और अधिक बढ़ गई है। मामले में पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

वर्षों से खराब पड़ी सड़क, लोगों में आक्रोश

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। महराजगंज से रायबरेली मुख्य सड़क से सेनपुर मजरे बल्ला गांव जाने वाली तीन वर्ष पहले सांसद निधि से बनीं सड़क जर्जर हो गई है। जिससे गांव के लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना कर रहे हैं। यह सड़क आसपास के कई गांवों को जोड़ती है। जर्जर सड़क के कारण ग्रामीणों को साथ साथ लोगों को खासी परेशानी होती है। सैनपुर गांव निवासी महेश ने बताया कि बारिश में तो सड़क की हालत और भी खराब हो जाती है। स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्ग व अन्य लोगों को आने जाने में परेशानी होती है। रमेश यादव ने कहा कि सड़क के टूटने से सभी परेशान हैं। प्रशासन को कई बार शिकायत की, लेकिन अभी तक कोई सुधार नहीं हुआ है। उपजिलाधिकारी सचिन यादव ने बताया कि उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर अवगत कराया जाएगा।

मासिक बैठक आयोजित

रायबरेली, अमृत विचार। ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट की की ओर से शुक्रवार को मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश, जिला व समस्त इकाइयों के पदाधिकारी शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष मो. उमर ने किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने पूर्ण रूप से पदाधिकारियों के सम्मिलित न होने से नाराजगी जाहिर की है। इस मौके पर जीसी सिंह चौहान, राजेश सिंह, अमित मिश्रा, इम्तियाज खान, प्रतिमा चौधरी, मो. नजर, अजमत अली आदि मौजूद रहे।

दुष्कर्म आरोपी को पुलिस ने दबोचा

रायबरेली, अमृत विचार। खीरों पुलिस ने दुष्कर्म आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया गोविंद कुमार निवासी जोगापुर मजरे बरिगांव का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत, एक गंभीर

जायस-सलोन मार्ग पर खोदाऊवा मछली तालाब के पास हुआ हादसा

भोले की फाइल फोटो।

अमित की फाइल फोटो।

संवाददाता, नसीराबाद, रायबरेली

अमृत विचार। जायस-सलोन मार्ग पर खोदाऊवा मछली तालाब के पास शुक्रवार को तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई, वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया। है। दोनों युवकों की मौत की खबर से गांव में कोहराम मच गया। परिजनों के विलाप और चीख से पूरा गांव गमगीन हो गया।

नसीराबाद थाना क्षेत्र के पूरे भिखई मजरे बभनपुर निवासी अमित कुमार (28) पुत्र कृष्णा यादव दिल्ली में ट्रक चलाता था। बृहस्पतिवार को दिल्ली से ट्रक लेकर रायबरेली पहुंचा। रास्ते में ट्रक खराब हो गया था। अमित का मोबाइल स्विच ऑफ होने के कारण उसने किसी दूसरे के नंबर से घर पर सूचना दी कि वह सुंदरगंज चौराहे तक पहुंच गया है। जानकारी मिलते ही रात लगभग नौ बजे छोटा भाई आशीष कुमार (17) अपने गांव के ही मित्र भोले (22) पुत्र राम केतार विश्वकर्मा के साथ मोटर साइकिल से उसे लेने पहुंच गया। भाई अमित को साथ लेकर वह लौट रहा था। जायस-सलोन मार्ग पर खोदाऊवा मछली तालाब के पास अटावां मोड पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे बीच में बैठा आशीष गाड़ी से बाहर गिर गया। अमित कुमार और भोले ट्रक के नीचे आ गए। ट्रक दोनों को कुचलता हुआ आगे चला गया। ट्रक का पहिया चढ़ जाने के कारण मौके पर ही दोनों ने दम तोड़ दिया। घायल पड़े आशीष ने पुलिस को सूचना दी। डीह पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही घायल आशीष को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया। भोले विश्वकर्मा तीन बहनों में सबसे छोटा व इकलौता था। अमित दो भाइयों में सबसे बड़ा था। डीह थानाध्यक्ष जितेंद्र मोहन सरोज ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये गए हैं। सीसीटीवी फुटेज व अन्य तरीके से ट्रक की तलाश की जा रही हैं।

- एक ही बाइक पर सवार होकर लौट रहे थे तीनों लोग
- पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, केस दर्ज

महराजगंज क्षेत्र में दुर्घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण। अमृत विचार

सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत, बाइक सवार घायल

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। शुक्रवार को घटोरवा मजरे सिकंदरपुर गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद (50) पूजा कराने कैडावा गांव की तरफ जा रहे थे। तभी मऊ नहर पुल से कैड़ावा जाने वाले नहर पटरी मार्ग पर सामने से आ रही तेज रफ़्तार बोलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी। इसके साथ ही मऊ बाजार जा रहा बाइक सवार शिवा (17) भी बोलेरो की चपेट में आकर घायल हो गया। कुछ देर बाद कैड़ावा गांव निवासी परवेश ने सड़क पर दो लोगों को बेसुध पड़ा देखा तो घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्राम प्रधान डब्बू सिंह व परिजनों को मौके पर बुलाकर मृतक राजेन्द्र तिवारी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया व घायल शिवा को सीएचसी लाया गया, जहां स उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चंदापुर थाना प्रभारी प्रशांत द्विवेदी ने बताया कि वाहन की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। कार्रवाई की जाएगी।

कर्बला की दास्तां सुनकर डबडबा आईं आंखे

ऊंचाहार, रायबरेली। शुक्रवार से मुहर्रम शुरू हो गया। यह महीना मुस्लिम समुदाय के लिए गम का महीना है। शुक्रवार से जगह जगह मजलिसे शुरू हो गई है। बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अजादारी की है। इस दौरान शिया धर्म गुरुओं ने कर्बला में हजरत ईमान हुसैन इब्न अली और उनके 72 साथियों के साथ हुए जुल्म की दास्तां सुनाई तो लोगों की आंख भर आई। कस्बे में तंजीमे हैदरी के युवाओं ने पूरे नगर में हजरत इमाम हुसैन की याद में झंडे और होर्डिंग लगाई। मौलाना हसनैन मुस्तफाबादी ने कर्बला की घटना बताते हुए पढ़ा कि " पानी की तलब तो तो एक काम किया कर, कर्बला के नाम पर एक जाम पिया कर, दी मुझको हुसैन इब्न अली ने ये नसीहत, दुश्मन हो मुक़ाबिल तो मेरा नाम लिया कर " सुनकर या हुसैन की सदाएं गूंजने लगी। मजलिस को मौलाना अली रेजा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर ओवैस नकवी, तुराब हैदर, अजादार हुसैन, अशरफ हुसैन असद, शाजू नक़वी, अता हुसैन, शानू नकवी, सरवर हुसैन आदि मौजूद रहे।

जिला जज ने डीएम-एसपी के साथ जिला कारागार का किया निरीक्षण

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। जिला जज राजकुमार सिंह, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने शुक्रवार को जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान बैरकों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही कैदियों की समस्याओं को सुना।

जिला जज ने डीएम और एसपी के साथ सभी बैरकों का निरीक्षण करते हुए कारागार के पाकशाला में बन्दियों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, साफ सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था आदि का भी अवलोकन किया। उन्होंने डिप्टी जेलर से कहा कि व्यवस्थाओं को नियमानुसार दुरूस्त रखने के साथ ही बंदी गृह में रह रहे मरीजों के चिकित्सा व्यवस्था का भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी व्यवस्थाओं को जेल मैनुअल के अनुरूप ही सुनिश्चित कराया जाए। इस अवसर पर सीजेएम पवन कुमार सिंह, जेल अधीक्षक प्रभात सिंह, डिप्टी जेलर हिमांशु रौतेला सहित संबंधित कार्मिक उपस्थित रहें।

जिला कारागार में बंदी महिला के बच्चों को किट देती डीएम हर्षिता माथुर, साथ में जिला जज राजकुमार सिंह और एसपी डा. यशवीर सिंह। अमृत विचार

ग्रामीणों के विरोध पर संप्रदाय विशेष के लोगों ने हटाए खंभे

लालगंज, रायबरेली। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से शिकायत के बाद ऐहार में निर्माणाधीन इमामबाड़े के खंभों को संप्रदाय विशेष के लोगों ने हटा लिया है। फिलहाल ऐहार के ग्रामीणों ने संतोष जताया है। आरएसएस के लक्ष्मी शंकर तिवारी, कमलाकांत शुक्ला, धीरेंद्र मिश्रा, चंदन त्रिवेदी, विकास तिवारी, अवनीश पांडे, आयुष पांडे आदि ने बताया कि उनके गांव में पीडब्ल्यूडी की जगह पर अवैध रूप से इमामबाड़े का निर्माण हो रहा था, जिसके लिए एसडीएम सहित जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से शिकायत की गई थी। गांव के लोग अवैध निर्माण को गिराए जाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे थे। गुरुवार को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से शिकायत के बाद मुस्लिम संप्रदाय के लोगों ने स्वयं चबूतरे पर निर्मित चारों खंभो को हटा लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि चबूतरा भी पीडब्ल्यूडी की जमीन पर बना हुआ है, जिससे पटरी पर अवैध कब्जा हो गया है और लोगों को आने-जाने में दिक्कत होती है। लेखपाल की रिपोर्ट में भी पीडब्ल्यूडी की डामर रोड है। उसके बाद पीडब्ल्यूडी की ही पटरी है। सड़क पटरी के बाद अखिलेश पांडे की भूमिधरी जमीन है। बीच में किसी भी प्रकार की कोई जमीन भी नक्शे में अंकित नहीं है। फिर भी चबूतरे का अवैध निर्माण किया गया है।

सार-संक्षेप

एसबीआई की रात्रि चौपाल में किसानों को किया जागरुक

भारतीय स्टेट बैंक शाखा बछरावां द्वारा गूढ़ा में आयोजित रात्रि चौपाल में मौजूद किसान।

शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार। भारतीय स्टेट बैंक शाखा बछरावां द्वारा गूढ़ा में रात्रि चौपाल आयोजित की गई। जिसका शुभारम्भ भारतीय स्टेट बैंक शाखा बछरावां के शाखा प्रबन्धक शैलेंद्र कुमार तथा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं बिहार सह प्रभारी सुशील पासी द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलन से किया। इसमें किसानों को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम, किसान समृद्धि ऋण, कृषि आधारभूत संरचना ऋण, किसान उद्यम ऋण आदि की विस्तृत रूप से जानकारी दी। शाखा प्रबंधक शैलेंद्र कुमार ने हाईटेक एग्रीकल्चर लोन की जानकारी देते हुए बताया कि किसान हाईटेक डेयर, पोल्ट्री पाली हाउस, कोल्ड स्टोरेज, कृषि उद्योग फार्म मशीनरी, ट्रैक्टर कंबाइन, बागवानी, डेयरी चिलिंग प्लांट, बकरी पालन, मछली पालन के लिए लोन ले सकते हैं। चौपाल को रुचिकर बनाने के लिए आल्हा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। रानीखेड़ा के रहने वाले मशहूर आल्हा सम्राट रमेश कुमार ने वीर से ओतप्रोत आल्हा गाकर सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर सीएसपी मिथिलेश सिंह, डॉ. अखिलेश सिंह, रामहेत रावत, पवन वर्मा, नारेंद्र पटेल, डॉ. राजेश वर्मा, जंग बहादुर, रामप्रताप फौजी, अरुण वर्मा, शिवम पटेल, निधि वर्मा आदि मौजूद रहे।

गोरक्षक राज दीक्षित को किया गया सम्मानित

शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार। बेजुबान जीव-जंतुओं की सेवा में पिछले डेढ़ दशक से समर्पित समाजसेवी राज भैया उर्फ़ राज दीक्षित हरियाणा वाले को उनके निस्वार्थ सेवाभाव, अनुकरणीय सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों तथा गौसेवा के लिए श्रद्धा म्यूजिक ग्रुप, रायबरेली द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि पिछले डेढ़ दशक से गरीब, असहाय, वृद्धों, दिव्यांगों एवं जरूरतमंदों की मदद करने के साथ ही बेजुबान जीव जंतुओं की सेवा में हमेशा समर्पित रहते हैं। जानवरों को भोजन के साथ ही नीलगायों और घायल गौवंशों के उपचार, पोषण और संरक्षण में पूरा समय दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बहादुरगढ़ स्थित जाखौदा गौशाला में संस्था "ब्राह्मचारी गौ-संस्था" के माध्यम से वे निरंतर सेवा कार्य कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने गौशाला में घायल एवं बीमार गायों के उपचार तथा देखभाल के लिए तीन लाख 33 हजार 333 की आर्थिक सहायता प्रदान कर सेवा भावना का अनुपम परिचय दिया था। स्थानीय लोगों, सामाजिक संगठनों एवं जीव जन्तु प्रेमियों तथा श्रद्धा म्यूजिकल ग्रुप के डायरेक्टर एवं मशहूर भजन गायक रिंकू जायसवाल की माने तो राज दीक्षित का सेवाभाव अद्वितीय एवं अनुकरणीय है। उनका मानना है कि "बेजुबान जीव-जंतुओं की सेवा ही सच्ची मानवता है।" इसके अलावा राज दीक्षित धार्मिक अनुष्ठानों, सामाजिक कार्यों में हमेशा बढ़ चढ़कर सहयोग प्रदान करने के साथ ही सनातन धर्म को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। इस मौके पर राकेश त्रिवेदी, अमित मिश्रा, अनिल शुक्ला, लवकुश मिश्रा, अनूप मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य, स्वच्छता व पोषण पर प्रशिक्षण में दी जानकारी

जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जगतपुर में शुक्रवार को एक दिवसीय "एकीकृत ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण" प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में क्षेत्र की एएनएम, आशा संगिनी और आशा कार्यकर्ताओं को स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संजीव गुप्ता और सीएचसी अधीक्षक एलपी सोनकर द्वारा प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाना, साफ-सफाई के प्रति जागरूकता फैलाना और कुपोषण की समस्या को जड़ से खत्म करने की दिशा में आशाओं को आवश्यक जानकारी प्रदान करना रहा। अधिकारियों ने आशा कार्यकर्ताओं को बताया कि किस तरह से वह घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता, टीकाकरण, पोषणयुक्त भोजन और मातृ-शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर डॉ. संदीप श्रीवास्तव और डॉ. लईक ने भी प्रशिक्षणार्थियों को आवश्यक जानकारियां दीं। बीसीपीएम रामेश्वर, संदीप सिंह, महेंद्र कश्यप, अनुज और आयुष सहित कई स्वास्थ्यकर्मी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए और बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि इससे गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं में और सुधार आएगा।

धूमधाम से निकाली गई भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

भगवान श्री जगन्नाथ का पूजन अर्चन करते कैलाश वाजपेई व अन्य लोग।

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के अवसर पर सिद्धपीठ श्री भैरव नाथ मंदिर लालगंज में भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र माता सुभद्रा जी का पूजन अर्चन किया गया। इस अवसर पर मंदिर को फूलों से सजाया गया। पूजन का कार्यक्रम पण्डित अवध बिहारी शास्त्री ने कराया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संस्कृति प्रमुख कैलाश वाजपेई ने बताया कि भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा का धार्मिक, सांस्कृतिक, व आध्यात्मिक महत्व है। रथयात्रा में शामिल होने से सौं यज्ञों के बराबर पुण्य प्राप्त होता है। इस अवसर पर आयोजित भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के पश्चात भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। जोकि सराफा मंडी, सब्जी मंडी, गल्ला मंडी, महेश नगर, अटल चौक, बेहटा चौराहा हनुमान मंदिर में कुछ देर विश्राम के बाद पुन: आचार्य नगर, मेन रोड होते हुए भैरवनाथ मन्दिर में रथयात्रा का आगमन हुआ। इस अवसर पर अनूप पांडे, बच्चन लाल तिवारी, ओमी तिवारी, कमल तिवारी, आंसू मिश्रा, व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा, मृत्युंजय बाजपेई, शिवम गुप्ता, चेयरमैन सरिता गुप्ता, दीपेन्द्र गुप्ता, अर्पित गुप्ता, बाल्हेश्वर चौरसिया, अर्पित बाजपेई, कैलाश बाजपेई, चंद्र प्रकाश पांडे, सुरेंद्र गुप्ता, समर्थ गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, कैलाश गुप्ता, लक्ष्मीकांत, बच्चा पांडे, विनोद गुप्ता, राजू, कृष्णा, पवन गुप्ता, अजय पाण्डेय सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

सीएचसी अधीक्षक पर गिरी गाज, डॉ. गणनायक पांडेय को जिम्मेदारी

रायबरेली। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज में अधीक्षक के खिलाफ आखिरकार कार्रवाई हो गई। प्रकरण में सीएमओ ने उन्हे महराजगंज से हटाते हुए खीरो का मेडिकल अफसर बनाया है। वहीं अधीक्षक डा. गणनायक पांडेय को जिम्मेदारी सौंपी है। गौरतब है कि महराजगंज तैनात सीएचसी अधीक्षक डा. पीके श्रीवास्तव के खिलाफ चिकित्सकों और कर्मियों ने मोर्चा खोला दिया था। उन पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए सीएमओ से शिकायत की थी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने टीम भेजकर प्रकरण की जांच कराई। इसके बाद उन्हें सीएचसी महराजगंज से हटा दिया।

बुजुर्गों से हुई 16 हजार की साइबर ठगी

शिवगढ़, रायबरेली

अमृत विचार। वर्षों से वृद्धा पेंशन के इंतजार में बैठे वयोवृद्ध दम्पति ने पेंशन मिलने के आश्वासन पर जैसे ही फिंगर स्कैनर डिवाइस पर अंगूठा लगाया साइबर ठगी का शिकार हो गए। साइबर ठग ने वृद्धा पेंशन जारी कराने का आश्वासन देकर 85 वर्षीय पूर्णमासी के खाते से 10 हजार रुपये तथा उनकी पत्नी सुखना देवी के खाते से छह हजार पार कर दिए।

मामला रायबरेली जिले के शिवगढ़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत बैंती का है सरकारी सिस्टम की मार झेल रहे 85 वर्षीय पूर्णमासी और उनकी पत्नी सुखना देवी को वृद्धा पेंशन तो नहीं मिली पर वृद्धा पेंशन के नाम पर ठगी का शिकार जरूर हो गए। पीड़ित पूर्णमासी ने बताया कि गुरुवार की दोपहर एक युवक उनके दरवाजे छोटी सी मशीन लेकर आया और कहने लगा हम मजिगवां से आए हैं। वहां बेही आपकी बहन को हम अच्छी तरह से जानते पहचानते हैं। अपना आधार कार्ड दे दीजिए और अपना अंगूठा इस मशीन पर लगा दीजिए आपकी पेंशन आनी शुरू हो जाएगी। जिसके पश्चात साइबर ठग ने दोनों के आधार कार्ड की फोटो मोबाइल से खीच ली और फिंगर स्कैनर डिवाइस पर अंगूठा लगवा कर चला गया। बाद में मोहल्ले में चर्चा करने पर जब मोहल्ले वालों ने बैंक खाता चेक कराने की बात कही तो वयोवृद्ध दम्पत्ति ने किसी तरह बैंक जाकर पता किया तो पता चला पूर्णमासी के खाते से 10 जार रूपये और उनकी पत्नी सुखना देवी के खाते से छह हजार निकल गए। जिसके पश्चात पीड़ित दम्पति ने शिवगढ़ थाने में लिखित शिकायती पत्र देने के साथ ही डायल 1930 फोन कराकर साइबर सेल की अपराध शाखा में शिकायत दर्ज कराई। कोई कार्रवाई न होने पर दूसरे दिन शुक्रवार को शिकायतकर्ता ने साइबर सेल की अपराध शाखा में पुनः शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी विन्ध्य विनय ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

इन बुजुर्गों से की गई साइबर ठगी।

मां की आराधाना से मजबूत होता है आत्मबल : शत्रोहन

रायबरेली। महर्षि कश्यप समाज कल्याण समिति की ओर से मां मढ़ी देवी मन्दिर में भण्डारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिकाध्यक्ष शत्रोहन सोनकर रहे। उन्होंने कहा कि मां की आराधना से आत्मबल मजबूत होता है। समिति द्वारा किया जा रहा धार्मिक आयोजन बहुत ही सराहनीय है। कार्यक्रम में आए हुए समस्त भक्तों का स्वागत समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार कश्यप ने किया। इस मौके पर समरजीत कश्यप, चन्द्रप्रकाश, गनेश प्रसाद कश्यप, महेश, अरूण कश्यप, दिलीप, गुलशन, हनुमान, इं. हीरालाल, गणेश, गौतम कश्यप, राजेन्द्र उर्फ बबलू कश्यप, रंजीत, गंगा माथुर, शिव प्रताप सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

उत्साह और अनुशासन से मनाएं त्योहार : डीएम

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। मुहर्रम, श्रावण मास में कॉवड यात्रा, श्रावणी शिवरात्रि, आस्तिक देव मेला, राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस, नागपंचमी, रक्षा बंधन, गंगा स्नान, जन्माष्टमी व अन्य त्यौहार को लेकर बचत भवन स्थित कलेक्ट्रट सभागार में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक की। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने की। इस दौरान सभी संगठनों से आए हुए धर्मगुरुओं और प्रतिनिधियों से बातचीत और उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को त्यौहारों के दौरान जिन स्थानों और रुटों का चयन किया गया है उनकी व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने एसडीएम व नगर पालिका/नगर पंचायत को निर्देश दिये कि जहां सड़क व मार्ग में जल भराव व गड्ढे आदि की समस्या हो वहां व्यवस्थाए ठीक करा ली जाए। डीएम ने उपजिलाधिकारी तथा क्षेत्राधिकारी को आपसी समन्वय बनाते हुए कावड़ यात्रा व जुलूस मार्ग का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी धर्मों के लोगों से कहा कि सभी लोग भाईचारे का परिचय देते हुए हर्षोल्लास के साथ अपने-अपने रीति-रिवाजों से त्योहार मनाए। त्यौहार परंपरागत तरीके से ही मनाया जाए। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने कहा कि पर्व को शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा के समुचित प्रबंध किए गए हैं। पर्वों पर किसी भी प्रकार के अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। जुलूस व कावड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार के भड़काऊ या अश्लील गीत संगीत का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है। अराजक तत्वों पर नजर रखने के लिए मीडिया और सोशल मीडिया पर लगातार नजर बनाए रखी जाए और किसी भी घटना की जानकारी मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाए। अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासनिक कार्रवाई की जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, समस्त एसडीएम, क्षेत्राधिकारी, अधिशाषी अधिकारी सहित पीस कमेटी के सदस्य आदि लोग उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करती डीएम हर्षिता माथुर, मौजूद अन्य।

पंचायत सहायक ने फेसबुक पर की महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी, केस दर्ज

जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार। महिलाओं की अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए पंचायत सहायक ने फेसबुक पर एक पोस्ट वायरल की है। जिससे लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। अभी इटावा में मामला शांत नहीं हुआ था कि आज जगतपुर में भी कुछ इससे मिलता जुलता एक समुदाय की महिलाओं पर की गई अभद्र टिप्पणी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मामला जगतपुर थाना क्षेत्र के रायपुर निवासी पंचायत सहायक सुरेश कुमार यादव का है। शुक्रवार को पंचायत सहायक ने अपने फेसबुक पर एक समुदाय की महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी का पोस्ट वायरल किया है। सोशल मीडिया पर महिलाओं के प्रति गंदी भावना जगजाहिर करने से एक समुदाय में आक्रोश पनप रहा है। शुक्रवार को जगतपुर क्षेत्र में एक समुदाय की महिलाओं पर अभद्र शब्दों के प्रयोग किए जाने से लोगों में भारी नाराजगी है। सोशल मीडिया पर महिलाओं की लज्जा भंग करने के मामले में पूरे मदारदीन मजरे जगतपुर गांव निवासी अंकित द्विवेदी ने थाने में पंचायत सहायक के खिलाफ तहरीर दी है। जगतपुर थानेदार अजय कुमार राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर सोशल मीडिया पर महिलाओं को लेकर अभद्र पोस्ट करने के मामले में पंचायत सहायक सुरेश कुमार यादव के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

अनदेखी टेंडर के बावजूद कार्यदाई संस्था नहीं दिखा रही तेजी, खानापूरी करके काम किया बंद

गूढ़ा-चन्दापुर सम्पर्क मार्ग बदहाल, ग्रामीणों में आक्रोश

संवाददाता, शिवगढ़, रायबरेली

अमृत विचार। जिम्मेदारों की लापरवाही से पिछले कई वर्षों से क्षेत्र का करीब नौ किमी गूढ़ा, चन्दापुर वाया बेड़ारु सम्पर्क मार्ग जर्जर एवं गड्ढों में तब्दील है, जिसकी कोई सुध लेने वाला नहीं है। विभागीय उपेक्षा से क्षेत्र के लोगों में गहरा रोष व्याप्त है। आलम यह है कि इस सम्पर्क मार्ग को देखकर यह अंदाज़ा लगाना मुश्किल हो रहा है कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क। सबसे खास बात यह है कि इस सम्पर्क मार्ग के नवीनीकरण के लिए कई माह पूर्व टेण्डर हो गया था। कार्यदाई संस्था ने टेंडर के बाद सिर्फ रश्म अदायगी के लिए दोनो साइड़ की पटरियों की जेसीबी मशीन से सफाई कराकर नवीनीकरण को ठण्डे बस्ते में डाल दिया। इसके बाद न ही कार्यकारी संस्था का कोई श्रमिक अथवा जिम्मेदार दिखाई पड़ा और न ही विभाग का कोई अधिकारी। उपेक्षा के चलते सड़क पर हुए बड़े-बड़े गड्ढों के कारण वाहनों का चलना तो दूर पैदल भी दुश्वार हो रहा है। ग्रामीणों राहगीरों का आए दिन गड्ढों में गिरकर दुर्घटना का शिकार होना बिल्कुल आम बात हो गई है, जिसको लेकर क्षेत्र के लोगों में पीएमजीएसवाई विभाग के प्रति गहरा रोष व्याप्त है।

गड्ढों में तब्दील गूढ़ा-चन्दापुर सम्पर्क मार्ग। अमृत विचार

> करीब 9 किलोमीटर लम्बे गूढ़ा-चन्दापुर वाया बेड़ारु सम्पर्क मार्ग का जल्द से जल्द नवीनीकरण करने लिए कार्यदाई संस्था को सख्त निर्देश दिए गए हैं।
>
> -अजय श्रीवास्तव, एई, पीएमजीएसवाई

शिवगढ़ तृतीय से जिला पंचायत सदस्य विनय वर्मा ने पीएमजीएसवाई विभाग से जल्द से जल्द सड़क का नवीनीकरण कराने की मांग की है। कहा कि सड़क बदहाल होने से काफी परेशानी हो रही है।

आरवी ट्रेडर्स गूढ़ा के डायरेक्टर मनोज कुमार रावत का कहना है कि यह सम्पर्क मार्ग गूढ़ा, चन्दापुर, बंकागढ़, बेड़ारु सहित दर्जनों गांवों को जोड़ता है, इसके बदहाल होने से लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बंकागढ़ प्रधान दुर्गेश बहादुर यादव का कहना है कि राजधानी लखनऊ जाने का यह एक शॉर्टकट रास्ता है, जिसके चलते इस सम्पर्क मार्ग पर 24 घंटे राहगीरों का आवागमन रहता है, किन्तु विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से चलना दुश्वार हो रहा है।

सपा नेता श्रवण कुमार का कहना है कि केंद्र में मोदी सरकार, प्रदेश में योगी सरकार इसके बावजूद सम्पर्क मार्ग बदहाल हैं। 'अदम गोडवी की ये पंक्तियां तुम्हारी नजरों में गांव का मौसम गुलाबी है, मगर ये दावे झूठे हैं ये आंकड़े किताबी हैं चरितार्थ हो रही है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अनिर्वेद: श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण: सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

संपादकीय

महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति का संकेत दिया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ एक बहुत बड़ा व्यापार समझौता करने जा रहा है। जिसके तहत हम भारत के लिए दरवाजे खोलने जा रहे हैं। इसे भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों के लिए एक अच्छा संकेत भी माना जा सकता है। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका के साथ अगले दौर की व्यापार वार्ता के लिए भारतीय दल वाशिंगटन में है। भारतीय दल की अमेरिका यात्रा महत्वपूर्ण है क्योंकि दोनों देश अंतरिम व्यापार समझौते के लिए बातचीत कर रहे हैं और 9 जुलाई से पहले समझौते को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। 2 अप्रैल को अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त पारस्परिक शुल्क लगाया, लेकिन इसे 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया। हालांकि अमेरिका द्वारा लगाया गया 10 प्रतिशत बेसलाइन शुल्क अभी भी लागू है। भारत अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क से पूरी छूट चाहता है। इस समझौते का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 191 बिलियन अमेरिकी डॉलर से दोगुना करके 2030 तक 500 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाना है।

गौरतलब है कि दोनों देश एक बड़े व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं, जिसमें भारत के लिए अमेरिकी बाजार में और अधिक पहुंच की उम्मीद है। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौता दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन इसमें कुछ चुनौतियां भी हैं। कृषि और डेयरी क्षेत्र भारत के लिए अमेरिका को शुल्क रियायतें देने के लिए कठिन और चुनौतीपूर्ण क्षेत्र हैं। भारत ने अब तक हस्ताक्षरित किसी भी मुक्त व्यापार समझौते में डेयरी को नहीं खोला है। अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, ऑटोमोबाइल-विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोकेमिकल उत्पादों, डेयरी तथा कृषि उत्पादों जैसे सेब, वृक्ष गिरी तथा आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है। 2030 तक भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। इसे हासिल करने के लिए अगले पांच साल में 250 से 270 अरब डॉलर के अतिरिक्त व्यापार की आवश्यकता होगी। अगर दोनों देशों को ये लक्ष्य पाना है तो विशिष्ट क्षेत्रों के लिए एक स्पष्ट नीति तैयार करनी होगी। दोनों देशों को एक दूसरे की चिंताओं को दूर करने और एक पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते पर पहुंचने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

अग्निशमन हेतु स्पेस टेक्नोलॉजीज का व्यावसायीकरण जरूरी

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

अग्निशमन कर्मियों को प्रशिक्षण के दौरान यह सिखाया जाता है कि आग लगने पर ज्वलनशील पदार्थों के बारे में जानकारी ले ली जाए अन्यथा फोम टाइप अग्निशमन कारकों का इस्तेमाल किया जा सकता है।

दिल्ली के रिठाला गांव में एक तंग गली के चार मंजिला मकान में प्लास्टिक प्रोसेसिंग फैक्ट्री में गत बुधवार शाम भयानक आग धधकने से चार लोग ज़िंदा जल गए। इस घर में फायर सेफ्टी के लिए कोई इंतजाम नहीं थे। हिंदुस्तान में गैर वाजिब तरीके से लाखों कार्य-स्थलों पर इंडस्ट्रियल वर्क्स या प्रोसेसिंग यूनिट्स स्थापित हैं जिन्हें अनाधिकारिक तरीके से स्थापित किया और चालू रखा जाता है। म्युनिसिपल कमेटियों और कारपोरेशन के अधीन काम करने वाले अग्निशमन विभाग किसी रिहायशी या इंडस्ट्रियल एरिया में एक्सपर्ट्स को भेजकर सर्वेक्षण रिपोर्ट्स कभी तैयार नहीं करवातीं। कैसे करें? स्टाफ और इक्विपमेंट ही पूरा नहीं है।

बरसों पहले नयी दिल्ली में कनाट प्लेस के निकट बाराखंबा मार्ग पर एक बहुमंजिला इमारत में लगी आग को मैंने खुद देखा था। कुछेक लोग आग की तीव्रता से बचने के लिए खिड़कियों में खड़े हो गए थे और बचाव के लिए हड़बड़ी में आठवीं मंजिल से नीचे कूद गए या संलग्न भवन की दूसरी खिड़की पर पाइप लगाकर बन्दर की तरह उसे पकड़ कर दूसरी ओर जाने के प्रयास में हाथ छूटने से नीचे गिर कर मर गए थे। दिल्ली का कनाट प्लेस स्थित फायर स्टेशन हाई राइज बिल्डिंग्स में आग लगने पर बचाव कार्य के लिए मैनपावर और तकनीकी तौर से क्षमतावान है, लेकिन गुड़गांव की सैंकड़ों की संख्या में बनाई गई बहुमंजिला इमारतें ज्यादातर मामलों को लेकर असुरक्षित है। भारत के अन्य महानगरों को छोड़िए, नोएडा व मयूर विहारजैसे उभरे इलाकों में भी 10-12 मंजिल ऊंची इमारतों में आग लगने के बाद स्थानीय म्युनिसिपल कारपोरेशन बचाव के लिए उन्नत और सक्षम टेक्नोलॉजी और इक्विपमेंट के मामले में ज्यादातर कमज़ोर है।

हम अभी तक फायर रिटार्डेंट्स और फ्लेम एक्स्टिंग्विशर के लिए परंपरागत तरीके ही इस्तेमाल करते हैं हालांकि मेट्रो कोच और वायुयानों में अंदरूनी पेंट करने से पहले इसमें अग्निशामक रेजिन मिलाया जाता है। कुछ भवनों में अंदरूनी वाल फिटिंग्स और फर्नीचर पेंट के लिए भी इसका

एक अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना विभिन्न मॉड्यूलों को बिजली देने और संचालित करते समय प्राकृतिक संवहन या वेंटिलेशन में कमी होने के बाद असामान्य ओवरहीटिंग से होती है। पिछले दशकों में लागू किए गए कड़े उपायों के कारण इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन या अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना काफी कम की गई है।

इस्तेमाल अब हो रहा है। लेकिन बड़ी आग को बुझाने के लिए ब्यूरो ऑफ़ इंडियन स्टैंडर्ड्स की सिफारिशों के अनुसार ही रसायन युक्त घोल का इस्तेमाल करना उचित है।

अग्निशमन कर्मियों को प्रशिक्षण के दौरान यह सिखाया जाता है कि आग लगने पर ज्वलनशील पदार्थों के बारे में जानकारी ले ली जाए अन्यथा फोम टाइप अग्निशमन कारकों का इस्तेमाल किया जा सकता है। अग्निशमन कारकों के मानक ब्यूरो ऑफ़ इंडियन स्टैंडर्ड्स की साईट पर उपलब्ध हैं। लेकिन कोई तब भी नहीं देखता कि जिस भवन में वह रहता है वहां कैसे आग्नेय पदार्थ हैं और आग लगने पर इनके शमन के लिए उचित प्रकार का मानक अग्निशामक उपलब्ध है या नहीं।

इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में 14 दिन बिताने और कुछ तजुर्बे करने के लिए भारत की ओर से शुभांशु शुक्ला ने फाल्कन राकेट में लगे एक्सिओम स्पेस कैप्सूल में बैठ कर गत बुधवार की आधी रात के कुछ मिनट बाद उड़ान भरी और वे आईएसएस से अपने यान को जोड़ने के बाद अंदर प्रवेश करेंगे। आईएसएस की स्थापना से पहले इसके डिजाइन में यह ध्यान रखा जाता है कि किसी भी समय, किसी कारण से या अंदरूनी इलेक्ट्रिकल सिस्टम के खराब या शॉर्ट सर्किट होने से आग लग जाएगी तो कैसे इसे कंट्रोल करेंगे और आग से हुई क्षति के बाद किस पद्धति अर्थात स्टैंडर्ट ऑपरेटिंग प्रोसीजर से सफाई करेंगे। अंत में बीस साल पहले उपलब्ध टेक्नोलॉजी के ज्ञान के अनुसार जितना संभव हुआ उतना उन्नत एक एनवायरनमेंट कंट्रोल एंड लाइफ सपोर्ट सिस्टम स्थापित किया गया जो पूरी तरह से आटोमेटिक, लेकिन मैन्युअली कंट्रोल्ड भी है।

पृथ्वी के निकट की कक्षा या लो-अर्थ ऑर्बिट या एलईओ में स्थापित किए गए अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर बीस वर्षों की निरंतर मानवीय उपस्थिति की वजह से इसमें स्थापित की गई ईसीएलएसएस अथवा स्थायी पर्यावरण नियंत्रण और जीवन समर्थन प्रणाली में निरंतर सुधार किया गया है, जो बाहरी अंतरिक्ष के खतरनाक वातावरण में जीवित रहने के लिए आवश्यक सभी तत्वों को कवर करता है। आईएसएस में कार्बन डाइऑक्साइड से ऑक्सीजन को पुनर्प्राप्त करने के लिए एयर रिवाइटलाइज़ेशन सिस्टम (एआरएस) की दक्षता किसी भी मिशन की अवधि के लिए एक थ्रेशहोल्ड या ऊपरी सीमा निर्धारित करती है। एआरएस द्वारा प्रदत्त समय सीमा से अधिक अवधि तक मिशन चलाने के कारण खतरे की नियति से बचना असंभव है। अंतरिक्ष यान में ऑक्सीजन की मात्रा एक निश्चित स्तर से नीचे गिर जाती है, तो चालक दल जीवित नहीं रह सकता है। खतरा केवल निगरानी उपकरण के स्वचालन या ऑटोमोटिव सिस्टम की तकनीकी खराबी या स्थायी विफलता के कारण उत्पन्न होता है। नतीजतन, एयर रिवाइटलाइज़ेशन सिस्टम को प्रमाणित दक्षता के साथ डिज़ाइन किया जाता है और मिशन की योजना उसी के अनुसार बनाई जाती रही है। सही परिरक्षण प्रौद्योगिकियों की अनुपस्थिति के परिणामस्वरूप ताप स्रोतों, ऑक्सीजन और ईंधन की उपस्थिति में, अंतरिक्ष यान या जमीन पर आग लगने का जोखिम निश्चित है, और अगर रोकथाम की अनदेखी की जाती है, तो आग लग जाएगी।

एक अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना विभिन्न मॉड्यूलों को बिजली देने और संचालित करते समय प्राकृतिक संवहन या वेंटिलेशन में कमी होने के बाद असामान्य ओवरहीटिंग से होती है। पिछले दशकों में लागू किए गए कड़े उपायों के कारण इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन या अंतरिक्ष यान में आग लगने की संभावना काफी कम की गई है। उक्त परिदृश्य में भारत द्वारा खुद के स्पेस स्टेशन के डिजाईन में सभी बातों का ध्यान रखा जाएगा और हो सकता है इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन और चीन के स्पेस स्टेशन से उन्नत टेक्नोलॉजी हम इसमें लगा पाएं। स्पेस टेक्नोलॉजीज में निरंतर सुधार और उन्नत प्रणालियों के विकास से ऐसा संभव है।

अगर स्पेस स्टेशनों में आग लगने से बचने और अग्नि लगने के बाद इसके त्वरित रूप से फैलने से रोके जाने की नियंत्रण प्रणालियों का विकास संभव है तो इन्हें सिविलियन इस्तेमाल के लिए व्यावसायिक तरीके से बाज़ार में उपलब्ध करवाने की तत्परता क्यों नहीं दिखाई जाती? इस समय मार्किट में जो भी फायर अलार्म या आग बुझाने की ऑटोमैटिक प्रणालियां उपलब्ध हैं वे खर्चीली हैं और सालभर की अवधि में कम से कम दो बार परिरक्षण या मेंटेनेंस की मांग करती हैं। इसे केवल सरकार के बड़े और महत्वपूर्ण दफ्तर, सिक्योर वॉल्ट्स, पानी के अन्दर या जमीन पर चलाने वाले और हवा में उड़ने वाले ट्रांसपोर्ट व्हीकल्स या अत्यंत ऊंचे स्तर की सुरक्षा की मांग करने वाले स्थल या एन्क्लोजर्स जैसे कि अंतरिक्ष कार्यक्रमों या डिफेन्स कार्रवाई के संचालन के लिए बनाए गए कमांड एंड कंट्रोल रूम्स और गलियारे हों, या फिर बहुत जोखिम वाली इंडस्ट्रीज और धनाढ्य वर्ग अथवा हाई राइज बिल्डिंग्स बनाने वाले ही इन्हें इस्तेमाल करने के लिए भारी खर्च वहन करने में सक्षम हैं। यह देख कर ताज्जुब होता है कि सोलर पॉवर लगाने के लिए सरकार बहुत सब्सिडी देती है, लेकिन जोखिम वाले उद्योगों के लिए एक प्रभावी और कारगर फायर फाइटिंग सिस्टम इंस्टाल करने के लिए उन्नत तकनीकों के लिए एक पैसा भी सब्सिडी के तौर से दिए जाने की सोच मौजूद नहीं है। हमने स्पेस ट्रेवल और स्पेस स्टेशन जैसी टेक्नोलॉजिकल मार्वेल्स को तो बना दिया लेकिन धरती पर जहां उन्नत टेक्नोलॉजी की करोड़ों इंडस्ट्रियल यूनिट्स में उन्नत अग्निशमन यंत्र प्रणालियों और गैजेट्स की जरूरत है, उसके बारे में नहीं सोचा। अंतरिक्ष की तरफ सर उठाकर देखने के बाद हमें पृथ्वी पर मानव सुरक्षा को भी देखने की जरूरत है।

प्रसंगवश

इतनी चर्चा में क्यों हैं जोहरान ममदानी

मंगलवार के दिन न्यूयॉर्क सिटी के मेयर के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की 'प्राइमरी' हुई थी। प्राइमरी अमरीकी लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण आयोजन होता है। भारत में किसी चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार को पार्टी का शीर्ष नेतृत्व चुनता है। अमेरिका में नहीं। वहां पार्टी के स्थानीय सदस्य मतदान कर अपने उम्मीदवार को चुनते हैं। मंगलवार को हुए डेमोक्रेटिक प्राइमरी में ज़ोहरान ममदानी विजयी रहे। यानी न्यू यॉर्क के मेयर के चुनाव में ममदानी डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार रहेंगे।

महत्वपूर्ण चुनाव है। वित्तीय वर्ष 2025 का न्यूयॉर्क सिटी का बजट 111.62 बिलियन डॉलर यानी करीब 9.15 लाख करोड़ रुपये का है; तुलना के लिए वित्तीय वर्ष 2025 का महाराष्ट्र का बजट 7 लाख करोड़ से कुछ अधिक का है। अमेरिकन शहरों की पुलिस भी वहां के मेयर के अधीन काम करती है, और ममदानी ने घोषणा कर रखी है कि यदि वे मेयर बने और इज़राइल के बेन्यामिन नेतन्याहू उनके कार्यकाल में न्यूयॉर्क आए तो वे नेतन्याहू को गिरफ्तार कर लेंगे। वे इतने भारत विरोधी हैं कि कांग्रेस के अभिषेक मनु संघवी ने भी कहा है कि जिस दिन ममदानी भारत पर बोलते हैं उस दिन पाकिस्तान के पीआर विभाग को छुट्टी ले लेनी चाहिए। ज़ोहरान ममदानी भारतीय मूल के हैं। उनके पिता महमूद ममदानी का जन्म मुंबई में हुआ था। उनकी माता विख्यात फिल्म निर्माता मीरा नायर हैं, जिनका जन्म राउरकेला में हुआ था, जहां मीरा के पिता एक आईएएस अधिकारी थे। ज़ोहरान के पिता गुजराती मुसलमान हैं और माता पंजाबी हिन्दू परिवार से आती हैं। ज़ोहरान अभी न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली के सदस्य हैं। प्राइमरी में उनका मुकाबला एंड्रू क्वोमो के साथ था जो हाल तक न्यूयॉर्क स्टेट के गवर्नर रहे थे। क्वोमो कुछ बेआबरू होकर महफ़िल से निकले हैं। उनके ऊपर सेक्सुअल मिसकंडक्ट के अनेक आरोप लगे, कुछ स्थापित भी हुए। मजे की बात है कि न्यूयॉर्क की अटॉर्नी जनरल टिश जेम्स ने गवर्नर क्वोमो के ऊपर लगे आरोपों की पूरी जांच कराई थी। औपचारिक रूप में प्राइमरी के नतीजे शायद पहली जुलाई को घोषित हों किन्तु मंगलवार के ही दिन क्वोमो ने अपनी पराजय स्वीकार कर ली थी। न्यूयॉर्क के वर्तमान मेयर एरिक एडम्स ने प्राइमरी में भाग नहीं लिया था। उन्होंने अप्रैल में ही घोषणा कर दी थी कि अगला चुनाव वे बतौर एक स्वतंत्र उम्मीदवार लड़ेंगे। मंगलवार के ही दिन हुए रिपब्लिकन पार्टी की प्राइमरी में कर्टिस स्लीवा विजयी रहे। नवम्बर में हो रहे मेयर के चुनाव में तिकोनिया संघर्ष देखने को मिलेगा - रिपब्लिकन स्लीवा, डेमोक्रैट ममदानी और स्वतंत्र एरिक एडम्स। न्यूयॉर्क शहर डेमोक्रैट गढ़ माना जाता है। बीसवीं सदी की शुरुआत से आज तक यानी पिछले 125 वर्षों में बस 36 वर्ष न्यूयॉर्क के मेयर रिपब्लिकन रहे हैं। दो तीन बार स्वतंत्र मेयर भी रहे हैं यानी जो किसी दल से संबद्ध नहीं थे। ममदानी फिलिस्तीनों के पक्षधर हैं और नेतन्याहू को गिरफ्तार करने की बात करते हैं फिर भी प्राइमरी जीत गए इससे विश्लेषकों को पूरा विश्वास हो गया है कि न्यूयॉर्क में (शायद पूरे यूएसए में) यहूदी दो खेमों में बंट चुके हैं, एक इज़राएल के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित है और दूसरा नहीं। अमरीकी चुनावों में बहुत पैसे खर्च होते हैं। कितने डेमोक्रैट धनकुबेर ममदानी के साथ रहेंगे यह स्पष्ट नहीं है। एक डेमोक्रैट वित्तपोषक, हेज फण्ड मैनेजर, अरबपति बिल ऐकमैन स्वतंत्र उम्मीदवार एरिक एडम्स के साथ हैं। ममदानी लोकप्रिय हैं। उनका मुद्दा शहर को 'अफोर्डेबल' बनाना है। वे कहते हैं, आज कोई पांच लाख बच्चे न्यूयॉर्क में भूखे सोते हैं। वे शहर की सरकार द्वारा संचालित खाने पीने के सामान बेचने वाली दुकानों की योजना ला रहे हैं। घरों के किराए वे नहीं बढ़ने देना चाहते हैं और अगले तीन वर्षों में दो लाख 'अफोर्डेबल' घर बनाना चाहते हैं। (मेयर का कार्यकाल चार वर्षों का होता है।) वे पांच साल तक के बच्चों के लिए 'यूनिवर्सल चाइल्डकेयर' का प्रस्ताव ला रहे हैं और सरकारी कॉलेजों में ट्यूशन फी माफ़ करना चाहते हैं। यदि भारत से तुलना की जाए तो उनकी योजनाएं आप पार्टी की याद दिलाती है। कुछ वर्षों से एक यहूदी विरोधी नारा, "ग्लोबलाइज़ द इन्तिफ़ादा", अमेरिका में सुना जा रहा है। ममदानी भी इससे संबद्ध बताए जाते हैं और पूछने पर भी उन्होने अपने को इस नारे से विलग नहीं बताया। चुनाव महत्वपूर्ण है और तैंतीस वर्ष के ममदानी के लिए बहुत अधिक महत्वपूर्ण।



सचिदानंद सिंह
मुंबई

एससीओ के मंच से भारत का सख्त संदेश

अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

अच्छी बात है कि भारत ने एससीओ की सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत हर सम्मेलन में यूरेशियाई धरती के लोगों के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहरायी।

चीन में आयोजित संघाई को-ऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) सम्मेलन में भारत ने कड़ा संदेश दिया है कि आतंकवाद के मसले पर दोहरा रवैया बर्दाश्त नहीं है। आतंकवाद पर दोहरे मानदंड को खत्म करना बेहद जरुरी है और एससीओ जैसे मंच को ऐसी ताकतों की खुलेआम आलोचना करनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि एससीओ के संयुक्त बयान में पहलगाम आतंकी हमले को जगह नहीं दी गई जबकि इसी संयुक्त बयान में पाकिस्तान में जाफर एक्सप्रेस पर हुए हमले को भरपूर तवज्जो दी मिली है। मतलब साफ है कि यह कारस्तानी चीन और पाकिस्तान की मिलीभगत से हुआ है। ऐसे में अगर भारत ड्राफ्ट के मौजूदा स्वरुप पर ऐतराज जताता है तो यह उचित ही है।

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने चीन और पाकिस्तान दोनों को सुना दिया कि जब तक संयुक्त बयान में आतंकवाद पर चिंता का जिक्र नहीं होगा तब तक भारत को यह ड्राफ्ट स्वीकार नहीं होगा। गौर करें तो यह पहली बार नहीं है जब भारत एससीओ के मंच से आतंकवाद के मसले पर चीन-पाकिस्तान की कड़ी घेराबंदी की है। याद होगा वर्ष 2024 में भी पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में आयोजित एससीओ सम्मेलन में भारतीय विदेशमंत्री एस जयशंकर ने बिना नाम लिए मेजबान देश पाकिस्तान को जमकर लताड़ा था। उन्होंने पाकिस्तान और चीन पर तंज कसते हुए कहा था कि एक अच्छे पड़ोसी के धर्म निभाए जाने की कमी है तो खुद के भीतर झांकने की जरुरत है। तब विदेशमंत्री जयशंकर ने चीन की महत्वकांक्षी 'वन बेल्ट वन रोड' पहल का समर्थन करने से भी इंकार कर दिया था। उन्होंने भारत का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में उसकी इजाजत के बिना किसी भी तरह का निर्माण उसकी संप्रभुता का उलंघन है और चीन ऐसा ही कर रहा है।

फिलहाल चीन एससीओ की मेजबानी से बहुत उत्साहित है। लेकिन जिस तरह भारत ने संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया है उससे चीन-पाकिस्तान दोनों के नापाक मंसूबे पर पानी फिर गया है। चीन को समझना होगा कि जब तक वह आतंकवादी देश पाकिस्तान को प्रश्रय देना बंद नहीं करेगा तब तक वह आतंकवाद के मसले पर फजीहत झेलता रहेगा। रही बात एससीओ के भविष्य की तो यह काफी कुछ इस पर निर्भर रहेगा कि आतंकवाद और क्षेत्रीय संप्रभुता के मसले पर इस संगठन का रवैया क्या रहता है। वैसे हर बार की तरह इस बार भी सम्मेलन में क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा समेत कई मसलों पर चर्चा हुई। लेकिन आतंकवाद पर जिम्मेदार देशों के दोहरे आचरण से उनका असली चेहरा सामने आ गया। इस सम्मेलन के जरिए भारत एक बार फिर जिम्मेदार वैश्विक भूमिका में दिखा जिसकी चतुर्दिक सराहना हो रही है। यह भारत के पक्ष में जाता है और यही कारण है कि उसकी भूमिका बढ़ रही है। अगर एससीओ की भूमिका सकारात्मक रहती है तो भारत की प्रभावी भूमिका से इस क्षेत्र में उभर रही आतंकी गतिविधियों अंतर्राष्ट्रीय खतरों, अवैध ड्रग कारोबार, जैसी चुनौतियों से निपटने और सदस्य देशों को गोलबंद करना आसान होगा।

गौर करें तो अभी तक एससीओ पर चीन का वर्चस्व रहा है। लेकिन अब भारत की अर्थव्यवस्था चीन के मुकाबले तेजी से आगे बढ़ रही है ऐसे में संगठन में भारत की भूमिका और स्वीकार्यता दोनों बढ़ी है। इस कारण चीन के व्यापक प्रभाव में कमी और दृष्टिकोण में बदलाव आ रहा है। एससीओ के दबाव के कारण चीन आतंकिस्तान बन चुके पाकिस्तान को प्रश्रय तो दे रहा है लेकिन उसे शर्मसार भी होना पड़ रहा है। चूंकि एससीओ के सदस्य देशों का भारत से अति निकटता है ऐसे में उम्मीद किया जा रहा है कि संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता को लेकर चीन के रुख में बदलाव आ सकता है।

ऐसा इसलिए कि संघाई सहयोग संगठन के सभी सदस्य देश मसलन रुस, कजाखिस्तान, किर्गिस्तान, उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन कर चुके हैं। अगर चीन समर्थन करता है तो भारत को स्थायी सदस्यता मिल सकती है। लेकिन सच्चाई यह है कि चीन कभी नहीं चाहेगा कि भारत को स्थाई सदस्यता मिले। अच्छी बात है कि भारत ने एससीओ की सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत हर सम्मेलन में यूरेशियाई धरती के लोगों के साथ बेहतर संबंध बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहरायी। किंगदाओ सम्मेलन में भी भारत ने आतंकवाद पर सख्त संदेश देकर अपनी भावी-प्रभावी भूमिका स्पष्ट कर दी है।

सोशल फोरम

शुभांशु की अंतरिक्ष यात्रा

शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर अपनी टीम (क्रू) के साथ पहुंच गए हैं। 41 वर्षों बाद भारत को यह गौरव मिला है जब राकेश शर्मा के बाद एक और अंतरिक्ष यात्री ने अंतरिक्ष में तिरंगा फहराया है। मगर इसरो को इसके लिए भारी कीमत चुकानी पड़ी है। 548 करोड़ उड़ान प्रायोजक एक्सिओम स्पेस को देना पड़ा है। यह एक साझा कार्यक्रम (नासा, इसरो, स्पेस एक्स, एक्जियम सम्मिलित) होने के बावजूद एक व्यावसायिक उड़ान है।

विचारणीय यह है कि इतनी भारी राशि भारत को मात्र एक अंतरिक्ष यात्री के प्रशिक्षण पर खर्च करना क्या उचित था? हमारे पड़ोसी चीन ने धेला भर किसी को नहीं दिया और अपना समानान्तर अंतरिक्ष स्टेशन टियागांग स्थापित ही नहीं किया बल्कि वहां नियमित अंतरिक्ष यात्रियों की आवाजाही होती है।

भारत भी ऐसा कर सकता था मगर हम इस क्षेत्र में अपेक्षानुसार बढ़त नहीं बना पाए। हालांकि आश्चर्यजनक रुप से हमने मंगल तक गैर मानव यात्रा अत्यल्प बजट में करके एक कीर्तिमान बना दिया। मगर समानव अंतरिक्ष यात्रा की तैयारी में पिछड़ते गए। आज वैश्विक शक्तियों के लिए अंतरिक्ष मे आवागमन एक आम बात हो गई है। अमेरिका की ब्लू ओरिजिन जैसी कई निजी व्यावसायिक कंपनियों ने अंतरिक्ष में मौज मस्ती के लुभावने प्रस्ताव शुरु कर दिए हैं। अगले वर्ष भारत का गगनयान अंतरिक्ष यान उड़ने वाला है। जाहिर है शुभांशु शुक्ला को उसी के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। अब वैश्विक प्राथमिकता केवल अंतरिक्ष भ्रमण की ही नहीं है। अमेरिका रुस और चीन मंगल और चांद तक की समानव यात्राओं की तैयारी में जुटे हैं। एलॉन मस्क एलान कर चुके हैं कि अगले कुछ वर्षों में वे मंगल पर समानव आरोहण के साथ ही बस्तियां बनाएंगे।

आज पूरे भारत में सुखानुभूति की लहर है। संवेदना और भारतीयता के आधार पर यह ठीक है मगर भारत को अपने समानव अंतरिक्ष यात्रा को अपने दम पर नियोजित करने के लिए कमर कसना होगा अन्यथा 'आत्मनिर्भर भारत' का लक्ष्य अधूरा ही रहेगा।

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

-फेसबुक वॉल से

असंभव प्रतीत होता है जलवायु परिवर्तन को रोक पाना

तनवीर जाफरी
स्तंभकार

उदाहरण के तौर पर संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के तहत हुआ पेरिस समझौता एक ऐसा महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो विश्व को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक साथ लाने की कोशिश करता है।

इस समय पूरी पृथ्वी ग्लोबल वार्मिंग के संकट से बुरी तरह जूझ रही है। मानवजनित इस समस्या के चलते इसी पृथ्वी के किसी न किसी भूभाग से कोई न कोई दिल दहलाने वाली ख़बरें अक्सर आती रहती हैं। ज़ाहिर है दुनिया में बढ़ता जा रहा वायु प्रदूषण ही जलवायु परिवर्तन व ग्लोबल वार्मिंग का मुख्य कारक है। और यही ग्लोबल वार्मिंग और इसके कारण होने वाला जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के सबसे बुद्धिमान समझे जाने वाले मानव रुपी प्राणी की ही देन है।

इन समस्याओं से जूझने के लिए स्वयं को विश्व के ज़िम्मेदार समझने वाले नेता व शासकगण वातनुकूलित वातावरण में दुनिया में कहीं न कहीं इकठ्ठा होते रहते हैं और पृथ्वी के इन दिन प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हालात पर चिंता व्यक्त करने की औपचारिकता पूरी करते दिखाई देते हैं। इसके लिए विश्व स्तर पर कई सम्मेलन और समझौते भी हो चुके हैं और भविष्य में भी प्रस्तावित हैं। संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन एक ऐसा ही प्रमुख मंच है जहां विश्व के नेता जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए क़दम उठाने पर सहमत होने की औपचारिकता पूरी करते दिखाई देते हैं। प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाला यह सम्मेलन दुनिया के देशों को जलवायु परिवर्तन पर कार्रवाई करने के लिए एक साथ लाने का प्रयास करते भी नज़र आता है। इस सम्मेलन में शामिल देश ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से निपटने की कोशिश करते भी दिखाई देते हैं।

उदाहरण के तौर पर संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के तहत हुआ पेरिस समझौता एक ऐसा महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो विश्व को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक साथ लाने की कोशिश करता है। इस समझौते का उद्देश्य वैश्विक औसत तापमान वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखना है। इसी तरह पृथ्वी शिखर सम्मेलन है जोकि पर्यावरण और विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। रियो डी जनेरियो में आयोजित पृथ्वी शिखर सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज की स्थापना की गई थी। इसी तरह कभी दुनिया के प्रमुख विकसित और विकासशील देशों का एक समूह जी 20 शिखर सम्मेलन भी जलवायु परिवर्तन पर चर्चा का मंच बन जाता है। निकट भविष्य में भी ब्राज़ील के ऐमेज़ॉन क्षेत्र में स्थित बेलेम शहर में 10-21 नवंबर 2025 तक संयुक्त राष्ट्र का वार्षिक जलवायु सम्मेलन आयोजित होने वाला है। इसी तरह मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए एक संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन सऊदी अपरन्तु इन सभी वैश्विक प्रयासों के बावजूद सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि 50 वर्षों से भी अधिक समय से ग्लोबल वार्मिंग से पृथ्वी को बचाने व जलवायु संरक्षण के नाम पर होने वाले वैश्विक प्रयासों का आख़िर अब तक नतीजा क्या निकला है? सिवाय इसके कि स्वयं को विकसित कहने वाले देश विकास के नाम पर स्वयं को तो ग्लोबल वार्मिंग का बड़ा ज़िम्मेदार बनने से रोक नहीं पा रहे जबकि अन्य विकाशील व ग़रीब देशों को फ़ंड देकर उनसे यह उम्मीद करते हैं कि वही देश इस पर नियंत्रण करें? विकासशील देशों से वृक्षारोपण अभियान चलाने की उम्मीद की जाती है जबकि विकसित देश हथियारों की होड़ व गगनचुम्बी इमारतों को बनाने की प्रतिस्पर्धा में जुटे रहते हैं। विकासशील देश नित नये उद्योग, वाहन व यातायात के अन्य प्रदूषण फैलाने वाले वाहन बनाने में मशग़ूल रहते हैं जबकि अन्य देशों को प्रवचन देते हैं कि ईंधन की खपत करने वाले 10-15 वर्ष पुराने वाहनों को चलन से बाहर करने के क़ानून बनाएं? आम लोगों को सलाह दी जाती है कि वे हवाई यात्रा कम से कम करें, कारों का इस्तेमाल न करें या इलेक्ट्रिक वाहन का प्रयोग करें, मांस व डेयरी प्रोडक्ट का इस्तेमाल कम से कम करें, घरेलू व औद्योगिक ज़रूरतों में ऊर्जा खपत में कटौती करें, कम से कम ऊर्जा ख़पत वाले उपकरण ख़रीदें, अपने घरों को तापावरोधी बनायें तथा गैस सिस्टम से इलेक्ट्रिक हीट पंपों पर स्विच करें, आदि आदि। यानी जलवायु सम्मेलनों के नाम पर इकठ्ठा होने वाले देशों में भी 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे' वाली कहावत चरितार्थ होते दिखाई देती है।

आश्चर्य की बात तो यह है कि जिस ब्राज़ील के ऐमेज़ॉन क्षेत्र में नवंबर 2025 में संयुक्त राष्ट्र का वार्षिक जलवायु सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है और जिस ऐमेज़ॉन क्षेत्र के वर्षावन पृथ्वी को लगभग बीस प्रतिशत ऑक्सीजन प्रदान करते थे उसी ऐमेज़ॉन क्षेत्र के सैकड़ों किलोमीटर के जंगल कुछ वर्ष पूर्व ही विकास की भेंट चढ़ गए? इन परिस्थितियों को देखते हुए यह कहना ग़लत नहीं होगा कि ग्लोबल वार्मिंग व इसके कारण हो रहे जलवायु परिवर्तन को रोक पाना लगभग असंभव सा प्रतीत होता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

एक नजर

दिल्ली जा रही अवैध डबल डेकर बस को किया सीज

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली पुलिस ने मौलागंज बस स्टैंड से अवैध रूप से संचालित डबल डेकर बस को पकड़कर सीज कर दिया। हरदोई से दिल्ली जा रही प्राइवेट डबल डेकर बस को शाहाबाद कोतवाली पुलिस ने बस स्टैंड पर रोका और चालक से कागजात मांगे। चालक पर्याप्त कागजात नहीं दिखा पाया। जिसके बाद बस को पकड़ कर कोतवाली लाया गया और सीज कर दिया गया।

युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र से युवती को फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने युवती के पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित पिता के अनुसार 25 जून की शाम उसकी पुत्री को थाना क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर बाजार निवासी अजीत फुसलाकर भगा ले गया है। पुत्री घर में रखे 17 हजार रुपए लेकर गई है।

बाइक की टक्कर से महिला घायल, मेडिकल कॉलेज रेफर

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। हरदोई मार्ग ब्लॉक के पास बाइक सवार ने अधेड़ महिला को टक्कर मार दी, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला फूलमती पत्नी श्रीपाल निवासी ग्राम धोंधी शुक्रवार को बिलग्राम की तहसील में जमीनी विवाद में चल रहे मुकदमे की तारीख लेने आई थी। वापस लौटते समय ब्लॉक के पास बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। सीएचसी से उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

युवक को दबंगों ने पीटा तीन पर मुकदमा दर्ज

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। ड्यूटी से वापस लौटे युवक को दबंगों ने गाली गलौज कर पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले में दो नामजद सहित तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। मल्लावां कस्बे के गंगारामपुर निवासी रजनीश उर्फ़ आकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 जून को ड्यूटी से आकर बांगरमऊ-मल्लावां रोड पर गंगा एक्सप्रेस-वे के नीचे दुकान पर मसाला ले रहा था। तभी राहुल, सचिन निवासी भगवन्तनगर व एक अज्ञात ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।

दोस्तों, शिक्षकों व रिश्तेदारों ने कहा- हमें तुम पर गर्व है शुभांशु

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

अमृत विचार। एशिया के हम परिंदे, आसमा है हद हमारी, जानते है चांद सूरज जिद हमारी जद हमारी, हम है देशी हा मगर हर देश में छाये हैं। हम डॉ. कुमार विश्वास की यह कविता होनहार कैप्टन शुभांशु शुक्ला की जीवन क़ो परिभाषित कर रही है।

भारत से 41 वर्ष बाद अंतरिक्ष पर जाने वाले दूसरे भारतीय बने शुभांशु शुक्ला मूल रूप से हरदोई जिले अतरौली के कुरौंध गांव के निवासी है। अतरौली क्षेत्र में ही ननिहाल गोनी में है। क्षेत्र के शुभांशु के परिवार से परिचित लोग प्रशंसा कर रहे हैं और शुभांशु पर गर्व महसूस कर रहे है। शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष साथियों के साथ 25 जून को उड़ान भरी 26 जून की शाम 4 बजे पृथ्वी की निचली सतह पर बने विशाल कृत्रिम उपग्रह में प्रवेश कर लिया है अब 14 दिनों तक वैज्ञानिक परीक्षण किया जायेगा। उसके उपरांत वापसी होंगी। क्षेत्र के पारिवारिक रिश्तेदार दोस्तों ने बताया हम सब उस क्षण का इंतजार कर रहे है जब शुभांशु अपने घर वापसी करके आएगा हम सभी उत्साहित इस पल का साक्षी बनने के लिये।

कैप्टन शुभांशु शुक्ला का परिवार। अमृत विचार

नाना दिनेश तिवारी ने बताया मेरे बड़े भाई गिरीश चंद्र तिवारी की पुत्री आशा शुक्ला के पुत्र है। शुभांशु बचपन में अपने नाना के यहाँ आया करते थे कुछ वर्ष पहले शुभांशु की देवई थी तब आया था। पुत्री और दामाद आते रहते है। शुभांशु के अंतरिक्ष से वापस आने का इंतजार हम सभी क़ो बेसब्री है।

अतरौली निवासी भारतीय सेना के लांस नायक मिलन मिश्रा ने बताया कि शुभांशु गांव के होने के नाते हमारे मित्र हैं, लखनऊ जाते थे तो शुभांशु से मुलाकात होती थी, अब यह पल देखकर स्वयं आनंदित महसूस कर रहा हूं। शुभांशु शुरू से ही शांत स्वभाव के व्यक्ति हैं, हमारे क्षेत्र में शुभांशु के प्रतिभा से उत्साहित और गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

लांस नायक मिलन मिश्रा। बचान प्रसाद पाण्डेय। विवेक सिंह। गोविन्द बाजपेई (मामा)। दिनेश तिवारी (नाना)।

शुभांशु के पैतृक गांव कुरौंध निवासी बचान प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि शुभांशु के पिता शम्भू दयाल शुक्ला का परिवार शुरू से ही शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल रहा है। गांव में उच्च शिक्षा का अभाव होने से शुभांशु की पढ़ाई के लिये परिवार लखनऊ में रहने लगा। शुभांशु के माता-पिता गांव आते रहते हैं, शुभांशु बचपन में गांव आता था।

पैतृक गांव कुरौंध निवासी विवेक सिंह ने बताया कि हम सभी जैसे ही समाचार पढ़े खुशी से उछल पड़े, शुभांशु का पूरा परिवार जब भी गांव आता है, मेरे घर पर जरूर आते हैं हम सभी उत्साहित है शुभांशु की वापसी क़ो लेकर और पैतृक गांव में धूम धाम से स्वागत करेंगे।

मामा गोविन्द बाजपेई ने बताया भांजे क़ो आसमान पर जाते देख मन बहुत खुश हो रहा है, शुभांशु हमेशा शांत स्वभाव का व्यक्ति है शुभांशु से मिलना कम हो पाता था क्योंकि पढ़ाई के कारण अधिकतर बाहर रहता है हम सभी शुभांशु की सफलता क़ो सुनकर ख़ुशी महसूस कर रहे है।

मोबाइल को लेकर भाई से विवाद के बाद बहन ने की आत्महत्या

हरदोई, अमृत विचार। भाई से मोबाइल को लेकर हुए विवाद के बाद बहन ने विषाक्त पदार्थ खाकर जान दे दी। सवायजपुर कोतवाली के विनैका अकबरपुर निवासी संजेश की 18 वर्षीय इकलौती बेटी काजल के अलावा उससे छोटे दो बेटे रोहित और सोहित हैं। शुक्रवार की सुबह बेटी काजल और दोनों बेटे घर पर थे। उसी बीच मोबाइल को लेकर रोहित व काजल के बीच छीना-झपटी होने लगी। नाराज होकर काजल ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ती देख परिजनों ने तुरंत मेडिकल कालेज पहुंचाया। जहां इलाज के करीब 4 घंटे के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाली शहर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

बच्चा चोरी में पकड़े गए भाई व बहन, दोनों को भेजा गया जेल

मां बनने की इच्छा पूरी करने को मेडिकल कॉलेज से चुराया था बच्चा

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। मेडिकल कॉलेज से बच्चा चोरी होने के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। दरअसल बच्चा चोरी के मामले में पकड़ी गई प्रियंका कई वर्षों से मां कहलाने के लिए तड़प रही थी। उसकी इसी ख्वाहिश ने उसे बच्चा चोर बना दिया। प्रियंका ने अपने भाई के साथ बच्चा चोरी करने की योजना बनाई। लेकिन उसकी चोरी पकड़ ली गई। पुलिस ने दोनों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। बताते चलें कि हरियावां थाने के बिल्हरी गांव निवासी शिवाकांत दीक्षित की पत्नी निधि के 18 जून को मेडिकल कॉलेज के महिला अस्पताल में ऑपरेशन से बेटे को जन्म दिया था। मंगलवार की रात में शिवाकांत अपने आईसीयू में भर्ती बेटे की निगरानी कर रहा था। देर रात उसकी आंख लग गई। तभी उसका बच्चा चोरी हो गया। बुधवार भोर पहर एसपी नीरज कुमार जादौन, सीओ सिटी अंकित मिश्रा और एसएचओ कोतवाली शहर संजय त्यागी मेडिकल कॉलेज पहुंचे और जानकार ली। एसपी के निर्देश पर सीओ की निगरानी में पुलिस टीमें बच्चा चोर को पकड़ने को कार्रवाई में जुटीं। वहां आस-पड़ोस लगे सीसीटीवी खंगालने के साथ तकरीबन आठ घंटे के अंदर बच्चे को फर्दापुर गांव से बरामद कर लिया गया, साथ ही बच्चा चोरी करने वाली महिला प्रियंका राठौर पत्नी रजनीश निवासी फर्दापुर कोतवाली शहर को गिरफ्तार कर लिया। उसके बयानों पर उसके भाई हिमांशु राठौर उर्फ दुर्गेश निवासी मोहल्ला खिड़किया कस्बा साण्डी को दबोच लिया। पूछताछ में प्रियंका ने बताया कि वह कई सालों से मां बनने के लिए तड़प रही थी। दवा और दुआं दोनों से कोई हल नहीं निकला, उसके बाद उसने भाई हिमांशु के साथ मिलकर बच्चा चोरी करने का प्लान बनाया, लेकिन उसकी चोरी पकड़ ली गई। प्रियंका शहर के एक नामी निजी हास्पिटल में नौकरी करती है। पुलिस ने शिवाकांत दीक्षित की तहरीर पर बहन व भाई के खिलाफ केस दर्ज करते हुए दोनों को जेल भेज दिया है।

बच्चा चोरी करने में पकड़े गए भाई-बहन।

युवाओं ने आपस में चंदा जुटाकर बनवाई पुलिया

अतरौली, हरदोई, अमृत विचार। लालपुर खाले गांव स्थित धार्मिक स्थल सिद्धनाथ बाबा मन्दिर क़ो जाने वाले रास्ते की पुलिया वर्षो से टूटी पड़ी थी। भटखेरवा निवासी जसकरन ने ठाना पुलिया का निर्माण कराने के लिये गांव के युवा और क्षेत्र के लोगो का सहयोग लेते हुए मई में कार्य शुरू किया और निर्माण कार्य पूरा करवाया। क्षेत्र के लगभग 50 गांवों जाता है मार्ग। शुक्रवार को नियोजन विभाग के संयुक्त निदेशक अनुरुद्ध प्रताप सिंह ने फीता काटकर पुलिया का उद्घाटन किया। युवाओं की मेहनती रंग लाई अब महादेव के दरबार में जाने का रास्ता सुगम हुआ। वर्षों से कुरौंध की तरफ से आने वाले मार्ग की पुलिया टूटी पड़ी थी। आसपास के लगभग 50 गांवों क़ो रास्ता सुलभ हो गया। गांव के आसपास के युवाओं ने सहयोग करके यह पुनीत कार्य किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को माला पहनाई और मिठाई बांटी।

रथयात्रा में सड़कों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का समूह व मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती। अमृत विचार

नगर में पहली बार निकाली गई जगन्नाथ रथ यात्रा

हरदोई, अमृत विचार। जिला मुख्यालय पर पहली बार भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा पूरे उत्साह के साथ निकाली गई। भक्तों ने ढोल नगाड़े के साथ रंग गुलाल उड़ाते हुए यात्रा को और भी अधिक आकर्षक बना दिया। झूमते-गाते भक्तों ने भगवान जगन्नाथ के रथ को नगर के मुख्य मार्गों से निकाला। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने रथ यात्रा की अगुवाई की। नगर में पहली बार निकाली गई इस यात्रा का जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। महाप्रभू जगन्नाथ की आरती गाकर लोगों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। भक्तों का उत्साह यात्रा में देखते ही बन रहा था। श्रद्धा भाव के साथ महिलाओं ने भी बढ़चढ़ कर यात्रा में भाग लिया।

खस्ताहाल रास्ते पर दौड़ाया ई-रिक्शा, विरोध पर सवारियों से की मारपीट

पिहानी, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के हाल का नंबर एक में मठपुरवा व हरियाली बाजार के निकट शुक्रवार को यातायात निरीक्षक हरिनाथ यादव वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक ई-रिक्शा जिस पर चालक सहित 10 सवारियां बैठे हुई थी। चेकिंग देखकर चालक ने मठपुरवा कच्ची रोड पर भागने के लिए ई-रिक्शा को उतार दिया। ऊबड़ - खाबड़ रास्ते पर सवारियां चिल्लाने लगी, जिस पर चालक रवीश कुमार चिल्लाकर सवारियों को गाली गलौज करने लगा। सवारियों ने विरोध किया तो चालक ने उनकी पिटाई भी कर दी। चालक रवीश कुमार कोतवाली देहात नानकगंज झाले का निवासी है। ई-रिक्शा भागते समय पलटते पलटते बचा। यातायात निरीक्षक ने बताया कि मानकों की अनदेखी और सवारियों की जान को खतरे में डालने की वजह से कार्रवाई की गई।

दर्शनार्थियों को रवाना करते नगर पंचायत अध्यक्ष राधारमन शुक्ला। अमृत विचार

अमरनाथ यात्रा के लिए बालामऊ से पहला जत्था रवाना

कछौना, हरदोई, अमृत विचार। कस्बा से बाबा अमरनाथ के दर्शन के लिए पहला जत्था शुक्रवार को कानपुर जम्मूतवी सुपरफास्ट एक्सप्रेस से रवाना हुआ। पहले जत्थे में नीरज जायसवाल, विवेक राठौर, विवेक बाजपेई, रामकिशोर, वैभव गुप्ता और आनंद श्रीवास्तव शामिल हैं। नगर पंचायत कछौना पतसेनी के अध्यक्ष राधा रमण शुक्ला ने पटका पहनाकर और मिठाई देकर यात्रियों का स्वागत किया। हिंदू धर्म जागरण के सह संयोजक ओपी राठौर ने सभी श्रद्धालुओं को पट पहनाकर खीर का प्रसाद दिया। संडीला से आए शिव शक्ति सेवादार और कछौना के स्थानीय लोगों ने भी यात्रियों को विदाई दी।

कुसुम लता बनाई गई अपर जिला जज

हरदोई, अमृत विचार। अपर जिला व सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या तीन कुसुम लता को अपर जिला व सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या एक बनाया गया है। इसके साथ ही यहां कार्यरत अपर जिला व सत्र/विशेष न्यायाधीश इसी एक्ट योगेंद्र चौहान को अपर जिला जज कोर्ट संख्या तीन बनाया गया है। इसके साथ ही यहीं कार्यरत अपर जिला जज फास्ट ट्रैक कोर्ट यशपाल को अपर जिला जज/विशेष न्यायाधीश इसी एक्ट बनाया गया है। इसके पूर्व अपर जिला जज प्रीति श्रीवास्तव की पदोन्नति प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय जौनपुर के पद पर हो गई है।

सीएचसी में दवा नहीं मिली तो बुलाई पुलिस

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक मरीज को दवा न मिलने पर पुलिस की मदद लेनी पड़ी। मैदानपुरा निवासी 24 वर्षीय दिलीप राठौर के सिर में दुर्घटना में चोट लग गई थी। गुरुवार की शाम वह सीएचसी पर दवाई लेने पहुंचा था, तभी फार्मासिस्ट ने उन्हें दवा देने से मना कर दिया। फार्मासिस्ट का कहना था कि दवा देने का समय सुबह 10 से शाम 4 बजे तक है। इस पर नाराज दिलीप ने तुरंत 112 पर फोन कर पुलिस को बुला लिया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद फार्मासिस्ट ने दिलीप को दवा दी। दवा लेकर दिलीप अपने घर चला गया।

मरीज के बयान दर्ज करती पुलिस।

बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाएं-लिखाएं शिक्षिकाएं

हरदोई, पिहानी, अमृत विचार। खेल-खेल में बच्चों को पढ़ाने के लिए, शिक्षकाएं कई तरीकों का उपयोग कर सकती हैं, जैसे कि शैक्षिक खेल, कहानी सुनाना, भूमिका निभाना, और शारीरिक गतिविधियां। खेलकूद बच्चों को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, एवं विपरीत हालात से लड़ने की कला सिखाता है। यह बातें सरस्वती शिशु मंदिर में चल रहे प्रशिक्षण के दौरान कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की वार्डन गरिमा वाजपेई ने कहीं। उन्होंने कहा कि जो नित्य खेल में हिस्सा लेते हैं उनकी अंतरदृष्टि विलक्षण होती है। सरस्वती शिशु मंदिर की प्रधानाचार्य बिंदु सिंह ने प्रशिक्षण में शिक्षकों को प्रशिक्षित करते हुए कहा कि सनातन धर्म में कई ऐसे कर्म ऋषि एवं मुनियों द्वारा बताए गए हैं, जिनका मनुष्य के जीवन से गहरा संबंध है। इन्हीं में शामिल हैं 16 प्रमुख संस्कार, जिन्हें संस्कारान्योन्य या संस्कृतियां भी कहा गया है। वैसे तो सनातन धर्म में 40 संस्कारों का उल्लेख है, जिनमें से 16 प्रमुख संस्कारों को षोडश संस्कार कहा जाता है। जिनका उद्देश्य व्यक्ति की उन्नति, आध्यात्मिक विकास और सामाजिक आदर्शों के प्रशिक्षण को सुनिश्चित करना है। सभी 16 संस्कार प्राचीन काल से चले आ रहे हैं और इन्हें मनुष्य का प्रमुख कर्म माना जाता है। 16 संस्कारों में मनुष्य के जन्म से लेकर मृत्यु तक के कर्मों का उल्लेख किया गया है।

निरीक्षण अध्यक्ष उत्तर प्रदेश महिला कल्याण निगम ने समीक्षा बैठक में ली योजनाओं की जानकारी

बच्चों से भोजन व सुविधाओं की ली जानकारी

हरदोई, अमृत विचार। अध्यक्ष उत्तर प्रदेश महिला कल्याण निगम कमलावती सिंह एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती पीके वर्मा ने विभिन्न विभाग के अधिकारियों जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, महिला थाना प्रभारी आदि के साथ विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

इसके बाद उन्होंने राजकीय संप्रेषण गृह हरदोई का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बच्चों ने वहां की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। संप्रेक्षणगृह में मिलने वाले भोजन आदि की व्यवस्थाओं के बारे में बच्चों से पूछताछ की। कार्यक्रम में सीओ सिटी अंकित कुमार मिश्रा अतिरिक्त उप जिलाधिकारी गरिमा सिंह, संजय कुमार निगम जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ सहायक सतीश कुमार, पिंकी सिंह बाल संरक्षण अधिकारी, महिला कल्याण विभाग के कर्मचारी रामू व अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

संप्रेक्षण गृह में बच्चों से जानकारी लेती महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह। अमृत विचार

VARUN ARJUN UNIVERSITY
V.A.U. The path to education
Varun Arjun Medical College Campus
NH-30 (OLD NH-24) Banthra, Distt. Shahjahanpur, Uttar Pradesh - 242307
ADMISSION OPEN
ADMISSIONS OPEN FOR FOLLOWING COURSES FOR SESSION 2025-2026
ADMISSION OPEN

VARUN ARJUN COLLEGE OF COMMERCE & MANAGEMENT

COURSE	ELIGIBILITY	DURATION
Bachelor of Business Administration (BBA)	Intermediate (Any Stream)	3 Year
Bachelor of Computer Applications (BCA)	Intermediate (Any Stream)	3 Year
Master of Hospital Administration (MHA)	Graduate in (Any Stream)	2 Year
Master in Public Health (MPH)	Graduate in (Any Stream)	2 Year

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504 E-mail ID : admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL

COURSE	ELIGIBILITY	DURATION
M.Sc. (Medical Anatomy)	Candidate must have passed three years undergraduate	3 Years
M.Sc. (Medical Biochemistry)	Program B.Sc. with 50% marks (45% for SC/ST) With	
M.Sc. (Medical Microbiology)	Biological Sciences as one of the Subject or MBBS, BDS,	
M.Sc. (Medical Physiology)	BAMS, BHMS, BPT, B.Pharma, BMLT, BMRIT, B.Sc.	
M.Sc. (Medical Pharmacology)	Nursing Must have Passed from a recognized University.	

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

COURSE	ELIGIBILITY	DURATION
B.Sc. Forensic Sciences	Intermediate with Science	3 Years

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING

COURSE	ELIGIBILITY	DURATION
B.Sc. Nursing	Intermediate with Biology and Entrance Test	4 Years
Post Basic B.Sc. Nursing	G.N.M With Entrance Test	2 Years
G.N.M	Intermediate (With English) & Entrance Test	3 Years
A.N.M	Intermediate	2 Years

Contact for Admission : Mob. 7521001992, E-mail ID: vacn2019@gmail.com

VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY

COURSE	ELIGIBILITY	DURATION
Bachelor of Pharmacy	Intermediate with Science	4 Years
Diploma in Pharmacy	Intermediate with Science	2 Years

Contact for Admission : Mob. 7521001993, E-mail ID : principal.vacp@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES

COURSE	ELIGIBILITY	DURATION
Diploma in Medical Laboratory Technician - D.M.L.T.	Intermediate with Science	2 Years
Diploma in X-Ray Technician	Intermediate with Science	2 Years

Contact for Admission : Mob. 7521050078, E-mail ID : principal.vacps@vau.edu.in

दूसरे दिन माइनर में उतराता मिला लापता बच्ची का शव

एसपी ने अफसरों के साथ घटना स्थल का किया निरीक्षण, बच्ची की मौत से परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, औरास उन्नाव

अमृत विचार: बाबा को पानी देने के बाद लापता हुई 6 वर्षीय बच्ची का शव गांव के पास माइनर में उतराता देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। पुलिस ने जांच कर शव बाहर निकलवाया। सूचना पर एसपी भी मौके पर पहुंचे और गहनता से जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच करने के साथ पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। वहीं परिजन मौखिक रूप से बच्ची की हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जता रहे है। लेकिन अभी उन्होंने इस संबंध कोई लिखित शिकायत नहीं की है।

औरास थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की 6 वर्षीय बेटी बीती गुरुवार रात आठ बजे घर से कुछ दूर झोपड़ी डालकर मवेशियों की रखवाली कर रहे अपने बाबा को खाना देने गई थी। इसके बाद वह झोपड़ी के बगल में लगे नल से पानी भरकर बाबा को देकर घर लौटने की बात कह निकल आई। लेकिन वह घर नहीं पहुंची। रात होने पर और उसके घर न लौटने पर परिजन उसे तलाश करने निकले लेकिन उसका कुछ पता नहीं लगा। इस पर शुक्रवार को परिजनों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। एसओ की सूचना पर सीओ अरविंद चौरसिया डॉग स्क्वाड के साथ पहुंचे और बच्ची की तलाश कराई। लेकिन उस समय बच्ची का कोई सुराग नहीं लग सका। दोपहर में पड़ोसी गांव से अपने आम के बाग से लौट रहे गांव निवासी युवक ने गेरुवा गांव से निकली माइनर में बच्ची का अर्धनग्न शव उतारता देख ग्रामीणों को सूचना दी। जानकारी पर पहुंचे परिजनों में शव देख चीख पुकार मच गई। सूचना पर सीओ ने परिजनों को ढाढस बंधाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन देकर अपनी मौजूदगी में बच्ची के शव को पंचनामा भराकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। ग्रामीणों ने बच्ची का शव हत्या कर फेंके जाने की आशंका जताई है।

शाम करीब पांच बजे थाने पहुंचे एसपी दीपक भूकर ने घटना के बारे में गहनता से जानकारी ली। मृतका दो बहन व एक भाई है। मृतका भाई बहन में दूसरे नंबर की थी। छोटी बेटी की असमय मौत पर परिजन रो-रोकर बेहाल हैं।

माइनर के पास मौजूद ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

दुष्कर्म के बाद हत्या कर फेंका था शव, आरोपी मुठभेड़ में हुआ गिरफ्तार

उन्नाव, अमृत विचार : बच्ची का शव माइनर में बरामद होने पर पुलिस की जांच में उसके साथ दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने की बात सामने आई। एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर औरास पुलिस के साथ एसओजी व सर्विलांस टीम को लगाया गया। पुलिस की संयुक्त टीम ने जांच की तो मासूम को अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म कर हत्या किए जाने के बाद शव माइनर में फेंके जाने की बात सामने आई। इसके बाद पुलिस ने प्रकाश में आए आरोपी रावेन्द्र कुमार पुत्र रामचंद्र को नहर की झाल के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस का दावा है कि युवक ने भागने के दौरान फायरिंग की। जिसकी जवाबी कार्रवाई में उसे पैर में गोली भी लगीं। जिसे इलाज के लिए सीएचसी लाया गया है। वहीं सीओ अरविंद चौरसिया के मुताबिक युवक मासूम बच्ची का रिश्तेदार है। उसने दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव फेंकने का जुर्म कबूल किया है।

जांच करते एसपी दीपक भूकर व अन्य अधिकारी।

सार-संक्षेप

अज्ञात कारणों से अधेड़ ने निगला जहरीला पदार्थ, मौत

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव फतेहपुर खालसा निवासी अधेड़ ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। परिजनों ने उसे गंभीर हालत में सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल भेज दिया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के गांव फतेहपुर खालसा निवासी निजामुद्दीन (50) पुत्र अजमत ने अज्ञात कारणों से शुक्रवार सुबह घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। चर्चा है कि निजामुद्दीन मानसिक रूप से बीमार था। उसकी मौत की सूचना से परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

उन्नाव-हरदोई मार्ग पर गिरा पेड़, आवागमन रहा बाधित

संवाददाता, सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार : उन्नाव-हरदोई मार्ग पर शुक्रवार दोपहर एक बड़ा हादसा होने से उस समय बच गया जब बम्हना चौराहे के पास सड़क किनारे खड़ा एक पुराना बबूल का पेड़ अचानक भर-भराकर गिर गया। पेड़ गिरने से कुछ देर के लिए मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। शुक्रवार करीब 12 बजे कोतवाली सफीपुर क्षेत्र के बम्हना गांव के पास स्थित पुराना जर्जर पेड़ अचानक सड़क पर गिर पड़ा। गनीमत रही कि राहगीरों ने समय रहते शोर मचाकर दोनों ओर से आ रहे वाहनों को रोक दिया। जिससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। पैदल यात्रियों ने भी भागकर जान बचाई। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन रक्षक राजकुमार ने ग्रामीणों की मदद से पेड़ की शाखाएं कटवाकर रास्ता साफ कराया। इस दौरान करीब 30 मिनट तक मार्ग पर यातायात बाधित रहा।

महिला समेत तीन को जहरीले कीड़े ने काटा, रेफर

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार : क्षेत्र के तीन अलग-अलग गावों में जहरीले कीड़े के काटने से एक महिला सहित तीन लोगों की हालत गंभीर हो गई। सीएचसी से तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव मंगली खेड़ा निवासी तोताराम का 28 वर्षीय बेटा अजय कुमार शुक्रवार सुबह घरेलू काम कर रहा था। तभी अचानक जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। इसके अलावा बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव भिक्खनपुर गोपालपुर निवासी दीपक की पत्नी नीतू (38) बीती गुरुवार शाम घर में कूड़ा उठा रही थी। तभी अचानक उसकी उंगली में जहरीले कीड़े ने काट लिया। वहीं गुरुवार देररात कोतवाली क्षेत्र के गांव केसरी पुरवा निवासी नरायन के 25 वर्षीय बेटे मंजेश को भी जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर तीनों के परिजन उन्हें सीएचसी लाए। जहां चिकित्सकों ने तीनों जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

बाइक की टक्कर से साइकिल सवार युवक घायल

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार : गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के राजधानी मार्ग पर गुरुवार रात एक अनियंत्रित बाइक सवार ने साइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। आजाद नगर निवासी 20 वर्षीय मनोज रावत जाजमऊ स्थित एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है। गुरुवार रात वह ड्यूटी खत्म कर साइकिल से घर लौट रहा था। जैसे ही वह गांव के सामने राजधानी मार्ग पर पहुंचा, तभी तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

नाले में धान की नर्सरी धुल रहे किसान की डूबने से हुई मौत

संवाददाता, हसनगंज उन्नाव

अमृत विचार: रोपाई के लिए नाले में धान की नर्सरी धुल रहे किसान की डूबने से मौत हो गई। जानकारी पर पहुंचे परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के हाजीपुर तरेहा गांव निवासी प्रेम (38) पुत्र लूशी उर्फ श्रीपाल के खेत में धान रोपाई होनी थी। इसके लिए वह बगल में ही नाले में भरे पानी में धान की नर्सरी की धुलाई कर रहा था। तेज धूप के चलते वह अचेत होकर वहीं गिर गया। काफी देर तक खेत न पहुंचने पर परिजन वहां पहुंचे और उसे बाहर निकाला। लेकिन, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। युवक की मौत से पत्नी चांदतारा व 18 वर्षीय बेटी मानसी सहित 5 वर्षीय बेटी चाहत का रो-रोकर बुरा हाल है। वह खेती कर परिवार का भरण पोषण करता था। इंस्पेक्टर संदीप शुक्ला ने बताया कि पानी में डूबने से किसान की मौत हुई है। शव पीएम के लिए भेजा गया है।

अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, दंपति की मौत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

▸▸ ससुराल जाते समय मौरावां बछरावां मार्ग पर हुआ हादसा

अमृत विचार: पत्नी को लेकर उसके मायके जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पत्नी की उछलकर सड़क पर गिरने से मौके पर मौत हो गई। वहीं हादसे में घायल पति ने भी अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ दिया। इसकी खबर पर पहुंचे परिजन शवों को देखकर बेहाल हो गए।

मौरावां थानाक्षेत्र के मदाखेड़ा गांव निवासी सनिल (25) पुत्र स्व. विजय कुमार रावत अपनी पत्नी संजना (21) को लेकर

शुक्रवार शाम पुरवा कोतवाली क्षेत्र के रहिमापुर गांव स्थित ससुराल जा रहा था। तभी मौरावां-बछरावां मार्ग पर कस्बा के मोहल्ला लक्ष्मीपुरम के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें दंपति उछलकर सड़क पर गिर गए और वाहन दोनों को रौंदता हुआ निकल गया। इसमें संजना की मौके पर मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सनिल की सांस चलते देख उसे अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। उसकी जेब मे मिले आधारकार्ड से पहचान कर पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना दी। अस्पताल पहुंचे परिजन दोनों के शव देख बेहाल हो गए। सनिल के छोटे भाई अनिल ने बताया कि 7 फरवरी 2025 को दोनों की शादी हुई थी। बताया कि सनिल दिल्ली में कपड़ों की सिलाई का काम करता था। चार महीने पहले ही वह घर लौटा था। उसके पिता की भी 10 साल पहले सड़क हादसे में मौत हो गई थी। बेटे की मौत से मां बुधाना व अन्य परिजन बेहाल हैं। वहीं संजना की मौत की खबर से उसकी मां श्यामकली, पिता बिंद बहादुर, छोटी बहन अदिति व सुहानी अस्पताल पहुंची। बेटी-दामाद का शव देख माता-पिता बिलख पड़े। वहीं एसओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि दंपती के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। परिजनों की तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई होगी।

निर्माण कार्य में गुणवत्ता का रखें ध्यान : डीएम

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता एक करोड़ से अधिक लागत की परियोजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कार्यदायी संस्थाएं निर्माण कार्य में समय व गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें। उन्होंने राजकीय निर्माण निगम को कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए और जल निगम शहरी को कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखने को कहा। यूपी सिडको को कार्य में प्रगति लाने के साथ कार्य जल्द पूर्ण करने तथा हैंड ओवर करने के निर्देश दिए। सीएनडीएस के द्वारा किए जा रहे कार्य को समय से करने के लिए कहा। लोक निर्माण विभाग द्वारा हो रहे कार्यों को समय से करने के निर्देश दिए। कार्यदायी संस्थाओं को सा समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा डीएम ने स्थानीय जीआईसी कालेज के परिसर में संचालित अनुसूचति जाति बालक छात्रावास निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया कि भवन मरम्मत के साथ ड्रेन एवं इंटरलॉकिंग, चहारदीवारी का निर्माण एवं विद्युत कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ पूर्ण कराये। बालकों के आने-जाने वाला मार्ग, मुख्य संपर्क मार्ग से जोड़ा जाये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षण बाल मुकुन्द तथा समाज कल्याण अधिकारी रमाकान्त एवं कार्यदायी संस्थी सिडिको के अधिकारी, सूचना विभाग के नवीन कुमार आदि मौजूद रहे।

गांधी भवन का निरीक्षण करते डीएम साथ में नगर मजिस्ट्रेट सुशील कुमार त्रिवेदी।

गांधी भवन के बाहर एक माह में बनेंगी दुकानें

हरदोई, अमृत विचार। जिलाधिकारी अनुनय झा ने शुक्रवार को नगर मजिस्ट्रेट सुशील कुमार त्रिवेदी के साथ गांधी भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गांधी भवन की बाउन्ड्री के किनारे बनी दुकानों को स्थायी स्थापित करने के लिए गांधी भवन की बाउन्ड्री के अन्दर ही की दुकाने एक माह में नगर पालिका परिषद बनवायेगी। जो दुकानदार बाहर रोड के किनारे दुकाने लगाएं, उन्हीं के आवेदन लेकर दुकानें दी जायेगी और दुकान का किराया नगर पालिका द्वारा लिया जायेगा। दुकानदारों की सुविधा के शौचालय बनवाये जायेगें और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी तथा सूचना विभाग के नवीन कुमार आदि मौजूद रहे।

ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

हरदोई, अमृत विचार। जिलाधिकारी अनुनय झा ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने वेयरहाउस की व्यवस्थाओं को देखा। जिलाधिकारी ने कहा कि वेयरहाउस की सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखा जाये। परिसर में साफ सफाई रखी जाये। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ वेयरहाउस की व्यवस्थाओं पर बात की।

जिलाधिकारी अनुनय झा ने नियमित जन सुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की समस्याओ को सुना तथा सम्बंधित अधिकारियों को उनके निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। शुक्रवार को जन सुनवाई के दौरान कुल 103 शिकायतें प्राप्त हुई जिनके त्वरित निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बंधित अधिकारियों को जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए। जन सुनवाई के दौरान ही पात्रों की वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन बनवाई गयी।

जामा मस्जिद में तैनात पुलिस व पीएसी। अमृत विचार

जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन अलर्ट

चाक चौबंद की सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस की लोगों से शांति बनाए रखने

संवाददाता, पिहानी, हरदोई, अमृत विचार। पिहानी में मोहर्रम के पहले जुमे को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। सभी जगह जुमे की नमाज़ शांतिपूर्वक अदा की गई, वहीं मोहर्रम को लेकर पुलिस प्रशासन ने कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। एसएचओ विद्यासागर पाल ने शुक्रवार को नगर की प्रमुख जामा मस्जिद, इस्लामगंज बाजार, चौहट्टा मस्जिद, एक मीनार मस्जिद सहित नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की प्रमुख मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा कराई गई। वहीं जुमे की नमाज़ के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर धार्मिक स्थलों के आस-पास पुलिस व पीएसी की बटालियन तैनात रही।

व्यक्ति की जेब से मोबाइल व पर्स चोरी

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। एक साइबर ठगी का मामला सामने आया है। सदरियापुर गांव के निवासी हरिशरण के साथ चोरी और धोखाधड़ी की वारदात हुई है। घटना 22 जून 2025 की है। हरिशरण झांसी से अपने गांव लौट रहे थे। रास्ते में अज्ञात व्यक्ति ने उनकी जेब से मोबाइल फोन और पर्स चुरा लिया। पर्स में एटीएम कार्ड, आधार कार्ड और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। अगले दिन 23 जून को जब वह बैंक ऑफ इंडिया की बिलग्राम शाखा पहुंचे तो उन्हें पता चला कि उनके खाते से 20,000 रुपए निकाल लिए गए हैं। पीड़ित ने कोतवाली बिलग्राम में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने अपनी शिकायत में मोबाइल के दोनों IMEI नंबर और बैंक खाते का विवरण भी दिया है।

हादसे में घायल होमगार्ड के बेटे की इलाज के दौरान मौत

अतरौली, हरदोई, अमृत विचार। गोड़वा -जनिगांव सड़क पर गुरुवार की शाम ट्रैक्टर की टक्कर लगने से घायल होमगार्ड के बेटे की इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई, उसके साथी का इलाज चल रहा है।

रहीमाबाद लखनऊ डॉयल 112 में तैनात होमगार्ड सन्तोष दीक्षित निवासी सोनिकपुर थाना अतरौली के पुत्र सौरभ (23) अपने गांव के ही निवासी रोहित सिंह (26) पुत्र सुरेन्द्र सिंह के साथ गुरुवार की शाम बाजार से सब्जी खरीदकर बाइक से लौट रहा था। गोड़वा -जनिगांव सड़क पर बाजार से 50 मीटर दूर सामने से तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी थी। हादसे में घायल सौरभ व रोहित को एम्बुलेंस से सीएचसी भरावन ले जाया गया, जहां से सौरभ को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। ट्रामा सेंटर लखनऊ में इलाज के दौरान देर शाम सौरभ कर मौत हो गई। जबकि रोहित का इलाज चल रहा है।

कार से बकरियां चोरी करने वाले चार दबोचे

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली पुलिस ने बकरा और बकरियां चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर महिला सहित चार को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से दो बकरियां, एक बकरा, कार एवं 25000 की नगदी बरामद हुई है। पुलिस ने एक केस की जांच पड़ताल करते हुए बब्बू, अलीशा पत्नी बब्बू निवासी मोहल्ला जोगी नवादा थाना बारादरी जनपद बरेली, मोहम्मद आरिफ निवासी मोहल्ला बंगस थाना शहर कोतवाली शाहजहांपुर एवं शानू निवासी ग्राम गाजीपुर थाना सिधौली जनपद शहजहांपुर को गिरफ्तार किया।

दूसरे के फोन से ले लिया 75 हजार का लोन

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। फास्ट फूड की दुकान चलाने वाले का मोबाइल फोन लेकर तीन बार में 75 हजार का लोन ले लिया। आरोपी युवक के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

मोहिउद्दीनपुर निवासी अंकित ने एसपी को दी तहरीर में बताया कि चुंगी नंबर 2 पर फ़ास्टफूड की दुकान चलाता है। दुकान पर महमदपुर निवासी अमित पटेल आए दिन मोबाइल फोन लेकर चलाया करता था। मोबाइल फोन पर 6 दिसम्बर 2024 और 14 फरवरी व 19 मार्च को तीन बार 75 हजार रूपये का लोन लेकर साइबर लूट कर ली। उसे तब पता चला जब उसके पीएनबी के खाते से लोन की किस्त कटने लगी। किस्त न जमा होने पर बजाज फाइनेंस किस्त लेने घर पर आने लगे। एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की।

लिफ्ट लेकर बाइक सवार के 20 हजार रुपये उड़ाये

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आगमपुर तिराहा से एक ठग ने बाइक सवार से लिफ्ट लेकर जेब से 20 हजार रुपए उड़ा दिए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम खनिगवा खुर्द के मजरा जमालपुर निवासी राजनरायन के अनुसार वह शुक्रवार को दोपहर में गांव से शाहाबाद बाइक से आ रहा था। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आगमपुर तिराहे पर अज्ञात युवक ने खुद को बीमार बताते हुए लिफ्ट मांगी। उसने युवक को बाइक पर बैठा लिया। रास्ते में उसने पीड़ित की जेब काटकर 20 हजार रुपये उड़ा दिए और शाहाबाद से पहले सफीपुर पेट्रोल पंप के निकट अपने साथी के साथ बैठकर भाग गया। उसने लालपुर तक पीछा भी किया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। कोतवाली पुलिस ने लिखित तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सर्प दंश से किसान की मौत के बाद 24 घंटे तक कराते रहे झाड़-फूंक

हरदोई, अमृत विचार। खेत में किसान को कोबरा सांप ने डंस लिया। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां कुछ ही देर बाद मौत हो गई। लेकिन फिर भी उसे जिंदा कराने की उम्मीद में 24 घंटे तक झाड़-फूंक कराई जा जाती रही। अगले दिन पोस्टमार्टम के लिए शव पुलिस को सौंपा गया है।

लोनार थाने के धनेउली मजरा हुसैनपुर सहोरा निवासी राज करन (49) के परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटियां निशा व नेहा है। निशा की शादी हो चुकी है, जबकि नेहा 12वीं की पढ़ाई कर रही है। गुरुवार को राजकरन खेत पर धान की सिंचाई कर रहा था, उसी बीच कोबरा सांप ने डंस लिया। उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां मौत हो गई। बड़े भाई रावेंद्र पाल ने बताया कि कुछ रिश्तेदारों ने झाड़-फूंक कराने का दबाव बनाया, जिसके बाद वह शव लेकर टड़ियावां थाने के थमरवां और पाली थाने के कछेलिया के अलावा और कई गांव झाड़-फूंक कराने पहुंचा। लेकिन उसे बचा नहीं सके।

स्कूल मर्ज होने से बच्चों का शिक्षा से वंचित होने का खतरा : आलोक

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला कार्यसमिति के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाध्यक्ष आलोक मिश्रा के नेतृत्व में हरदोई सांसद जयप्रकाश रावत और टड़ियावां विधायक श्याम प्रकाश से मिलकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उनको दिया।

ज्ञापन में बड़ी संख्या में स्कूल मर्ज किए जाने से स्कूल से बच्चों की दूरी बढ़ जाने के विरोध में दिया गया। इससे बच्चों का शिक्षा से वंचित होने का खतरा है। इस अव्यवहारिक और संवेदनहीन आदेश को वापस लिए जाने की मांग की। सरकार और शिक्षा विभाग के अधिकारी पेयरिंग व्यवस्था के नाम पर विद्यालयों का मर्जर करने का निर्देश दे रहे हैं। इससे परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चो का भविष्य चौपट हो जाएगा। विद्यालय की दूरी अधिक होने पर स्कूलों के बच्चे अन्य विद्यालयों तक नहीं पहुंच सकेंगे। अत्यधिक सर्दी सर्दी,वर्षा और और अत्यधिक गर्मी के मौसम में स्कूलों तक बच्चों का पहुंचना मुश्किल होगा। ऐसे में भारतीय संविधान में प्रदान किये गये शिक्षा के मौलिक अधिकार से वंचित रह जायेंगे।विद्यालयों की छात्र संख्या के बहाने स्कूलों को बंद कर नौनिहालों के जीवन से शिक्षा छीनी जा रही है। विद्यालयों के मर्ज़र से गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के बच्चो को शिक्षा से वंचित रहना पड़ेगा। इस दौरान प्रतिनिधि मण्डल में जिला मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनुराग पाण्डेय,अनूप दीक्षित, जिला संयुक्त मंत्री आशीष दीक्षित, संगठन मंत्री मनीष राठौर, सिद्धार्थ पाण्डेय, कमल किशोर कोहली, ब्लॉक अध्यक्ष बावन अभिषेक गुप्ता, ब्लाक अध्यक्ष टोडरपुर नरेंद्र शर्मा, आशुतोष मिश्रा, मुनेश्वर आदि मौजूद रहे।

विवाहिता को अगवा करने में 5 पर केस

सांडी, हरदोई, अमृत विचार। कस्बे की एक पीड़िता ने एसपी से की गई शिकायत में तीन महिला व दो पुरुषों के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। कस्बे के पीरजादा मोहल्ला निवासी गुड्डी देवी पत्नी गंगाराम की पुत्री शुभी की शादी बिलग्राम कोतवाली के सदियापुर गांव निवासी राहुल से हुई थी। 20 जून को ससुराल जाते समय रास्ते से बेटी का संडीला कस्बे के मोहल्ला जोशियांन निवासी ऊषा पत्नी ओमप्रकाश, सुधा पत्नी जितेंद्र, शेषपाल, शाहजहांपुर के मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव किलपुर निवासी होरिका और उसके पति अजय ने उसका अपहरण कर लिया, जिसकी शिकायत थाने पर की गई। सुनवाई न होने पर एसपी से शिकायत की।

संदिग्ध हालात में युवती की मौत ससुराल वालों पर हत्या का आरोप

हरदोई, अमृत विचार। 26 वर्षीय युवती की संदिग्ध हालत में ससुराल में मौत हो गई। ससुराल वाले उसका शव छोड़कर फरार हो गए। मृतका के परिजनों ने उसकी ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

कोतवाली देहात के नीर निवासी शिवराज सिंह ने बेटी सोहिनी सिंह की शादी हरपालपुर थाने के दस्योली निवासी चन्द्रभान सिंह उर्फ राहुल पुत्र मुकेश सिंह के साथ करीब पांच साल पहले की थी। सोहिनी के एक तीन साल की बेटी भी है। चन्द्रभान हरियाणा में शराब के ठेके पर सेल्समैन था, लेकिन कुछ सालों से नौकरी छोड़ कर गांव में रह रहा था। सोहिनी के पिता शिवराज सिंह ने बताया कि शुक्रवार की सुबह बेटी के चचेरे ससुर संजय सिंह ने फोन पर बताया कि सोहिनी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शिवराज अपने घर वालों को साथ लेकर पहुंचा तो वहां बरामदे में सोहिनी का शव ज़मीन पर पड़ा था, जबकि ससुराल वाले फरार थे। पिता शिवराज सिंह ने बताया कि सोहिनी की गला घोंटकर हत्या की गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा किया। पिता की तहरीर में मृतका के पति चन्द्रभाल उर्फ राहुल सिंह, चचेरे ससुर संजय सिंह, सास,जेठ सूर्यभान सिंह, जेठानी और ननद दहेज़ में बुलेट बाइक की मांग के चलते गला हत्या का आरोप लगाया गया है।

युवती बरामद, आरोपी युवक भेजा गया जेल

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। पिहानी थाना क्षेत्र से करीब साढ़े तीन माह पूर्व भगा कर ले जाई गई युवती को पुलिस ने बरामद कर लिया है, साथ ही आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। 6 मार्च को महिला ने थाना पिहानी पर तहरीर दी थी कि शिशुपाल निवासी ग्राम मन्सूरनगर थाना पिहानी उसकी पुत्री को फुसलाकर अपने साथ ले गया। पुलिस ने नामजद आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू की थी। शुक्रवार को पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर युवती को बरामद कर लिया गया।

रेलवे ट्रैक पर मिला वृद्ध का शव, पहचान नहीं

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। पिहानी था हरदोई, अमृत विचार। हरदोई रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर रौज़ा जंक्शन की तरफ चांदमारी के सामने ट्रैक पर बुज़ुर्ग का शव पड़ा मिला। वहां पहुंची कोतवाली देहात की पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए छानबीन शुरु कर दी है। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। कोतवाली देहात पुलिस ने छानबीन शुरु कर दी। लगभग 60 वर्षीय बुज़ुर्ग ने सफेद कुर्ता-पायजामा पहन रखा था।

मोहर्रम को लेकर थाने पर हुई पीस कमेटी की बैठक

सांडी, हरदोई, अमृत विचार। थाना परिसर में मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें मोहर्रम कमेटी के सदस्य खुर्शीद आलम भी मौजूद रहे। थाना प्रभारी अंकुर शर्मा ने कहा कि ताजिया 10 फुट से ऊंचा नहीं होना चाहिए। शांतिपूर्ण त्यौहार मनाना सभी का दायित्व है।

शहर में निकलती विशाल रथयात्रा। अमृत विचार

रथ में बिराजे भगवान जगन्नाथ, बलदाऊ व सुभद्रा। अमृत विचार

रथ में सवार होकर निकले भगवान जगन्नाथ जी

जगन्नाथ रथयात्राः रथ का रस्सा खींचने को लेकर श्रद्धालुओं में रही होड़, भक्तों द्वारा लगातार बांटा जाता रहा भगवान का प्रसाद

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। शहर में शुक्रवार को उल्लासपूर्ण ढंग व बड़े श्रद्धाभाव से विशाल जगन्नाथ यात्रा निकाली गई। इसमें जहां तमाम देवी-देवताओं की झांकियां शामिल रहीं। वहीं आतिशी नजारों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यही नहीं धार्मिक गीतों पर नृत्य करते कलाकारों ने सभी को आकर्षित किया। आराध्य देव का रथ खींचने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ रही। वह अपनी बारी की प्रतीक्षा में रथ के आसपास खड़े होकर रस्सा थामने का इंतजार करते रहे।

वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत शहर में बड़ी नहर के पास स्थित दीनेश्वर मंदिर से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ रथयात्रा की शुरुआत हुई। समिति के पदाधिकारियों ने सांसद साक्षी महाराज व सदर विधायक पंकज गुप्ता के साथ मिलकर रथयात्रा को गंतव्य के लिए रवाना कराया। यही नहीं रथयात्रा में बैंड पार्टियों के आगे-पीछे शामिल विभिन्न देवी-देवताओं की सुंदर साज-सज्जा वाली झांकियां लोगों को आकर्षित करती रहीं। इस दौरान जहां कई बैंड पार्टियां भजनों की धुन बजाते हुए आगे बढ़ती रहीं। वहीं युवा मंडल में शामिल युवक-युवतियां इस दौरान डांडिया नृत्य करते हुए चल रहे थे। यही नहीं महिला मंडल भी गर्व के साथ रथयात्रा में शामिल था। भगवान जगन्नाथ जी को आयोजकों ने खूब सजे हुए बड़े से रथ पर सवार कर रखा था। इस रथ पर सवार आचार्य जहां मंत्रोच्चारण कर रहे थे वहीं पूरे रास्ते प्रसाद भी बांटा जाता रहा। श्रद्धालुओं में दर्शन-पूजन व प्रसाद लेने के साथ रथ का रस्सा खींचने की होड़ रही। वह रथ के साथ चलते हुए रस्सा थामने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते रहे। सभी भक्त रथ खींचकर खुद को धन्य समझते हुए हाथ जोड़कर भगवान से अगले वर्ष फिर यह मौका देने की प्रार्थना करते रहे। यात्रा का जगह-जगह खासकर मंदिरों के पास समूह में एकत्र होकर श्रद्धालु भक्तिभाव से पूजन-अर्चन कर आरती उतारते रहे। यही नहीं पूजन करने वाले भक्त भगवान को फल आदि अर्पित कर मौके पर मौजूद लोगों के बीच भी बांट रहे थे। यात्रा गांधीनगर तिराहा, छोटा चौराहा, सदर बाजार, बड़ा चौराहा, आईबीपी चौराहा होते हुए गंतव्य की ओर बढ़ती रही। यात्रा में नपा अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्रा, अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानू, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, रजनीकांत श्रीवास्तव, निम्मी अरोड़ा, साधना दीक्षित, मोतीलाल गुप्ता, निखिल गुप्ता, निश्चित श्रीवास्तव, निर्भय निगम आदि भक्त मौजूद रहे।

समापन आरती पर बना अलौकिक दृश्यः रथयात्रा का समापन मोतीनगर स्थित हनुमान मंदिर में हुआ। घंटों पहले यहां आगे स्थान पाने के लिए क्षेत्र के लोग पहुंचने लगे थे। यहां 108 श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीजगन्नाथ की 11-11 दीपों से आरती उतारी। जिससे मनोहारी दृश्य बना रहा। यहां कई लोग भगवान के रथ पर सिर रखकर आशीर्वाद लेते रहे।

एहतियातन कड़ी की रही सुरक्षा व्यवस्थाः रथयात्रा के दौरान पूरे रूट पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था दिखाई दी। जहां रथयात्रा के आगे कई उपनिरीक्षकों के साथ कोतवाली प्रभारी खुद चल रहे थे। वहीं सीओ सिटी भी लगातार नजर बनाए रहीं। यात्रा के साथ सुरक्षा को लेकर चल रही पुलिस टुकड़ी में पुरुष के साथ महिला आरक्षी भी कदमताल करते हुए चल रही थीं।

जगन्नाथ रथयात्रा में ने श्रद्धालुओं ने की पुष्पवर्षा, शुक्लागंज (उन्नाव): नगर में शुक्रवार शाम निकली भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा भक्ति, श्रद्धा और सांस्कृतिक आस्था का अद्भुत संगम बनी रही। श्री श्री जगन्नाथ रथयात्रा समिति के तत्वावधान में आयोजित रथयात्रा ने नेहरू नगर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए राजधानी मार्ग स्थित कमल वर्मा के आवास पर संपन्न हुई। रथ यात्रा का शुभारंभ कमल वर्मा के निवास पर भगवान जगन्नाथ, बलदाऊ और सुभद्रा की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। ठीक शाम पांच बजे नेहरू नगर से यात्रा प्रारंभ हुई, जो गोपीनाथपुरम स्थित राधा-कृष्ण मंदिर पहुंची, जहां भगवान का पूजन किया गया। वहां से यात्रा राजधानी मार्ग होते हुए अंबिका प्रसाद स्कूल, ऋषि नगर, सुभाष नगर, गांधी नगर, मिश्रा कॉलोनी, सीताराम कॉलोनी, पोनी रोड होते हुए पुनः कमल वर्मा के आवास पर समाप्त हुई। रथ यात्रा में नौ आकर्षक झांकियां शामिल थीं, जिनमें भगवान शंकर-पार्वती, राधा-कृष्ण और देवी सरस्वती की झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। विशेष रूप से एक झांकी में सजी युवतियां भजन गाते हुए रथ पर सवार थीं, जो राधिका गोरी से ब्रज की छोरी से जैसे भक्ति गीतों पर नृत्य कर रही थीं। यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। जहां एसडीएम क्षितिज द्विवेदी, सीओ बीघापुर ऋषिकांत शुक्ला, नायब तहसीलदार परियर पूर्णिमा तिवारी, लेखपाल अशोक सैनी, उदयभान, दीपचंद्र, सत्यम शुक्ला, मनीष शुक्ला, प्रदीप मौजूद रहे। थाना प्रभारी पी.के. मिश्रा के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस बल, यातायात पुलिस, महिला दरोगा, कांस्टेबल, पीएसी, फायर ब्रिगेड और टियर गैस टीम पूरे रूट पर मुस्तैद रही। इस अवसर पर वीरेन्द्र शुक्ला, केडी त्रिवेदी, अंकुर शुक्ला, अंजनी अग्निहोत्री, मनोज गुप्ता, केदार तिवारी, श्रीकांत पांडे, अवनीश शुक्ला, सूर्यकुमार बाजपेई, प्रमोद त्रिवेदी, पूर्व अध्यक्ष रंजना गुप्ता, सुरेश शुक्ला, इशांत तिवारी, राजेश गुप्ता, विकास मिश्रा, विजय तिवारी, संजय तिवारी, दुर्गा तिवारी, सरवन सिंह, डॉ तारकेश्वर पांडेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

रथ यात्रा में शामिल लोग। अमृत विचार

यात्रा में शामिल श्री राधा-कृष्ण का रथ। अमृत विचार

इन देवी-देवताओं की झांकियां रहीं शामिल

रथयात्रा में श्रीराम दरबार, राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती, हनुमानजी, गणेशजी व माता काली आदि की झांकियां प्रमुख रूप से शामिल रहीं। जीवंत झांकियों को श्रद्धालु भक्तभाव से देखते हुए हाथ जोड़ प्रणाम करते रहे। यही नहीं देवी-देवताओं का स्वरूप धरे कलाकार नजर पड़ने पर भक्तों को अभयमुद्रा में आशीर्वाद देते रहे।

जगह-जगह हुआ भंडारा, श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार : शुक्रवार को निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा में नगरवासी भी पीछे नहीं रहे। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह शर्बत वितरण और भंडारों की व्यवस्था की गई, जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजकों का धन्यवाद किया। राजधानी मार्ग, पोनी रोड, बालूघाट मोड़, अंबिकापुरम, नेहरू नगर, सब्जी मंडी सहित कई स्थानों पर लोगों ने यात्रा का स्वागत करते हुए शर्बत, पानी और भोजन का वितरण किया। मोनिका ट्रेडर्स के सामने अमरेन्द्र गुप्ता, संजू और रंजीत ने शर्बत बांटा। निषाद मार्केट के पास अमरनाथ सेवा मंडल की ओर से नितिन शर्मा, अजय गुप्ता, संतोष शर्मा, राजू गुप्ता, शिशिर श्रीवास्तव और बॉबी पांडेय ने पानी व बूंदी वितरित की। आनंद नगर के सामने सभासद प्रत्यय गुप्ता व अन्य लोगों ने कढ़ी चावल का भंडारा आयोजित किया। वहीं सरस्वती टॉकीज के पास भी श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था रही। शक्ति नगर, सीताराम कॉलोनी, पोनी रोड और बालूघाट मोड़ पर भी शर्बत वितरण केंद्र लगाए गए थे।

जगन्नाथ रथ यात्रा के चलते शुक्लागंज में लगा जाम

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार : शुक्रवार को नगर में निकली श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान शुक्लागंज में विभिन्न मार्गों पर भीषण जाम की स्थिति बन गई। यात्रा के कारण उन्नाव की ओर से आने वाले वाहनों को सहजनी की ओर डायवर्ट किया गया, जबकि कुछ वाहन जो आगे बढ़ चुके थे, उन्हें मरहला चौराहे से वापस मोड़ा गया। इसके बावजूद फोरलेन, पोनी रोड, बालूघाट मोड़ और नवीन पुल पर दिनभर जाम लगा रहा। नेहरू नगर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से यात्रा प्रारंभ होकर जैसे ही फोरलेन पर पहुंची, प्रशासन ने एक लेन से यात्रा निकालते हुए दूसरी लेन पर यातायात डायवर्ट किया। इससे दोनों ओर से वाहनों की कतारें लग गईं। जाम के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को तंग गलियों से होकर गुजरना पड़ा, जिससे कई जगहों पर स्थिति और भी विकट हो गई। शाम के समय जब रथ यात्रा पोनी रोड पहुंची, तो वहां का संकरा मार्ग भी भारी वाहनों और भीड़ के दबाव में आ गया, जिससे घंटों लंबा जाम लग गया। रात तक वाहन रेंगते नजर आए।

उमड़ी भीड़ के बीच टूटीं दो महिलाओं की सोने की चेन

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार : शुक्रवार को निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा के दौरान भारी भीड़ का लाभ उठाकर शातिर चोरों ने दो महिलाओं की सोने की चेन तोड़ ली। इस घटना से रथ यात्रा में अफरा-तफरी मच गई। घटना नेहरू नगर स्थित बालेश्वरी भवन के पास उस समय हुई जब रथ यात्रा राजमार्ग पर पहुंची। भगवान की आरती उतारने के लिए महिलाएं बड़ी संख्या में आगे बढ़ीं। भीड़ की आड़ में आनंद नगर निवासी भाजपा नेता जितेन्द्र अवस्थी की पत्नी विनीता अवस्थी के गले से करीब दो तोला सोने की चेन किसी अज्ञात शातिर ने तोड़ ली। चेन टूटने की जानकारी होते ही वहां मौजूद श्रद्धालुओं में हड़कंप मच गया। एनाउंसमेंट कर मौके पर मौजूद पुलिस को जानकारी दी गई, लेकिन तब तक चोर भीड़ का फायदा उठाकर मौके से फरार हो चुके थे। इसी दौरान एक अन्य महिला की भी सोने की चेन चोरी होने की बात सामने आई।

रथ यात्रा और रोस्टिंग के चलते 9 घंटे तक बिजली गुल

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार : शुक्रवार को तेज धूप और उमस भरी गर्मी के बीच शुक्लागंज की लाखों की आबादी बिजली संकट से कराह उठी। दोपहर डेढ़ बजे से शुरू हुई रोस्टिंग और फिर श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान सुरक्षा कारणों से की गई बिजली कटौती के चलते नगर की आपूर्ति करीब 9 घंटे तक ठप रही। जानकारी के अनुसार, रथ यात्रा को देखते हुए प्रशासन के निर्देश पर उपखंड अधिकारी ने नगर के फीडर 1, 2, 3 और 4 की विद्युत आपूर्ति दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक बंद रखने का आदेश दिया था। इससे पहले ही दोपहर करीब डेढ़ बजे से तीन बजे तक रोस्टिंग कर दी गई। रथ यात्रा में देरी के कारण इसका समापन रात आठ बजे के बाद हुआ, जिससे विद्युत आपूर्ति बहाल होने में और देरी हो गई। मिश्रा कॉलोनी फीडर को छोड़कर बाकी सभी फीडरों की आपूर्ति बंद रही। गर्मी के कारण लोग दिनभर बेहाल रहे। कई इलाकों में पानी की किल्लत भी उत्पन्न हो गई।

सार-संक्षेप

भारत विकास परिषद ने मनाई संस्थापक जयंती

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार : भारत विकास परिषद ब्रह्मावर्त प्रांत, शाखा शुक्लागंज के तत्वावधान में शुक्रवार को परिषद के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश की जयंती पर राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर परिषद पदाधिकारियों व सदस्यों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए और उनके जीवन पर विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. सूरज प्रकाश की दूरदर्शिता, राष्ट्र के प्रति समर्पण और सेवा की भावना ने भारत विकास परिषद की नींव रखी। उनका राष्ट्र प्रेम, सहयोग और संस्कार आधारित दृष्टिकोण आज भी सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। उनके द्वारा स्थापित संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण के मूल सिद्धांत समाज में राष्ट्र भावना को मजबूत कर रहे हैं। कार्यक्रम में परिषद अध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्रा, सचिव राजीव मिश्र, कोषाध्यक्ष विजय शंकर तिवारी, प्रांतीय मार्गदर्शक आशुतोष शुक्ला सहित संतोष तिवारी, अनुज तिवारी, सत्य कुमार उपाध्याय, अंजनीकांत मिश्र, दुर्गा प्रसाद शुक्ला और सूरज शुक्ला आदि मौजूद रहे। सभी ने डॉ. सूरज प्रकाश को श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

एसपी ने परेड में देखी मातहतों की चुस्ती, ली सलामी

परेड का निरीक्षण करते एसपी व सीओ लाइन। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार : एसपी दीपक भूकर ने शुक्रवार को पुलिस लाइंस मैदान में हुई साप्ताहिक परेड की सलामी ली। इसके बाद उन्होंने परेड का निरीक्षण भी किया। शुक्रवार को एसपी ने सबसे पहले साप्ताहिक परेड की सलामी ली। इसके बाद परेड का निरीक्षण भी किया। परेड में पुलिस लाइन का बल व विभिन्न कार्यालयों व थानों में नियुक्त पुलिस कर्मी व रिक्रूट शामिल रहे। परेड के निरीक्षण के बाद एसपी ने पुलिस लाइन परिसर, बैरिक, क्वार्टर गार्ड, परिवहन शाखा, पीआरवी वाहन, गार्द रजिस्टर आदि का निरीक्षण कर संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सीओ लाइन प्रदीप मौर्य, अब्दुल रशीद प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन व अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कवि सुरेश पकड़ के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

उन्नाव, अमृत विचार : ओज और श्रृंगार की कविताओं से जिला, प्रदेश व देश भर में अपनी धाक जमाने वाले पुरोधा कवि व एडीओ पंचायत पद से सेवानिवृत्त सुरेश फक्कड़ का शहर के मोहल्ला पीडी नगर स्थित उनके आवास पर शुक्रवार दोपहर बाद निधन हो गया। वे बीते काफी समय से गंभीर बीमारी के चलते लखनऊ स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। डाक्टरों के जवाब देने पर परिजन उन्हें घर ले आए थे। उनके निधन पर मोहल्ले वासी शिक्षक, डॉक्टर व विधायक पहुंचकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

क्षेत्र पंचायत की बैठक मे शासन की योजनाओं पर हुई चर्चा

संवाददाता, परियर उन्नाव, अमृत विचार : सिकंदरपुर सरोसी ब्लाक परिसर में शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत सिकंदरपुर सरोसी की बैठक ब्लॉक प्रमुख सिकन्दरपुर सरोसी कुशला देवी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता व विष्णु प्रकाश बाजपेई प्रतिनिधि एमएलसी राजबहादुर सिंह चन्देल भी मौजूद रहे। वहीं, बाल विकास परियोजना अधिकारी सिकंदरपुर सरोसी, प्रभारी चिकित्साधिकारी पीएचसी सिकंदरपुर सरोसी व विकास खंड के अंतर्गत तैनात अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।अधिकारियों ने बैठक में मौजूद सदस्यों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन योजनाओं व कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। प्रधान अगेहरा बिटान, प्रधान बरवट संजय कुमार, प्रधान फतेउल्ला नगर दिनेश कुमार, अकबरपुर दबौली के क्षेत्र पंचायत सदस्य भोला सिंह, स्वकरना के क्षेत्र पंचायत सदस्य अजयकांत वर्मा, मोमिनपुर के क्षेत्र पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर, कटरी मरौंदा मझवारा के क्षेत्र पंचायत सदस्य रमेश ने बैठक में विकास कार्यक्रमों के बारे में जानकारी चाही तो विभागीय अधिकारियों व बीडीओ ने जानकारी दी।

ट्रैक्टर हटाने की बात कहने पर पड़ोसी पर हमला

संवाददाता, फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार : फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत गांव शाहपुर बुजुर्ग निवासी मंजू देवी ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसके पति रामजीवन ट्रैक्टर लेकर खेत जोतने जा रहे थे। रास्ते में पड़ोसी शिशुपाल अपने बेटों संदीप व दिलीप के साथ ट्रैक्टर लिए खड़े थे। ट्रैक्टर हटाने के लिए कहने पर तीनों ने गालीगलौज करने के साथ जान से मारने की धमकी दी और पति को दौड़ा लिया। पति ट्रैक्टर लेकर घर आ गए तो उन लोगों ने घर पर चढ़ाई कर दी और धारदार हथियार (तब्बल) से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर घायल होकर बेहोश हो गए। बचाने आए ससुर शंभुलाल व बेटे प्रदीप को भी उन लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां रामसजीवन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। एसओ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर दरोगा कृष्णेंद्र कुमार ने टीम समेत वांछित संदीप व दिलीप पुत्र श्रीपाल को बरुवाघाट गांव के पास से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

प्रशिक्षण के लिए 5 जुलाई तक आवेदन करें शिल्पकार

उन्नाव, अमृत विचार : जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि उप्र माटीकला बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में माटीकला से जुड़े परम्परागत कामगारों के कौशल सुधार के लिये माटीकला शिल्पकारी का 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र डालीगंज लखनऊ में होना है। जिसमें उन्नाव के 15 लाभार्थियों को माटीकला के विषय विशेषज्ञ का व्याख्यान व मास्टर ट्रेनर द्वारा क्रियात्मक प्रशिक्षण दिया जायेगा। बताया कि इस प्रशिक्षण के लिये इच्छुक लाभार्थी माटीकला के पोर्टल पर 5 जुलाई तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

युवक ने पिया पिपरमेंट का तेल, रेफर

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव नगरा निवासी सोनेलाल (30) पुत्र रामऔतार ने करीब चार महीने पहले हरियाणा प्रांत में एक युवती से शादी कर उसे दो माह पूर्व अपने गांव ले आया था। बीती रात युवती अचानक घर से लापता हो गई। इसी दुख में सोनेलाल ने शुक्रवार दोपहर बाद घर में रखा पिपरमेंट का तेल पी लिया। परिजन आनन फानन उसे सीएचसी लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जिले के क्रिकेट खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के लिए मिली बॉलिंग मशीन

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचारः जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा शुक्रवार को आरएसएस कॉलेज के मैदान पर क्रिकेट कैंप और बॉलिंग मशीन का उद्घाटन किया गया। ताकि खिलाड़ी अपनी प्रतिभा बढ़ाने के लिए अच्छे ढंग से प्रैक्टिस करें और उन्नाव के खिलाड़ी देश-प्रदेश में अपना नाम रोशन करें।

सदर विधायक पंकज गुप्ता, चेयरमैन प्रतिनिधि भानु मिश्रा, रणजी खिलाड़ी राहुल सप्रू ने फीता काटकर बॉलिंग मशीन का उद्घाटन किया। अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य पवन मिश्रा ने खिलाड़ियों को अपने कॉलेज की ग्राउंड उपलब्ध कराते हुए कहा कि छात्रों के हित में आगे भी मुझसे जो सहयोग जिला क्रिकेट एसोसिएशन चाहेगा हम उपलब्ध कराएंगे। पंकज गुप्ता ने खिलाड़ियों को बॉलिंग मशीन से खेल कर अपने खेल में और निखार लाने को प्रेरित किया। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने कहा कि हम खिलाड़ियों के हित में जितना हो सकेगा उतना प्रयास करेंगे। अरविंद श्रीवास्तव सचिव यूपीसीए ने कहा कि जिले के क्रिकेट को बढ़ाने के लिए हर संभव मदद करते रहेंगे। संजय राठी कार्यवाहक अध्यक्ष, राजेंद्र त्रिपाठी उपाध्यक्ष, नवीन सिन्हा, ओम मिश्रा, शंकर श्रीवास्तव, शिवम सिंह, संजय श्रीवास्तव, सभासद बृजेश पांडे, जिला क्रीड़ाधिकारी मुकेश कुमार सबरवाल, राजेश शुक्ला, साकिर हुसैन, विकास सिन्हा, संजय श्रीवास्तव, आदित्य, शिवम, अभिषेक श्रीवास्तव, सोनाली कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

बॉलिंग मशीन का उद्घाटन करते सदर विधायक पंकज गुप्ता व अन्य। अमृत विचार

▸▸ **जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा कराया गया मशीन का उद्घाटन**

कांग्रेस ने घोषित की जिला कार्यकारिणी

उन्नावः कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने जनपदीय कार्यकारिणी पर मोहर लगा दी है। इसमें एक कोषाध्यक्ष, 8 उपाध्यक्ष, 8 महासचिव व 48 सचिव बनाए गए हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा द्वारा जारी सूची में महिलाओं सहित सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व दिया गया है। सभी पदाधिकारीयों से अपेक्षा की गई है कि वह अपने कर्तव्य के प्रति जागरूक रहें। आगामी दिनों में सभी को दायित्व सौंपे जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा जारी सूची मे जिला कांग्रेस कमेटी का कोषाध्यक्ष शिव कुमार अवस्थी, उपाध्यक्ष हनुमंत सिंह, विनयदीप श्रीवास्तव, चन्द्र प्रकाश शुक्ला, जावेद कमाल, शान्ति कुरौल, भगवानदीन कठेरिया, रामकिशोर पाल, आभा वर्मा महासचिव, अनुराग सिंह, मंसूर अली, दीपेंद्र प्रताप सिंह, अजय गौतम, सुयश बाजपेई, विनीत कुमार, राजवती, यूसुफ फारुकी व सचिव बनवारी निषाद बनाए गए हैं।

मुकदमे से नाम निकलवाने के नाम पर हड़पे 4.17 लाख रुपये

संवाददाता, सफीपुर उन्नाव

अमृत विचारः कोतवाली सफीपुर क्षेत्र के बृजपालपुर गांव निवासी रामशंकर पुत्र श्यामलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 अप्रैल 2025 को उसके बेटे गुड्डु की पत्नी रामकुमारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद गुड्डू के ससुर माखी थानाक्षेत्र गांव मोल्हेखेड़ा के मजरा भदेवना निवासी रामनरेश पुत्र राम स्वरूप ने बेटे गुड्डु व बेटी सीता सहित उसके विरुद्ध दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने गुड्डू को 18 अप्रैल को भेज दिया था। इसके बाद बेटी सीता समेत वह पुलिस से डरकर इधर-उधर भाग रहे थे। तभी उसके गांव निवासी रामस्वरूप पुत्र रामलाल से उसकी मुलाकात हुई। उसने कहा कि उसका पुलिस और कोर्ट में अच्छा जुगाड़ है। दहेज हत्या के मामले में उन लोगों का नाम निकलवाने के बदले उसने 5 लाख की मांग की। जिस पर किसी तरह से 4 लाख 17 हजार की व्यवस्था की तो रामस्वरूप उसे अपने घर ले गया। जहां रामस्वरूप का बेटा सरोज व कोतवाली क्षेत्र के निहालपुर गांव निवासी पंकज भी था। जहां तीनों ने थाना व कोर्ट के नाम लेकर मुझसे 4 लाख 17 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद इन लोगो ने धर्मेंद्र नाम के एक आदमी से मिलवाया। जिसने अपने को लखनऊ निवासी बहुत बड़ा वकील बताकर तुरंत छुड़वा देने का आश्वासन दिया। समय गुजरता गया और मदद न मिलती देख एहसास हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी की गई है उसने उन लोगों से अपने पैसे मांगे तो वे उसे गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हैं। एसओ सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर धोखाधड़ी के आरोप में चार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

कार्रवाई एसडीएम ने पुलिस व प्रशासनिक टीम के साथ नगर पंचायत क्षेत्र के कालीमिट्टी-दबौली मार्ग व शीतला देवी चौराहे से सदर बाजार तक चलाया अभियान

अतिक्रमणकारियों पर हुई सख्ती, तीन का चालान कर वसूला जुर्माना

संवाददाता, फतेहपुर चौरासी उन्नाव

अमृत विचारः नगर पंचायत क्षेत्र के प्रमुख मार्ग पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण से आवागमन प्रभावित है। एसडीएम ने शुक्रवार को नगर पंचायत की टीम के साथ दुकानदारों द्वारा किए अतिक्रमण को हटाने का निर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम ने तीन दुकानदारों का चालान कर जुर्माना भी वसूला।

बता दें कि नगर पंचायत क्षेत्र के कालीमिट्टी-दबौली मार्ग व शीतला देवी चौराहे से सदर बाजार तक स्थानीय दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण करने से आवागमन प्रभावित है। नगर पंचायत द्वारा समय-समय पर पटरी व रेडी दुकानदारों व पक्के दुकानदारों द्वारा मार्ग पर किए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिये जाते रहते हैं। लेकिन, दुकानदारों द्वारा इस पर ध्यान न दिए जाने पर शुक्रवार को एसडीएम/अधिशाषी अधिकारी सफीपुर शिवेंद्र कुमार ने नगर पंचायत अध्यक्ष, सभासदो व नगर पंचायत टीम के साथ कस्बे में भ्रमण कर दुकानदारों द्वारा किए अतिक्रमण को हटाने के लिए निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम ने बूढ़े बाबा बाजार के पास काली मिट्टी दबौली मार्ग पर तीन दुकानदारों का चालान काटकर जुर्माना भी वसूला। इसमें पंचायत कर्मी, पुलिस व प्रशासन की टीम मौजूद रही।

नगर पंचायत क्षेत्र में अतिक्रमण हटवाती टीम। अमृत विचार

एसडीएम से की कब्रिस्तान को कब्जामुक्त कराने की मांग

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार : नगर क्षेत्र के आधा सैकड़ा नागरिकों ने एसडीएम को प्रार्थनापत्र देकर आवामी कब्रिस्तान पर कब्जे के प्रयास का आरोप लगाया है। एसडीएम ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। नगर निवासी जावेद, अब्दुल जलील, नजमा, रूबी, कौसर, रुबीना, नूरी व नूर आलम सहित करीब आधा सैकड़ा लोगों ने शुक्रवार को एसडीएम शुभम यादव को दिये पत्र में कहा कि नगर के अहिरन पुरवा मार्ग पर रोडवेज बस अड्डे के पास पुश्तैनी कब्रिस्तान है। यह कब्रिस्तान राजस्व अभिलेखों में भी दर्ज है। जिसमें हजारों कब्रें मौजूद हैं। इस कब्रिस्तान पर नगर निवासी आफताब खान व इंतजार पुत्र जुम्मन खान अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रार्थनापत्र में कब्रिस्तान की सुरक्षा की मांग की गई है। एसडीएम ने जांच कराकर कार्रवाई का भरोसा दिया है।

एसडीएम को प्रार्थनापत्र देने पहुंचे क्षेत्रीय लोग। अमृत विचार

कर्ज वृद्धि बढ़ाएं, मुनाफा बनाए रखें बैंक

वित्त मंत्री ने पीएसबी से कहा- आरबीआई की आधा प्रतिशत की ब्याज कटौती का उठाएं लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीतारमण ने समीक्षा बैठक में मुनाफे की रफ्तार बनाए रखने की कही बात

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) से कहा कि वे अर्थव्यवस्था के उत्पादक क्षेत्रों को अधिक ऋण देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की आधा प्रतिशत की बड़ी ब्याज कटौती का लाभ उठाएं। सूत्रों ने बताया कि पीएसबी के वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा बैठक के दौरान सीतारमण ने उनके प्रमुखों से वित्त वर्ष 2025-26 में मुनाफे की रफ्तार बनाए रखने को भी कहा।

वित्त वर्ष 2024-25 में 12 पीएसबी का कुल मुनाफा बढ़कर रिकॉर्ड 1.78 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो सालाना आधार पर 26% अधिक है। इस दौरान लाभ में सालाना आधार पर वृद्धि 37,100 करोड़ थी। सूत्रों के अनुसार वित्त मंत्री को उम्मीद है कि आरबीआई के आधा प्रतिशत की ब्याज दर कटौती के बाद पीएसबी की ऋण वृद्धि में सुधार होना चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वित्तीय समावेश को बढ़ाने के लिए बैंकों को सरकार की योजनाओं में अधिक से अधिक ग्राहकों को शामिल करना चाहिए।

बैठक के दौरान किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम मुद्रा और तीन सामाजिक सुरक्षा योजनाओं - प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) सहित विभिन्न खंडों और सरकारी योजनाओं की प्रगति की व्यापक समीक्षा की गई।

विवाद समाधान पोर्टल से भुगतान मामलों की सुनवाई में तेजी : मुर्मू

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि विवाद समाधान के लिए जारी ऑनलाइन पोर्टल सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को भुगतान में देरी से संबंधित मामलों में तेजी से सुनवाई और निर्णय लेने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। मुर्मू ने 'विश्व एमएसएमई दिवस' पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के समक्ष मौजूद चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि ऑनलाइन पोर्टल इस दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने एमएसएमई उद्यमों की वित्त तक पहुंच, बड़ी कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा और भुगतान में देरी जैसी चुनौतियों का भी उल्लेख किया। मुर्मू ने कहा कि सरकार के प्रयासों से पंजीकृत एमएसएमई की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज पेश किया गया ऑनलाइन विवाद समाधान पोर्टल एमएसएमई को भुगतान में देरी से संबंधित मामलों में तेजी से सुनवाई और निर्णय लेने में महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने युवा महिलाओं से व्यवसाय स्थापित करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। राष्ट्रपति ने कहा कि आज की दुनिया जलवायु परिवर्तन और तेजी से विकसित हो रही प्रौद्योगिकी से उत्पन्न चुनौतियों से जूझ रही है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण से जुड़े लक्ष्यों के लिए भारत को प्रतिबद्ध बताते हुए कहा कि एमएसएमई में हरित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना समय की मांग है। मुर्मू ने कहा कि यह (हरित प्रौद्योगिकी) न केवल एमएसएमई को मजबूत बनाएगी, उनकी प्रतिस्पर्धी क्षमता में सुधार करेगी, बल्कि देश के जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी मदद करेगी।

सॉफ्ट कमोडिटी: लाभ-जोखिम की समझ



सॉफ्ट कमोडिटी वे कृषि उत्पाद हैं जिन्हें उगाया जाता है, जैसे – गेहूं, कपास, कॉफी, सोया, और चीनी। यह निवेशकों के लिए विविध पोर्टफोलियो बनाने और महंगाई के प्रभाव से सुरक्षा देने का साधन है। कमोडिटी बाजार में इनका व्यापार फ्यूचर्स, एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) और कमोडिटी म्यूचुअल फंड के जरिए किया जा सकता है। इसमें मांग-आपूर्ति, मौसम, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नीतियां और मुद्रा विनिमय दरें कीमतों को प्रभावित करती हैं। निवेश से पहले इसके उतार-चढ़ाव और जोखिमों को समझना जरूरी होता है। अब विस्तार से इसके पहलुओं को समझते हैं।

क्या है सॉफ्ट कमोडिटी

- सॉफ्ट कमोडिटीज़ वे कृषि आधारित उत्पाद हैं जो खेती से प्राप्त होते हैं। इनमें गेहूं, मक्का, चावल, कपास, जूट, कॉफी, चाय, कोको, चीनी, तिलहन (सोया, सरसों) आदि है। इनका उपयोग खाद्य, वस्त्र, पेय पदार्थ और तेल उद्योगों में होता है।

कैसे करें निवेश

- **कमोडिटी फ्यूचर्स के माध्यम से :** एमसीएक्स (भारत में) पर फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स में ट्रेड करें।
- **कमोडिटी आधारित म्यूचुअल फंड या ईटीएफ :** जो इन कमोडिटी से जुड़े होते हैं।
- **एग्री-स्टॉक्स में निवेश :** कृषि उत्पादक कंपनियों के शेयर खरीदें।

महत्वपूर्ण बातें

- शुरुआती निवेशक फिजिकल खरीदारी के बजाय ईटीएफ या म्यूचुअल फंड का चयन करें।
- निवेश से पूर्व बाज़ार विश्लेषण और ट्रेंड्स पर नजर रखें।
- दीर्घकालिक निवेश से अधिक स्थिर लाभ की संभावना होती है।

निवेश के लाभ

- **विविधता :** इक्विटी व डेट के अलावा नया एसेट क्लास।
- **महंगाई से सुरक्षा :** जब मुद्रास्फीति बढ़ती है, कमोडिटी की कीमतें भी बढ़ती हैं।

जोखिम और चुनौतियां

- **मौसम पर निर्भरता :** बारिश, सूखा या बाढ़ से उत्पादन प्रभावित होता है।
- **अस्थिरता :** वैश्विक मांग, सरकारी नीतियां और मौसम असर डाल ते हैं।
- **स्टोरेज और लॉजिस्टिक्स :** वास्तविक भंडारण और सप्लाई चेन की समस्याएं।

देश का चालू खाता मार्च तिमाही में 13.5 अरब डॉलर के अधिशेष में : आरबीआई

मुंबई, एजेंसी

- रिजर्व बैंक ने चौथी तिमाही के दौरान भारत के भुगतान संतुलन के घटनाक्रम पर जारी की रिपोर्ट

देश का चालू खाता 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 13.5 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.3%) के अधिशेष में रहा जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 4.6 अरब डॉलर (जीडीपी का 0.5%) था। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

किसी देश के चालू खाते से यह पता चलता है कि संबंधित देश ने निर्यात से कितना कमाया और आयात पर कितना खर्च किया। इसके अलावा निवेश से आय और हस्तांतरण से जुड़े लेन-देन भी इसमें शामिल होते हैं। देश का चालू खाता गत वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 11.3 अरब डॉलर (जीडीपी का 1.1%) के घाटे में था। सालाना आधार पर चालू खाता घाटा 2024-25 के दौरान 23.3 अरब डॉलर (जीडीपी का 0.6%) रहा जो 2023-24 के दौरान रहे 26 अरब डॉलर (जीडीपी का 0.7%) के घाटे से कम है। इसका मुख्य कारण उच्च शुद्ध अदृश्य प्राप्तियां हैं।

रिजर्व बैंक की चौथी तिमाही के दौरान भारत के भुगतान संतुलन में घटनाक्रम रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च तिमाही में 59.5 अरब डॉलर का वस्तु व्यापार घाटा हुआ जबकि 2023-24 की चौथी तिमाही में यह 52 अरब डॉलर था। वस्तु व्यापार घाटा 2024-25 की तीसरी तिमाही के 79.3 अरब डॉलर के मुकाबले कम रहा। शुद्ध सेवा प्राप्तियां बढ़कर 2024-25 की चौथी तिमाही में 53.3 अरब डॉलर हो गईं जो एक साल पहले की समान अवधि में 42.7 अरब डॉलर थीं।

रूस से कोयले का आयात दो साल में सबसे ज्यादा

मॉस्को। रूस से भारत को कोयले का आयात मई 2025 में मासिक आधार पर 52% बढ़कर 13 लाख टन के दो साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। रूस के कारोबारी अखबार ने सेंटर फॉर प्राइस इंडिसेज की कारोबारी समीक्षा का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। रूसी कोयला निर्यातकों की लचीली मूल्य निर्धारण रणनीतियों से ईंधन की गुणवत्ता से ये वृद्धि हुई। बढ़ते घरेलू उत्पादन व लॉजिस्टिक की उच्च लागत से भारत में रूस की बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि की संभावना नहीं है।

बाजार में तेजी, सेंसेक्स फिर 84,000 के पार

मुंबई, एजेंसी

विदेशी पूंजी का प्रवाह बढ़ने और आईसीआईसीआई बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज में खरीदारी से शुक्रवार को शेयर बाजार चौथे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 303 अंक जबकि निफ्टी में 89 अंक की तेजी रही। विश्लेषकों के मुताबिक, डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती रहने और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से भी निवेशकों का भरोसा बढ़ा।

बीएसई का सेंसेक्स 303.03 अंक चढ़कर 84,058.90 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई का निफ्टी भी 88.80 अंक बढ़कर 25,637.80 अंक पर पहुंच गया। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 1,650.73 अंक यानी 2% की तेजी रही, जबकि निफ्टी में भी 525.4 अंक 2% का उछाल आया। बजाज ब्रोकिंग की शेयर बाजार पर जारी टिप्पणी के मुताबिक, सेंसेक्स एवं निफ्टी ने मजबूती से साप्ताहिक कारोबार का समापन किया।

ईरान-इजराइल युद्धविराम और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की उम्मीद से समर्थन मिला है। सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और सन फार्मा के शेयरों में तेजी रही। वहीं, ट्रेंट, इटर्नल, एक्सिस बैंक और टाइटन में गिरावट आई। बीएसई स्मालकैप 0.54% जबकि मिडकैप 0.38% चढ़ा। बीएसई पर सूचीबद्ध 2,251 शेयर बढ़े, 1,760 में गिरावट और 154 के भाव अपरिवर्तित रहे।

चार सत्र में निवेशकों की संपत्ति 12.26 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली। शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी से निवेशकों की संपत्ति 12.26 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। पिछले चार दिन में सेंसेक्स 2,162.11 अंक चढ़ा है। इसके साथ कंपनियों की पूंजीकरण 4 सत्रों में 12,26,717.72 करोड़ रुपये बढ़कर 4,60,09,217.58 करोड़ रुपये (5.38 लाख करोड़ डॉलर) हो गया।

राष्ट्रीय

एक नजर

जेल में बंद गैंगस्टर की मां समेत दो की हत्या

चंडीगढ़। पंजाब के बटाला में बाइक सवार लोगों ने जेल में बंद गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया की मां और उनके साथ मौजूद व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। शुक्रवार को बटाला के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि गुरुवार रात साढ़े नौ बजे हुई घटना के बाद घायल हरजीत कौर को अमृतसर के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी मौत हो गई। घटना सिविल लाइंस इलाके के कादियां रोड पर हुई। बटाला के पुलिस उपाधीक्षक परमवीर सिंह ने बताया, बाइक सवार लोगों ने उस समय गोलीबारी की, जब हरजीत कौर और करणवीर सिंह कार के अंदर थे।

छात्रा के यौन शोषण में दो शिक्षकों पर प्राथमिकी

छत्रपति संभाजीनगर। महाराष्ट्र के बीड में 17 वर्षीय छात्रा के यौन शोषण के आरोप में कोचिंग सेंटर के दो शिक्षकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि पीड़िता द्वारा गुरुवार को शहर के शिवाजीनगर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराने के बाद दोनों शिक्षकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। दोनों आरोपी फरार हैं और उनकी तलाश जारी है।

छत्तीसगढ़ में 13 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में 22 लाख के इनामी 10 समेत 13 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि 13 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया। इसमें देवे मुचाकी ऊर्फ प्रमिला पर आठ लाख, एरिया कमेटी सदस्य कोसा ओयाम ऊर्फ राजेन्द्र पर पांच लाख, कोसी पोड़ियाम पर दो लाख का ईनाम था।

बलभद्र, सुभद्रा संग रथ पर विराजे भगवान

दो घंटे से अधिक समय तक चली 'पहांडी' रस्म के बाद शुरू हुई जगन्नाथ रथयात्रा, कई गणमान्य बने साक्षी

पुरी, एजेंसी

पहांडी अनुष्ठान के दौरान जगन्नाथ मंदिर से बाहर आते भगवान जगन्नाथ।

भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ शुक्रवार को दो घंटे चली 'पहांडी' रस्म के बाद अपने-अपने रथों पर विराजमान हुए। 'पहांडी' शब्द संस्कृत के 'पदमुंडनम' से आया है जिसका अर्थ है पैर फैलाकर धीमी गति से कदम उठाना। इस रस्म के तहत तीनों देवी-देवताओं की लकड़ी की मूर्तियों को 12वीं सदी के मंदिर से रथों तक लेकर जाया जाता है।

तीनों देवी-देवताओं का पहांडी चक्रराज सुदर्शन से शुरू हुआ, जिनके पीछे भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ थे। 'पहांडी' अनुष्ठान सुबह साढ़े नौ बजे के बजाय एक घंटे की देरी से हुआ। तीनों देवी-देवताओं को मंदिर के सिंह द्वार के सामने खड़े रथों पर विराजमान किया गया जहां से उन्हें 2.6 किलोमीटर दूर श्री गुंडिचा मंदिर ले जाया जाएगा। सुदर्शन को सबसे पहले मंदिर से बाहर लाया गया व देवी सुभद्रा के 'दर्पदलन' रथ पर विराजमान किया गया।

प्रधानमंत्री ने रथयात्रा पर लोगों को दीं शुभकामनाएं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने 'एक्स' पर इस अवसर पर सभी के लिए सुख, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

पंडित सूर्यनारायण रथशर्मा ने बताया कि सुदर्शन भगवान विष्णु का चक्र है, जिनकी पूजा पुरी में भगवान जगन्नाथ के रूप में होती है। सुदर्शन के पीछे बलभद्र थे। बलभद्र को उनके 'तालध्वज' रथ पर विराजमान किया गया। देवी सुभद्रा को 'शून्य पहांडी' (रथ पर ले जाते समय देवी आकाश की ओर देखती हैं) नामक विशेष शोभायात्रा के माध्यम से उनके दर्पदलन रथ पर ले जाया गया। जब भगवान जगन्नाथ मंदिर से बाहर आए, तो ग्रैंड रोड पर भक्तों ने जय जगन्नाथ का नारा लगाया। गोवर्धन पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती तीन रथों पर देवताओं के विराजमान होने के बाद उनके दर्शन करने पहुंचे। ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, गजेंद्र सिंह शेखावत, पुरी के सांसद संबित पात्रा आदि पहांडी रस्म के साक्षी बने।

गुजरात: रथयात्रा के दौरान हाथी के उत्पात से एक व्यक्ति घायल

अहमदाबाद, एजेंसी

रथयात्रा उत्सव के दौरान उत्पात मचाने वाला हाथी।

- अत्यधिक शोर से परेशान होकर अवरोधक तोड़ा, गली में घुसा

गुजरात के अहमदाबाद में शुक्रवार को रथयात्रा के दौरान एक हाथी अत्यधिक शोर से परेशान होने के बाद अवरोधक तोड़कर एक संकरी गली में घुस गया, जिससे मची अफरा-तफरी के दौरान एक व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

शहर के कांकरिया चिड़ियाघर के अधीक्षक आरके साहू ने बताया कि दो अन्य हथिनियों पर सवार महावतों ने हाथी का पीछा किया और उसे काबू में किया, ताकि यात्रा सुचारू रूप से आगे बढ़े। पुलिस उपायुक्त (नियंत्रण कक्ष) कोमल व्यास ने बताया कि खड़िया क्षेत्र में एक हाथी के परेशान होकर संकरी गली में घुसने से मची अफरा-तफरी में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यात्रा तय कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ रही है।

हिंदी विरोधी नहीं है महाराष्ट्र, प्राथमिक छात्रों पर भाषा थोपना सही नहीं : शरद

कोल्हापुर, एजेंसी

- पवार ने कहा- देश की 55% आबादी हिंदी बोलती है, इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता

राकांपा (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र के लोग हिंदी विरोधी नहीं हैं, लेकिन पहली कक्षा से चौथी तक के विद्यार्थियों पर यह भाषा थोपना उचित नहीं है। पवार ने कहा कि देश की 55 प्रतिशत आबादी हिंदी बोलती है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

पवार (80) की यह टिप्पणी महाराष्ट्र में भाषा विवाद के बीच आई है, जो पिछले सप्ताह राज्य सरकार द्वारा संशोधित आदेश जारी करने के बाद शुरू हुआ था। इसमें कहा गया था कि हिंदी को आम तौर पर कक्षा एक से पांच तक मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में छात्रों को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाएगा। पवार ने कहा, पहली कक्षा से लेकर चौथी कक्षा के विद्यार्थियों पर हिंदी थोपना सही नहीं है। इस उम्र में मातृभाषा ज़्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पांचवी कक्षा के बाद ऐसा किया जाता है तो यह उनके हित में होगा, क्योंकि भारत में 55 प्रतिशत लोग हिंदी बोलते हैं।

लहरों संग उत्सव

मुंबई के गिरगांव चौपाटी पर उच्च ज्वार के दौरान समुद्र की लहरों का आनंद लेते लोग। मानसून की फुहारों और तेज लहरों के बीच पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने प्रकृति के इस नज़ारे का रोमांचक अनुभव लिया। एजेंसी

पेंट के कारखाने में लगी आग को 30 दमकल वाहनों ने बुझाया

नोएडा। शहर में पेंट बनाने के कारखाने में शुक्रवार सुबह आग लग गई और मौके पर पहुंची दमकल विभाग की 30 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। एक अधिकारी ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप चौबे ने बताया कि थाना फेस-वन क्षेत्र के सेक्टर-2 में स्थित पेंट कारखाने में सुबह 6 बजे आग लग गई। घटना की सूचना पर दमकल की 7 गाड़ियां पहुंचीं। आग की विकरालता को देखते हुए आसपास के जनपदों से और कुछ निजी कंपनियों के दमकल वाहनों को बुलाया गया और 30 दमकल वाहनों की मदद से 3 घंटे के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पेंट्स तथा केमिकल निर्माण के चलते आग बुझाने में परेशानी आईं। चौबे के मुताबिक कारखाने में रखे पेंट के डिब्बे आग की चपेट में आकर फटने लगे, जिससे अन्य फैक्टरियों तक आग पहुंचने का खतरा पैदा हो गया था।

होसबाले के बयान पर भाजपा-विपक्ष में तकरार

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्षी दलों ने संविधान की प्रस्तावना में शामिल समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों की समीक्षा करने संबंधी आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के बयान पर दावा किया कि आरएसएस का नकाब फिर उतर गया है तथा उसे संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए। वहीं, भाजपा ने होसबाले का समर्थन करते हुए कहा कि कोई भी सही सोच वाला नागरिक इसका समर्थन करेगा क्योंकि हर कोई जानता है ये शब्द डॉ. आंबेडकर द्वारा लिखे गए संविधान का हिस्सा नहीं थे।

आपातकाल पर आयोजित कार्यक्रम में होसबाले ने कहा था, आंबेडकर ने जो संविधान बनाया, उसकी प्रस्तावना में ये शब्द नहीं थे। आपातकाल के दौरान ये शब्द जोड़े गए। इस पर चर्चा हुई लेकिन उन्हें हटाने का प्रयास नहीं हुआ। होसबाले ने कहा, इसलिए उन्हें प्रस्तावना में रहना चाहिए या नहीं, इस पर विचार किया जाना चाहिए।

सही सोच वाला इनका समर्थन करेगा

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा, कोई भी सही सोच वाला इनका समर्थन करेगा, हर कोई जानता है ये शब्द डॉ. आंबेडकर के संविधान का हिस्सा नहीं थे। भाजपा प्रस्तावना से धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्दों को हटाने का समर्थन करती है। सिंह ने कहा, जो लोग संविधान की किताब उठा रहे हैं वे इसके सबसे बड़े उल्लंघनकर्ता हैं। भाजपा प्रवक्ता अजय आलोक ने कहा कि होसबाले ने जो कहा है कि उसमें कोई दिक्कत नहीं है। अगर कोई संगठन समीक्षा की मांग उठा रहा है तो इसमें दिक्कत क्या है? आपातकाल के दौरान संविधान की आत्मा को कुचलकर और बाबासाहेब का अनादर करके धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द डाले गए। यह उस वक्त किया गया था, जब पूरा विपक्ष जेल में था।

संविधान इन्हें चुभता है : राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'एक्स' पर कहा, संविधान इन्हें चुभता है क्योंकि वो समानता, धर्मनिरपेक्षता और न्याय की बात करता है। आरएसएस-भाजपा को संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर कहा, आरएसएस ने कभी भी संविधान को पूरी तरह स्वीकार नहीं किया। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद ने यादव ने कहा, सबसे बड़े जातिवादी और नफरत करने वाले संगठन आरएसएस ने संविधान बदलने की बात कही है। इनकी इतनी हिम्मत नहीं कि संविधान और आरक्षण की तरफ आंख उठाकर देख सकें। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने होसबाले के बयान की निंदा की।

हिमाचल में बाढ़ : खोज और बचाव अभियान फिर से शुरू

शिमला। हिमाचल के कांगड़ा और कुल्लू जिलों में बुधवार को बादल फटने और अचानक आई बाढ़ के बाद लापता हुए 6 लोगों की तलाश के लिए राष्ट्रीय और राज्य आपदा मोचन बल, पुलिस और होम गार्ड के संयुक्त दल शुक्रवार सुबह फिर से अभियान में जुट गए।

अधिकारियों के अनुसार, अब तक कांगड़ा जिले में बाढ़ की चपेट में आए जलविद्युत परियोजना स्थल से पांच शव बरामद किए जा चुके हैं, वहीं तीन अन्य लापता लोगों की तलाश जारी है। इसके साथ ही कुल्लू जिले के रेहला बिहाल में बादल फटने के बाद लापता हुए तीन व्यक्तियों की भी तलाश की जा रही है। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (एडीएम) कांगड़ा शिल्पा बैक्टा ने बताया कि खनियारा गांव में मनुनी खड्ड के पास सुबह साढ़े छह बजे लापता तीन लोगों की तलाश शुरू कर दी गई। रात साढ़े नौ बजे अभियान स्थगित कर दिया गया। यह कार्य चुनौतीपूर्ण है क्योंकि मौसम खराब है, भौगोलिक स्थिति कठिन है।

तीन राज्यों में चुनावों की निगरानी को भाजपा के चुनाव अधिकारी नियुक्त

नई दिल्ली, एजेंसी

- महाराष्ट्र, उत्तराखंड और प. बंगाल में भाजपा के होने है संगठनात्मक चुनाव
- किरेन रीजीजू, हर्ष मल्होत्रा और रविशंकर प्रसाद को सौंपी गई जिम्मेदारी

भाजपा ने शुक्रवार को महाराष्ट्र, उत्तराखंड और प. बंगाल में संगठनात्मक चुनावों की देखरेख के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू, हर्ष मल्होत्रा तथा रविशंकर प्रसाद को क्रमशः महाराष्ट्र, उत्तराखंड और प. बंगाल के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पार्टी संगठन चुनावों के लिए राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण ने कहा कि तीनों सांसद इन राज्यों के अध्यक्षों और राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों के चुनावों के लिए केंद्रीय प्रभारी होंगे। इस नियुक्ति से पार्टी में संगठन के चुनावों के लिए पहले से जारी कवायद को पूरा करने के वास्ते एक नई गति मिलने की संभावना है, जो मौजूदा अध्यक्ष जेपी नड्डा की जगह नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के साथ समाप्त होगी। नड्डा केंद्रीय मंत्री भी हैं। संभावना है कि अगले महीने पार्टी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सहित कुछ राज्य इकाइयों के अध्यक्षों का चुनाव अगले सप्ताह होने की संभावना है और कुछ अन्य राज्य इकाइयां भी इसके तुरंत बाद ऐसा कर सकती हैं।

एक नजर

अल्काराज का सामना फोगनिनी से तो कोको भिड़ेंगी यास्त्रेमस्का से

लंदन : दूसरी रैंकिंग के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज सोमवार से यहां शुरू होने वाले विम्बलडन टेनिस ग्रैंडस्लैम के पहले दौर में फैबियो फोगनिनी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे जिसमें उनकी निगाहें लगातार तीसरा खिताब अपनी झोली में डालने पर लगी होंगी। इस ग्रास कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए एकल ड्रॉ शुक्रवार को निकाला गया जिसमें शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिस सिनर का सामना लुका नार्डी से होगा। नोवाक जोकोविच (छठी रैंकिंग) पहले दौर में एलेक्जेंडर मुलर से भिड़ेंगे। जोकोविच ने 24 मेजर ट्रॉफियों में से सात आल इंग्लैंड क्लब में ही जीती हैं। वहीं महिलाओं के वर्ग में दूसरी नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ मंगलवार को डायना यास्त्रेमस्का के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी। फ्रेंच ओपन में अपना दूसरा मेजर खिताब जीतने वाली गॉफ का सामना दूसरे दौर में दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका से हो सकता है। तीसरे दौर में गॉफ को 28वीं वरीय सोफिया केनिन से भिड़ना पड़ सकता है जिन्होंने दो साल पहले विम्बलडन के पहले दौर में उन्हें बाहर कर दिया था।

डब्ल्यूपीएल टीम यूपी वारियर्स ने मुख्य कोच लुईस से नाता तोड़ा

नई दिल्ली : महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टीम यूपी वारियर्स ने मुख्य कोच जॉन लुईस से नाता तोड़ने का फैसला किया है जो 2023 से उनके साथ थे। डब्ल्यूपीएल 2025 में यूपी वारियर्स तालिका में निचले स्थान पर रही थी। टीम ने इंस्टाग्राम हैंडल पर कोच से अलग होने की जानकारी दी। फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा पहले दिन से ही आपने हम पर भरोसा किया। कोच जॉन लुइस दिल से, सयंम से और भरोसे से मार्गदर्शन करने के लिए आपका धन्यवाद। आप हमेशा वारियर्स परिवार का हिस्सा रहेंगे। इंग्लैंड के लिए एक टेस्ट, 13 वनडे और दो टी20 खेलने वाले लुईस के मार्गदर्शन में यूपी वारियर्स 2023 में टूर्नामेंट के शुरूआती सत्र में डब्ल्यूपीएल प्लेऑफ तक पहुंची थी।

अविनाश साबले की निगाह विश्व चैंपियनशिप पर

बेंगलुरु : पिंडली की चोट के कारण एक साल तक परेशान रहे भारत के शीर्ष 3000 मीटर स्टीपलचेज़र अविनाश साबले अब पूरी तरह से फिट हैं और उनकी निगाहें सितंबर में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप सहित आगामी प्रतियोगिताओं में अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को बेहतर करने पर टिकी हैं। एशियाई खेलों के चैंपियन साबले इस सत्र में ऊटी में अभ्यास कर रहे हैं और भारतीय खेल प्राधिकरण के दक्षिणी केंद्र में अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करने में जुटे हैं। साबले ने यहां चुनिंदा पत्रकारों से कहा पिछला साल अच्छा नहीं रहा, ऐसा भी नहीं लग रहा था कि मैं अच्छा प्रदर्शन कर पाऊंगा। लेकिन इस साल मैं डायमंड लीग में भाग ले रहा हूं, इसलिए (विश्व चैम्पियनशिप के लिए) तैयारी अच्छी है। उन्होंने कहा मेरा लक्ष्य अपना सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत समय हासिल करना है, जो आठ मिनट के करीब है।

दीक्षा जर्मन मास्टर्स के दूसरे दौर के बाद शीर्ष 10 में

हैम्बर्ग (जर्मनी) : भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने यहां अमुंडी जर्मन मास्टर्स के दूसरे दौर में इवन पार 73 का कार्ड खेला जिससे वह शीर्ष 10 में बनी हुई हैं। दीक्षा ने पहले दौर में 69 का कार्ड बनाया था और वह पहले दिन संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर थीं। लेकिन 36 होल में चार अंडर के स्कोर से वह संयुक्त छठे स्थान पर पहुंच गई। अन्य भारतीयों में वाणी कपूर दूसरे दौर में एक अंडर 72 के कार्ड से संयुक्त 24वें स्थान पर बनी हुई हैं। अवनि प्रशांत संयुक्त 39वें और त्वेसा मलिक संयुक्त 52वें स्थान पर हैं। इन दोनों को दीक्षा और वाणी के साथ कट हासिल करने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना होगा। स्नेहा सिंह और अमनदीप द्राल संयुक्त 106वें, हिताशी बख्शी संयुक्त 114वें, नेहा त्रिपाठी संयुक्त 129वें और विधात्री उर्स संयुक्त रूप से 131वें स्थान पर बनी हुई हैं।

अनीश भानवाला ने रैपिड फायर पिस्टल ट्रायल जीता

देहरादून : ओलंपियन अनीश भानवाला ने ग्रुप ए राइफल और पिस्टल निशानेबाजों के तीसरे और चौथे राष्ट्रीय चयन ट्रायल में पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में लगातार दूसरा ट्रायल जीता जबकि तमिलनाडु की नर्मदा नितिन ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में बाजी मारी। नर्मदा ने 24 शॉट के फाइनल में 253 .7 अंक बनाकर विश्व कप फाइनल रजत पदक विजेता सोनम उत्तम मस्कर को 1 .7 अंक से हराया। दिल्ली की राजश्री अनिल कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। क्वालीफिकेशन में नर्मदा छठे स्थान पर रही थी। विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेत मेहुली घोष क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रही थी।

दूसरी श्रेणी में खिसकने से बचने की कोशिश करेगी महिला हॉकी टीम

बर्लिन : भारतीय महिला हॉकी टीम चीन के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले मैच में जीत हासिल करके लगातार छह हार के सिलसिले को तोड़कर एफआईएच प्रो लीग से बाहर होने से बचना चाहेगी। भारतीय महिला टीम वर्तमान में 14 मैचों में 10 अंकों के साथ नौ टीमों की तालिका में सबसे निचली पायदान पर है और उस पर 2026 में दूसरी श्रेणी के एफआईएच नेशंस कप में खिसकने का खतरा मंडरा रहा है। हॉकी इंडिया ने जब हरेंद्र सिंह को फिर से टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया था तब किसी ने भी नहीं सोचा था कि टीम इस स्थिति में पहुंच जाएगी। लेकिन इस साल के शुरू में घरेलू चरण में अपेक्षाकृत अच्छा प्रदर्शन करने वाली भारतीय महिला टीम टूर्नामेंट के यूरोपीय चरण में ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना और बेल्जियम के खिलाफ लगातार छह मैच हार गई।

सिर पर चोट लगने से खिलाड़ी सात दिन रहेगा बाहर

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने सभी प्रारूपों में नये नियमों की घोषणा की, वाइड-बाल का बदला नियम गेंदबाजों की करेगा मदद

दुबई, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को सभी प्रारूपों में खेलने के लिए नए नियमों की घोषणा करी दी। इसमें 'कनकशन' से चोटिल होने वाले खिलाड़ियों के लिए न्यूनतम सात दिन का 'स्टैंड डाउन' समय, सीमित ओवरों के क्रिकेट में वाइड गेंद के नए नियम का ट्रायल और बाउंड्री पर कैच के संबंध में बदलाव शामिल हैं। क्रिकेट की वैश्विक संचालन संस्था ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि टेस्ट के लिए नए नियम 2025-2027 डब्ल्यूटीसी चक्र से लागू होंगे जिसकी शुरुआत श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गॉल में पहले टेस्ट के साथ हुई थी।

इन दोनों देशों के बीच आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला वनडे और टी20 अंतर्राष्ट्रीय के लिए नए खेलने के नियमों की शुरुआत करेगी। श्रीलंका और बांग्लादेश दो जुलाई से तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला खेलेंगे, जिसके बाद 10 जुलाई से तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला शुरू होगी।

'कनकशन' पर दो नियम : 'कनकशन' (सिर पर चोट) प्रोटोकॉल के संदर्भ में आईसीसी ने कहा कि इसमें दो बदलाव किए गए हैं। पहला तो टीमों को अब हर मैच के लिए 'कनकशन' स्थानापन्न खिलाड़ी को नामांकित करना होगा। आईसीसी ने साथ ही घोषणा की कि किसी भी खिलाड़ी को 'कनकशन' होने की स्थिति में न्यूनतम सात दिन तक खेल से बाहर (स्टैंड डाउन) रहना होगा। आईसीसी ने कहा मैच के दौरान कनकशन होने की स्थिति में खिलाड़ी को खेलने के लिए वापस आने से पहले कम से कम सात दिन की न्यूनतम 'स्टैंड डाउन' अवधि का पालन करना होगा। यह बदलाव आईसीसी की चिकित्सा सलाहकार समिति की सिफारिश के बाद किया गया ताकि खिलाड़ियों की सुरक्षा और भलाई का ध्यान रखा जाए। आईसीसी ने कहा कि पूर्ण सदस्यों देशों द्वारा इन दोनों नए नियमों का ट्रायल अक्टूबर 2025 से शुरू होकर छह महीने तक किया जाएगा।

वाइड-बॉल नियम : वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए एक नया 'वाइड-बॉल' नियम लागू किया गया है। जिसे गेंदबाज की मदद के लिए लाया जा रहा है। आईसीसी ने कहा ट्रायल में गेंद डालते समय बल्लेबाज के पैरों की स्थिति को अब वाइड गेंद के लिए 'संदर्भ बिंदु' (रेफरेंस प्वाइंट) के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा, भले ही बल्लेबाज बाद में ऑफ साइड की ओर मुड़ जाए। ईसीसी की क्रिकेट समिति के मीडिया प्रतिनिधि दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान शॉन पोलाक ने इस साल जनवरी में पीटीआई को बताया था कि क्रिकेट की संचालन संस्था वाइड गेंद पर गेंदबाजों को थोड़ी अधिक छूट देने के लिए काम कर रही है। आईसीसी ने कहा कोई भी लेग साइड वाली गेंद जो बल्लेबाज के पैरों के पीछे से होकर जाती है और लाइन से बाहर होती है, उसे भी वाइड कहा जा सकता है।

गंभीर चोट लगने पर बदलेगा खिलाड़ी : एक और नियम का ट्रायल घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकट में किया जाना है। इसमें टीमें अंतिम एकादश में चुने के बाद किसी खिलाड़ी के गंभीर रूप से चोटिल होने के बाद उसकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल कर सकती हैं। आईसीसी ने कहा मैच शुरू होने के बाद किसी भी समय (किसी भी मैच पूर्व अभ्यास सहित) अगर खेल के मैदान पर कोई खिलाड़ी गंभीर रूप से चोटिल हो जाता है तो मैच के बचे हुए हिस्से में खेलने के लिए उसके समान किसी भी खिलाड़ी द्वारा उसे बदला जा सकता है। संचालन संस्था ने टेस्ट क्रिकेट में 'स्टॉप क्लॉक लाना', बाउंड्री कैच के नियम में बदलाव और वनडे मैच में 34वें ओवर के बाद केवल एक गेंद का नियम लागू करने के अन्य बड़े बदलावों की भी घोषणा की है।

कैच का नियम बदला

आईसीसी ने कैच का नियम भी बदला है। गेंद पैड पर लगी हो तो टीवी अंपायर पगबाधा की भी जांच करेंगे। अगर बल्लेबाज पगबाधा आउट है तो उसे आउट दे दिया जाएगा। यह नियम भी तीनों रूपों में लागू होगा। नये नियम के तहत संदिग्ध कैच की जांच की जाएगी।

सिर पर चोट की सांकेतिक फोटो।

अब ऐसा होगा पावर प्ले

आईसीसी ने टी-20 मैचों के लिए नए पावरप्ले नियमों में बदलाव किए हैं। इनमें यह स्पष्ट किया गया है कि अगर बारिश या किसी अन्य वजह से मैच के ओवर कम किए गए हैं तो पावरप्ले के ओवर भी उसी आधार पर कम कर दिए जाएंगे। नये नियम के तहत वर्षा प्रभावित मैचों में पांच ओवर के मैच के लिए 1.3 ओवर का पावरप्ले होगा। छह ओवर के लिए 1.5, सात ओवर के लिए 2.1, आठ ओवर के लिए 2.2, नौ ओवर के लिए 2.4, दस ओवर के लिए तीन ओवर, 11 ओवर के लिए 3.2, 12 ओवर के लिए 3.4, 13 ओवर के लिए 3.5, 14 ओवर के लिए 4.1, 15 ओवर के लिए 4.3, 16 ओवर के लिए 4.5, 17 ओवर के लिए 5.1, 18 ओवर के लिए 5.2 तथा 19 ओवर के लिए 5.4 ओवर पावरप्ले के होंगे। इस दौरान ओवर के बीच हुए बदलाव को लेकर अंपायर संकेत देंगे। ये नियम जुलाई से लागू होंगे। यह नियम इंग्लैंड के टी-20 टूर्नामेंट में कई सालों से उपयोग किया जा रहा है, जहां ओवर के बीच में पावरप्ले समाप्त होने से खिलाड़ियों या मैच अधिकारियों को कोई परेशानी नहीं होती है।

शार्ट रन लेने पर जुर्माना

इस तरह क्रिकेट के तीनों प्रारूपों के लिए शॉर्ट रन का नियम भी बदला है। जानबूझकर शॉर्ट रन लेने पर पहले पांच रन का जुर्माना लगता था। अब अगर बल्लेबाज अतिरिक्त रन चुराने के लिए जानबूझकर रन पूरा नहीं करता तो अंपायर क्षेत्ररक्षण टीम से पूछेंगे कि वे पिच पर मौजूद दोनों में से किस बल्लेबाज को स्ट्राइक पर चाहते हैं। पांच रन के जुर्माना वाला नियम भी लागू रहेगा।

लार पर प्रतिबंध जारी

गेंद पर लार लगाने पर प्रतिबंध जारी रहेगा। गलती से लार लगाने पर गेंद बदलना अनिवार्य नहीं होगा। अंपायर केवल उसी स्थिति में गेंद बदलेंगे जब गेंद बहुत गीली हो या उसमें अतिरिक्त चमक हो। यह फैसला अंपायर के विवेक पर निर्भर होगा। अगर उसे लगता है कि गेंद की स्थिति में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है तो इसे नहीं बदला जाएगा। यह नियम भी तीनों प्रारूपों के लिए है।

ओवर-रेट पर नियंत्रण

टेस्ट क्रिकेट में ओवर-रेट पर नियंत्रण के लिए स्टॉप क्लॉक का उपयोग, नो-बॉल पर भी कैच की वैधता जांचना, घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट में खिलाड़ी स्थानांतरण की मंजूरी देना तथा पुरुष अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने की शर्तों में किए गए कुछ अन्य प्रमुख बदलाव हैं। इनमें से कुछ नए नियम विश्व टेस्ट टेस्ट चैंपियनशिप (2025-27) के नए चक्र में पहले से लागू हो चुके हैं। सफेद गेंद क्रिकेट से संबंधित नियम दो जुलाई से प्रभावी होंगे। टी-20 प्रारूप में पावरप्ले के दौरान केवल दो खिलाड़ी ही 30 गज के बाहर होते हैं। इसके बावजूद टी 20 मैचों को और स्पष्ट और निष्पक्ष बनाने के लिए इसे सख्ती से लागू करने की बात कही गई है।

सूर्यवंशी का धमाल, भारत ने इंग्लैंड को छह विकेट से हराया

होव, एजेंसी

- भारत ने अंडर-19 में पहला मुकाबला जीतकर सीरीज में 1-0 से बढ़त बनाई

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार प्रदर्शन से उत्साहित युवा वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे ने शुक्रवार को यहां गेंदबाजों की अच्छी गेंदबाजी के बाद बल्ले से धमाल मचाया जिससे भारत ने अंडर-19 दौरे के पहले वनडे में इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की।

भारतीय गेंदबाजी इकाई ने कनिष्क चौहान (20 रन देकर तीन विकेट) और मोहम्मद एनान (37 रन देकर दो विकेट) की स्पिन जोड़ी के नेतृत्व में तेज गेंदबाजों आरएस अंबरीश (24 रन देकर दो विकेट) और हेनिल पटेल (41 रन देकर दो विकेट) के साथ मिलकर शानदार प्रदर्शन किया। रॉकी फ्लिंटॉफ (90 गेंद में 56 रन) के जुझारू अर्धशतक के बावजूद इंग्लैंड की टीम 42.2 ओवर में 174 रन पर सिमट गई। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने सूर्यवंशी और म्हात्रे की बदौलत धमाकेदार शुरुआत की जिन्होंने सात ओवर में बिना किसी नुकसान के 70 रन बना लिए। भारत ने यह मैच महज 24 ओवर में जीत लिया और पांच मैच की श्रृंखला में बढ़त बना ली। वनडे सीरीज के बाद 12 जुलाई से दो युवा टेस्ट मैच खेले जाएंगे। सूर्यवंशी शानदार फॉर्म में थे, उन्होंने छठे ओवर में जैक होम की गेंदों पर तीन छक्के जड़े और फिर जेम्स मिंटो की गेंदों को धुनते हुए 18 गेंद में 48 रन बना डाले। पर उनकी तूफानी पारी अगली ही गेंद पर समाप्त हो गई। स्पिनर राल्फी अल्बर्ट की गेंद पर स्लॉग स्वीप करने की कोशिश की और ताजीम चौधरी अली के हाथों लपके गए।

विश्व कप की तैयारी होगी इंग्लैंड से मुकाबले में

नॉटिंघम, एजेंसी

पहला टी20 मैच आज शाम 7:00 बजे से

- पांच टी20 मैचों की सीरीज खेलकर भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के वातावरण में ढलने का प्रयास करेगी

टीम

भारत : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

इंग्लैंड : नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, एमी जोन्स (विकेट कीपर), पैगे स्कोल्फील्ड, लिंसी स्मिथ, डैनी व्याट-हॉज, इसी वोंग।

भारतीय महिला टीम अगले साल होने वाले विश्व कप से पहले इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान परिस्थितियों और मैच स्थलों की विशेषताओं को समझने की कोशिश करेगी।

आईसीसी विश्व कप के आयोजन में अभी लगभग एक साल का समय है, लेकिन पिछले साल ग्रुप चरण में बाहर होने वाली भारतीय टीम के लिए यह श्रृंखला बेहद महत्वपूर्ण है। भारतीय टीम प्रबंधन यहां की पिचों की प्रकृति और बदलते मौसम का खेल पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करना चाहेगा। टीम प्रबंधन को इसके साथ ही यह पता करने का भी मौका मिलेगा कि इस तरह की परिस्थितियों में किस तरह के खिलाड़ी प्रभाव डाल सकते हैं। विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा की वापसी के अलावा भारत ने क्रांति गौड़, श्री चरणी और सयाली सतघरे जैसे कुछ नए चेहरों को अपनी टीम में शामिल किया है। पूरी संभावना है कि शैफाली को स्मृति मंधाना के साथ पारी का आगाज करने का मौका दिया जाएगा, क्योंकि उमा छेत्री कुछ मैचों में सलामी बल्लेबाज के रूप में प्रभावित नहीं कर पाई थी। भारत का यह इस साल का पहला टी20 मैच है और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर अमनजोत कौर की वापसी पर सबकी निगाहें रहेंगी। राणा फरवरी 2023 के बाद टीम में वापसी कर रही हैं और इस साल की महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में अच्छे प्रदर्शन से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। भारत को हालांकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर की कमी खलेगी, जो चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला से बाहर हैं। ऐसे में टीम प्रबंधन को अपनी युवा खिलाड़ियों से अच्छा प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। भारतीय टीम की इस दौरे की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही और उसे दोनों अभ्यास मैच में हार का सामना करना पड़ा। अब उसका मुकाबला नैट साइवर-ब्रंट की अगुआई वाली मजबूत टीम से होगा। इंग्लैंड की टीम में एमी जोन्स, टैमी ब्यूमोंट, डैनी व्याट-हॉज और सोफी एक्लेस्टोन जैसे कई अनुभवी खिलाड़ी हैं।

कोलंबो में श्रीलंका के प्रभात जयसूर्या शॉट खेलते हुए। ● एजेंसी

श्रीलंका पारी की जीत से चार विकेट दूर

कोलंबो (श्रीलंका), एजेंसी

बांग्लादेश ने शुक्रवार को यहां दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में छह विकेट गंवाकर 115 रन बनाए जिससे श्रीलंका को पारी से जीत दर्ज करने के लिए महज चार विकेट की दरकार है।

श्रीलंका ने पहली पारी में 458 रन बनाकर 211 रन की बढ़त हासिल की थी जबकि बांग्लादेश की टीम अब भी 96 रन से पीछे है और उसके सिर्फ चार विकेट बाकी हैं। बांग्लादेश की टीम पहली पारी में 247 रन पर सिमट गई थी। बांग्लादेश ने दूसरी पारी में अनामुल हक (19), शादमान इस्लाम (12), मोमिनुल हक (15), कप्तान नजमुल हुसैन शांटो (26), मुश्फिकुर रहीम (26) और मेहदी हसन मिराज (11) के विकेट गंवा दिए। स्टंप तक लिटन दास 13 रन बनाकर खेल रहे थे। श्रीलंका के कप्तान धनंजय डिसिल्वा (दो विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या (दो विकेट) ने दो दो विकेट झटके। इससे पहले श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका (158 रन) ने लगातार दूसरे टेस्ट मैच में 150 से ज्यादा रन बनाए और श्रीलंका को बढ़त हासिल करने में मदद की।

प्रशंसक की यात्रा का खर्च उठाएंगे नीरज

नई दिल्ली : एक प्रशंसक ने बुधवार को पहला एनसी क्लासिक टूर्नामेंट देखने की इच्छा जताते हुए सोशल मीडिया पर 2000 रुपये देने का अनुरोध किया और जवाब में भालाफेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा ने खुद उनकी बेंगलुरु यात्रा का पूरा खर्च उठाने का वादा किया। चोपड़ा ने प्रशंसक को पूरा वीवीआईपी अनुभव देने का वादा किया।

राष्ट्रीय खेलों की पदक विजेता ट्विंकल डोपिंग के लिए निलंबित

नई दिल्ली : राष्ट्रीय खेलों में कई पदक जीतने वाली मध्यम दूरी की धाविका ट्विंकल चौधरी को प्रतिबंधित स्टेरॉइड के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद 'एथलेटिक्स इंटीग्रिटी' इकाई (एआईयू) ने अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। अठाईस साल की ट्विंकल ने इस साल के शुरू में उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों के चार गुणा 400 मीटर महिला रिले स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 800 मीटर दौड़ में रजत और चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले में कांस्य पदक भी जीता था। ट्विंकल को प्रतिबंधित एनाबोलिक स्टेरॉइड मिथाइलटेस्टोस्टेरोन का पॉजिटिव पाया गया है।

एआईयू ने अपने अपडेट में कहा कि ट्विंकल को आरोपों का नोटिस जारी किया गया है। अगला कदम इस मामले की सुनवाई होगी जिसमें इस एथलीट को अपनी बात स्पष्ट करने का मौका मिलेगा। जालंधर की रहने वाली ट्विंकल ने अप्रैल में कोच्चि में 28वीं राष्ट्रीय महासंघ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 800 मीटर स्पर्धा में 2:00.71 सेकेंड के समय के साथ नया मीट रिकॉर्ड बनाया था। इस महीने के शुरू में उन्होंने ताइवान ओपन में 800 मीटर स्पर्धा में 2:06.96 सेकेंड के समय के साथ रजत पदक जीता था। मई में वह एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप की इसी स्पर्धा में चौथे स्थान पर रही थीं। इस ताजा निलंबन से देश की मुसीबतें बढ़ना जारी है।

यूरोप जाने के पहले ही संन्यास का लिया था फैसला: ललित

नई दिल्ली, एजेंसी

पहली बार हॉकी थामी तो मकसद बेरोजगार पिता और सिलाई करके घर चलाने वाली मां की मदद करना था लेकिन दो ओलंपिक पदक जीतने वाले ललित उपाध्याय को खुशी है कि देश के लिए कुछ करने का जरिया यह खूबसूरत खेल बना। तोक्यो तथा पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे अनुभवी मिडफील्डर ललित ने एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण के बाद अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से विदा ले ली। ललित ने खेल से संन्यास के बाद भाषा को दिए इंटरव्यू में कहा करीब 32 साल की उम्र हो गई है और मुझे लगा कि अब समय आ गया है कि विदा ले लेनी चाहिए। मैं यही चाहता था कि शिखर पर रहकर ही विदा लूं और लिगामेंट चोट के बावजूद मेरी फिटनेस और फॉर्म अच्छा रहा है।

कोई दबाव नहीं था : यह क्या उन पर संन्यास का दबाव था, उन्होंने कहा यह फैसला मैंने खुद लिया है। मैं खुद को खींचना नहीं चाहता था। मुझे हरमनप्रीत समेत कई लोगों ने रोका लेकिन मैंने मन बना लिया था। मैं बनारसी फक्खड़ हूं और एक बार सोच लिया तो फिर सोच लिया। भारत के लिए 183 मैचों में 67 गोल कर चुके ललित ने कहा मैं खुश हूं कि हॉकी इंडिया ने काफी सम्मान और मौके दिए। टीम का अच्छा साथ रहा। लेकिन अब समय हो गया था। एफआईएच प्रो लीग के लिए यूरोप जाने से पहले ही मैं सोच रहा था कि अब छोड़ दूंगा। लेकिन घरेलू हॉकी और लीग खेलता रहूंगा। प्रो लीग के यूरोप चरण में भारत को एकमात्र जीत बेल्जियम के खिलाफ आखिरी मैच में मिले और जीतकर सीधे विश्व कप के लिये क्वालीफाई करने का सपना भी टूट गया।

स्टिंग में आया था नाम : उत्तर प्रदेश पुलिस में उप अधीक्षक ललित को कैरियर के पहले ही कदम पर झटका लगा जब एक स्टिंग आपरेशन में अनजाने ही उनका नाम आया। एक टीवी चैनल के रिपोर्टर ने तत्कालीन भारतीय हॉकी महासंघ सचिव के ज्योतिकुमारन के सामने एक खिलाड़ी को भारतीय टीम में जगह देने की एवज में प्रायोजन प्रस्ताव रखा और वह खिलाड़ी ललित था। उस घटना को अपने कैरियर की सबसे कड़वी याद बताते हुए ललित ने कहा मैं 17 बरस का था और भारत के लिए खेलने का सपना लेकर आया था। उस घटना के बाद टीम से बाहर हुआ था।

मां की मदद करने के लिए अपनाई थी हॉकी

ओलंपिक पदक, एशियाई खेल 2022 में स्वर्ण पदक और 2022 राष्ट्रमंडल खेल रजत समेत कई उपलब्धियां अर्जित कर चुके ललित ने कहा कि जब उन्होंने शुरूआत की तब एकमात्र लक्ष्य अपनी मां की घर चलाने में मदद करना था। उन्होंने कहा परिवार की स्थिति बहुत खराब थी। पापा की कपड़े की छोटी सी दुकान बंद हो गई थी और मां सिलाई करके घर चलाती थी। ऐसे में बेहतर भविष्य की तलाश में और नौकरी पाने के लिए हॉकी थामी थी। मैं और बड़ा भाई डेबोर्डिंग में रहते थे तो ढाई . तीन सौ रुपये मिलते थे जिससे मम्मी को सिलाई मशीन दिलाई थी। उन्होंने कहा स्टिंग में नाम आने के बाद घर भी नहीं जा सकता था कि लोग क्या कहेंगे। ऐसे में मां ने कहा कि सही हो तो हॉकी मत छोड़ना। अच्छा खेलकर नौकरी हासिल कर लो और तभी मैचे सोचा कि अब भारत के लिये हर हालत में खेलना है। इसके बाद एयर इंडिया के लिये खेला और लोगों ने मेरी प्रतिभा को पहचानना शुरू किया।

भारतीय नौसेना की शान

भारतीय नौसेना का स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस टेग दक्षिण पश्चिमी हिंद महासागर क्षेत्र में परिचालन तैनाती के तहत पोर्ट विक्टोरिया में है। इस पोर्ट कॉल का उद्देश्य भारत और सेशेल्स के बीच समुद्री सुरक्षा सहयोग और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करना है। आईएनएस टेग सेशेल्स तटरक्षक बल के साथ आधिकारिक बातचीत और संयुक्त निगरानी अभियानों में भी शामिल होगा। **एजेंसी**

आजादी जितना ही पुराना है

भारत में भाषाओं का विवाद

भारत की भाषाई विविधता एक ओर जहां उसकी सांस्कृतिक समृद्धि की प्रतीक है, वहीं दूसरी ओर यही विविधता समय-समय पर विवादों और राजनीतिक बहस का कारण भी बनती रही है। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कामकाज में हिंदी को बढ़ावा देने की नीति और कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं में हिंदी-अंग्रेज़ी का वर्चस्व एक बार फिर से भाषाई असंतुलन की बहस को तेज कर रहा है। तमिलनाडु, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और कई पूर्वोत्तर राज्यों में क्षेत्रीय दलों और सामाजिक संगठनों का आरोप है कि केंद्र सरकार हिंदी को राष्ट्रीय भाषा की तरह प्रस्तुत कर रही है, जबकि संविधान में स्पष्ट है कि भारत की कोई राष्ट्रभाषा नहीं है। विरोधी इसे हिंदी थोपने की नीति बता रहे हैं, जिससे गैर-हिंदी भाषी राज्यों की संस्कृति, शिक्षा और प्रशासनिक स्वायत्तता को खतरा है। जानिए क्या है भाषा विवाद का इतिहास और एक फिर कैसे ये राजनीतिक मुद्दा बन रहा है।

फिर बना राजनीतिक मुद्दा

हाल ही में केंद्र सरकार के हिंदी प्रोत्साहन कार्यक्रमों का फिर दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत में विरोध हो रहा है। यूपीएससी और अन्य परीक्षाओं में भी हिंदी व अंग्रेजी को प्राथमिकता देने को लेकर क्षेत्रीय भाषाओं की अनदेखी का आरोप लग रहा है। फिल्म, मीडिया, ओटीटी और शिक्षा में हिंदी की प्रधानता को हिंदी थोपने के रूप में देखा जा रहा है।

भारत की सैकड़ों भाषाएं

जनगणना 2011 के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक भारत में 122 प्रमुख भाषाएं और 1599 उपभाषाएं बोली जाती हैं। लगभग 22 भाषाएं संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल हैं जिन्हें सरकारी मान्यता प्राप्त है। देश में करीब 44 प्रतिशत लोग हिंदी बोलते हैं। इसके अलावा प्रमुख भाषाओं में बंगाली, मराठी, तेलुगु, तमिल, गुजराती, उर्दू, कन्नड़, उड़िया और पंजाबी भाषाएं शामिल हैं।

भाषा विवाद का इतिहास

भारत में 1960 के दशक में हिंदी विरोध आंदोलन हुआ था। 1965 में हिंदी को राष्ट्रीय भाषा के रूप में लागू करने का प्रयास हुआ जिसका दक्षिण भारत खासतौर पर तमिलनाडु में भारी विरोध हुआ। इसी दौरान हिंदी थोपने के खिलाफ द्रविड़ आंदोलन का उभार हुआ। इसके बाद केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया कि अंग्रेजी और हिंदी दोनों आधिकारिक भाषाएं बनी रहेंगी।

अलग-अलग मत

- कुछ लोगों का मानना है कि हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का कोई ठोस प्रयास नहीं हो रहा, बल्कि यह एक स्वाभाविक रूप से बढ़ती भाषा है। इसके अलावा अंग्रेजी पहले से सभी क्षेत्रों में प्रभावी है, लिहाजा हिंदी वर्चस्व की बात अतिरंजित है।
- हिंदी समर्थकों का कहना है कि एक राष्ट्र, एक भाषा से राष्ट्रीय एकता मजबूत होगी। हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाना जरूरी है। दक्षिण भारतीय और द्रविड़ पार्टियों का कहना है कि हिंदी थोपना लोकतंत्र और क्षेत्रीय संस्कृति के खिलाफ है। बहुभाषी नीति ही भारत के लिए उचित है।
- पूर्वोत्तर राज्य अपनी भाषाओं को भी संवैधानिक मान्यता और संरक्षण देने की आवाज उठाते रहे हैं। उधर, शिक्षाविदों और भाषा विशेषज्ञों का कहना है कि मातृभाषा में शिक्षा सर्वोत्तम होती है। साथ ही क्षेत्रीय भाषाओं को सशक्त बनाना चाहिए।
- नई शिक्षा नीति 2020 में मातृभाषा में प्राथमिक शिक्षा पर जोर, लेकिन क्रियान्वयन कठिन। डिजिटल माध्यम हिंदी और अंग्रेजी पर केंद्रित, इसलिए क्षेत्रीय भाषाएं पिछड़ रही हैं। एआई तकनीकी उपकरणों में हिंदी का वर्चस्व।

एक नजर

हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट के घर में चोरी

लॉस एंजिलिस। अमेरिका के लॉस एंजिलिस शहर में एक घर में सेंधमारी और चोरी की घटना सामने आई है जो दिग्गज हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट का बताया जाता है। पिट फिलहाल अपनी नयी फिल्म "एफ1" के प्रचार के लिए विदेश यात्रा पर हैं। लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग ने पुष्टि की कि बुधवार रात 11 बजे उसे लॉस फेलिज में नॉर्थ एजमोंट स्ट्रीट में स्थित घर में हुई सेंधमारी के बारे में सूचना मिली। अधिकारी ड्रेक मेडिसन ने कहा कि तीन संदिग्ध आगे की खिड़की से घर में घुसे, चोरी की और कई चीजें लेकर भाग गए। मेडिसन ने कहा कि अभी चोरी हुई चीजों के बारे में भी जानकारी नहीं मिली है।

कोलंबिया भूस्खलन में मृतकों की संख्या 14 हुई

बोगोटा। उत्तर-पश्चिमी कोलंबिया में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गयी है तथा अन्य 12 अभी भी लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि भूस्खलन की चपेट में आने से कई लोग घायल हो गये हैं और करीब एक हजार लोग बेघर हो गये हैं। मेयर लोरेना गोंजालेज ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राहत और बचाव दल बेलो शहर के प्रभावित एल पिनार इलाके में चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं, ताकि जीवित बचे हुए लोगों की तलाश की जा सके। गोंजालेज ने कहा, बचाव ऑपरेशन जारी है।

पाकिस्तान में भारी वर्षा के कारण सात लोगों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में भारी बारिश के कारण पिछले 24 घंटों में सात लोगों की मौत हो गई और 27 घायल हो गए। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने देर रात बताया कि झेलम नदी में डूबने से दो लोगों की मौत हो गई। ओकारा और बहावलनगर में वर्षा जनित घटनाओं में एक-एक बच्चे की मृत्यु की खबर है। मुजफ्फरगढ़ में दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गयी और खानेवाल में बिजली गिरने से एक जान चली गई।

रूस-यूक्रेन ने एक दूसरे पर दागे लंबी दूरी वाले ड्रोन

कीव। रूसी सेना ने बृहस्पतिवार और शुक्रवार की दरमियानी रात यूक्रेन पर 363 ड्रोन एवं आठ मिसाइलों से हमला किया, इनमें शाहिद और डिकॉय ड्रोन शामिल हैं। इसके साथ ही यूक्रेन की वायु सेना ने चार ड्रोन को छोड़कर बाकी ड्रोनों और छह क्रूज मिसाइलों को मार गिराया है। इस बीच, रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रात भर कई क्षेत्रों में 39 यूक्रेनी ड्रोन गिराए गए, जिनमें रोस्तोव क्षेत्र में 19 और वोल्गोग्राद क्षेत्र में 13 ड्रोन शामिल हैं। दोनों क्षेत्र यूक्रेन के पूर्व में स्थित है।

अमेरिका से बातचीत के मूड में नहीं ईरान

विदेश मंत्री अराघची ने कहा- अमेरिकी हमलों से मामला जटिल, वार्ता के लिए कोई समझौता भी नहीं

दुबई, एजेंसी

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अपने तीन परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हमले से गंभीर क्षति की बात स्वीकार करते हुए कहा है कि उनके देश के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका के साथ नई वार्ता की संभावना जटिल हो गई है। अमेरिका 2015 के उस परमाणु समझौते में शामिल पक्षों में से एक था, जिसमें ईरान ने प्रतिबंधों में राहत और अन्य लाभों के बदले अपने यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम का दायरा सीमित रखने पर सहमति जताई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान एकतरफा रूप से अमेरिका के इस समझौते से बाहर निकल जाने के बाद यह समझौता विफल हो गया था। ट्रंप ने संकेत दिया है कि वह ईरान के साथ नए सिरे से वार्ता में रुचि रखते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष अगले सप्ताह मिलेंगे।

ईरान के सरकारी टेलीविजन पर बृहस्पतिवार को प्रसारित एक साक्षात्कार में विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इस संभावना को खुला छोड़ दिया कि उनका देश अपने परमाणु कार्यक्रम के मुद्दे पर फिर से वार्ता में शामिल होगा, हालांकि उन्होंने इस बात के संकेत दिए कि यह वार्ता जल्दी नहीं होगी। उन्होंने कहा, वार्ता फिर से शुरू करने के लिए कोई सहमति नहीं की गई है, न कोई समय निर्धारित किया गया है, न ही कोई वादा नहीं किया गया है। हमने वार्ता को फिर से शुरू करने के बारे में भी बात नहीं की है। अराघची ने कहा कि सैन्य हस्तक्षेप करने के अमेरिकी निर्णय ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर वार्ता को और अधिक जटिल और कठिन बना दिया है।

उधर, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के निदेशक राफेल ग्रॉसी ने रेडियो 'फ्रांस इंटरनेशनल' से कहा कि अगर यह सच भी हो जाए, तो भी फोर्दो के ठिकाने को हुआ नुकसान "बहुत, बहुत, बहुत अधिक है"। अराघची ने खुद स्वीकार किया कि 'नुकसान का स्तर बहुत ज्यादा है, और यह गंभीर क्षति है।' उन्होंने कहा कि ईरान ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि नुकसान का आकलन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के निरीक्षकों को अंदर आने दिया जाए या नहीं, हालांकि उन्होंने कहा कि उन्हें फिलहाल बाहर रखा जाएगा।

इजराइली सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल एफी डेफ्रिन ने शुक्रवार को कहा कि कुछ क्षेत्रों में वह अपने परिचालन लक्ष्यों से आगे निकल गया है, लेकिन सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हम किसी भ्रम में नहीं हैं, दुश्मन ने अपने इरादे नहीं बदले हैं। हालांकि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति पर नुकसान को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने का आरोप लगाया था।

तेहरान एविन जेल में इजराइली हमले के बाद तबाही की तस्वीर। फाइल फोटो

परमाणु अप्रसार संधि से निकलने पर कर रहे हैं विचार

तेहरान। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराग्ची ने कहा है कि परमाणु ठिकानों को हुए गंभीर नुकसान का आकलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फिलहाल अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रोसी को ईरान आने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ईरानी संसद परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) से बाहर होने पर विचार कर रही है। विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका और इजराइल ने यह युद्ध शुरू किया जबकि ईरान परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत को तैयार था।

हमले से पहले ही फोर्डो से हटा दिया था यूरेनियम भंडार

तेहरान। ईरान ने अपने समृद्ध यूरेनियम भंडार को 22 जून के अमेरिकी हवाई हमलों से पहले फोर्डो केन्द्र से स्थानांतरित कर दिया था। यह जानकारी फाइनेंशियल टाइम्स ने शुक्रवार को यूरोपीय अधिकारियों द्वारा साझा किए गए प्रारंभिक खुफिया आकलन के आधार पर दी। ईरान इंटरनेशनल के अनुसार, अगर इस कदम की पुष्टि हो गई तो इसका मतलब होगा कि ईरान का 60% शुद्धता वाला समृद्ध यूरेनियम का 408 किलोग्राम का अधिकांश भंडार सुरक्षित है। हांलाकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिकी हमलों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट कर दिया है। फाइनेंशियल टाइम्स ने यूरोपीय संघ अधिकारियों के हवाले से कहा कि जिस समय हमला हुआ उस समय ईरान का भंडार संभवत: कई स्थलों पर वितरित था और फोर्डो में केंद्रित नहीं था। एक प्रारंभिक खुफिया रिपोर्ट में बताया गया कि क़ोम के निकट भूमिगत फ़ोर्डो सुविधा में व्यापक क्षति हुई है, लेकिन पूरा विध्वंस नहीं हुआ।

ईरान ने पूर्ण हवाई क्षेत्र खोलना आज तक के लिए टाला

तेहरान। ईरान ने अपने हवाई क्षेत्र को पूरी तरह से खोलने का निर्णय शनिवार दोपहर तक के लिए स्थगित कर दिया है। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने शुक्रवार को ईरानी सड़क एवं शहरी विकास मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अखवान के हवाले से कहा कि यह निर्णय यात्रियों और उड़ानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा देश के पूर्वी हवाई क्षेत्र को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए पुन: खोलने के मद्देनजर लिया गया है। उन्होंने कहा कि देश के उत्तरी, दक्षिणी और पश्चिमी भागों में हवाई क्षेत्र शनिवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर 14:00 बजे (1030 जीएमटी) तक बंद रहेगा।

कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक विधि महाविद्यालय की एक छात्रा के साथ संस्थान के भीतर एक पूर्व छात्र ने बलात्कार किया, दो वरिष्ठ छात्रों ने इसमें उसकी सहायता की। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पीड़िता द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष गोपनीय बयान प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी चल रही है। साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में हुई इस वीभत्स घटना ने पिछले साल अगस्त में शहर के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ हुई बलात्कार और हत्या की भयावह यादें ताजा कर दीं।

कॉलेज सूत्रों ने बताया कि मुख्य आरोपी कॉलेज का पूर्व छात्र है और अलीपुर पुलिस एवं सत्र न्यायालय में फौजदारी का वकील है। दो अन्य आरोपी मौजूदा छात्र हैं और पीड़िता के वरिष्ठ हैं। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि मुख्य आरोपी को हाल में 45 दिनों की अनुबंध अवधि के लिए संस्थान में अस्थायी गैर-शिक्षण कर्मचारी के रूप में नियुक्त किया गया था। मुख्य आरोपी के सोशल मीडिया हैंडल से पता चला है कि वह कॉलेज की तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद इकाई का पूर्व अध्यक्ष और तृणमूल कांग्रेस के छात्र संगठन की दक्षिण कोलकाता शाखा का संगठन सचिव है।

कोर्ट में पेश किया गया मुख्य आरोपी।

- **मुख्य आरोपी और उसके दोनों सहयोगी गिरफ्तार**

आरोपियों ने घटना का वीडियो भी बनाया

पुलिस ने बताया कि बलात्कार की घटना 25 जून की शाम को कॉलेज के छात्र संघ कार्यालय के बगल में एक गार्ड के कमरे में हुई। पीड़िता शैक्षणिक फॉर्म भरने के लिए दोपहर बाद पहुंची थी। आरोपी उसे शाम को कॉलेज के भूतल स्थित कमरे में ले गए जहां रात करीब 10 बजे तक उसके साथ बलात्कार किया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि बलात्कार के दौरान उसका वीडियो भी बनाया गया।

भारत के 534 कलाकारों को लॉस एंजिलिस का न्योता

लॉस एंजिलिस, एजेंसी

अभिनेता-फिल्मकार कमल हासन, बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना और 'ऑल वी इमैजिन ऐज़ लाइट' की लेखिका-निर्देशक पायल कपाड़िया उन 534 कलाकारों में शामिल हैं, जिन्हें इस वर्ष अमेरिका की 'अकादमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज' (ऑस्कर एकेडमी) के लिए आमंत्रित किया गया है।

इस वर्ष की सूची में हॉलीवुड और अंतरराष्ट्रीय सिनेमा की विभिन्न विधाओं से कई प्रभावशाली नाम शामिल हैं, जिनमें कई भारतीय कलाकार भी हैं। हासन, खुराना और कपाड़िया के अलावा सूची में फिल्म 'गली बॉय' के कास्टिंग निदेशक करण माली, 'ऑल वी इमैजिन ऐज़ लाइट' के सिनेमैटोग्राफर रणबीर दास और कॉस्ट्यूम डिज़ाइनर मैक्सिमा बसु के नाम भी हैं।

अकादमी के सीईओ बिल क्रेमर और अध्यक्ष जेनेट यांग ने कहा, ''हम इन प्रतिष्ठित कलाकारों, तकनीकी विशेषज्ञों और पेशेवरों को अकादमी में आमंत्रित कर बेहद उत्साहित हैं। इन्होंने फिल्म निर्माण और वैश्विक सिनेमा समुदाय में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।'' वर्ष 2025 के आमंत्रित वर्ग में 41 प्रतिशत महिलाएं, 45 प्रतिशत प्रतिनिधित्वविहीन समुदायों से और 55 प्रतिशत लोग अमेरिका से बाहर के 60 देशों व क्षेत्रों से हैं।

- **कमल हासन, आयुष्मान खुराना और पायल कपाड़िया इनमें शामिल**

ट्रंप प्रशासन ने सेना को दी दक्षिणी सीमा पर घुसपैठियों को गिरफ्तार करने की अनुमति

सांता फे (अमेरिका)। अमेरिका का रक्षा विभाग देश की दक्षिणी सीमा पर एक सैन्य क्षेत्र का विस्तार कर रहा है, जहां सैनिकों को अवैध रूप से अमेरिका में घुसने वाले लोगों को हिरासत में लेने का अधिकार दिया गया है ताकि उन पर राष्ट्रीय रक्षा क्षेत्र में घुसपैठ के आरोपों पर मुकदमा चलाया जा सके।

- **सीमा पर राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करने के बाद बढ़ाई गई सैन्य तैनाती**

वायुसेना ने सोमवार को टेक्सास में सीमा के साथ 400 किलोमीटर लंबे एक संकरे हिस्से को अपने क्षेत्र में शामिल करने की घोषणा की। यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सीमा पर राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किए जाने के बाद बढ़ रही सैन्य तैनाती का हिस्सा है। रक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि नौसेना को भी सीमा पर एक नया राष्ट्रीय रक्षा क्षेत्र स्थापित करने का निर्देश दिया गया है। वायु सेना ने एक बयान में कहा कि नए राष्ट्रीय रक्षा क्षेत्र में सेना की जिम्मेदारियों में बेहतर निगरानी और पहचान और घुसपैठ करने वाले लोगों को अस्थायी रूप से हिरासत में लेना एवं उन्हें संबंधित कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सौंपना शामिल है।

योजनाओं में कटौती के मुद्दे पर लेबर पार्टी में विद्रोह

लंदन, एजेंसी

ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने शुक्रवार को राजनीतिक दबाव के आगे झुकते हुए और अपनी ही पार्टी के सांसदों के हाथों पराजय से बचने के लिए योजनाबद्ध कल्याणकारी सुधारों को लेकर अपना रुख बदल लिया। यह खर्च में कटौती और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार के परस्पर विरोधी लक्ष्यों के बीच फंसी वामपंथ की तरफ झुकाव वाली सरकार की ओर से मजबूरी में लिया गया नया 'यू-टर्न' है।

सरकार ने अगले सप्ताह संसद में एक विधेयक लाने की योजना बनाई है जो एक प्रमुख विकलांगता लाभ के लिए पात्रता को सख्त करेगा, जिससे दीर्घकालिक शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों से जूझ रहे हजारों लोग व्यक्तिगत स्वतंत्रता भुगतान (पीआईपी) लाभ से वंचित हो जाएंगे। कम आय वाले लोगों द्वारा प्राप्त एक अन्य स्वास्थ्य संबंधी लाभ भी योजनाओं के तहत कम हो जाएगा।

सरकार ने कहा कि प्रस्तावित बदलाव लोगों को नौकरी खोजने में मदद करेंगे जबकि उन लोगों के लिए सुरक्षा जाल को संरक्षित करेंगे जो कभी काम नहीं कर सकते। यह कोविड-19 महामारी के बाद से बढ़े हुए कल्याण मद से अनुमानित पांच अरब पाउंड (सात अरब अमेरिकी डॉलर) की प्रति वर्ष की बचत भी करेगा। लेकिन लेबर पार्टी के कई सांसदों ने इन बदलावों पर आपत्ति जताई, जिसके बारे में 'इंस्टीट्यूट फॉर फिस्कल स्टडीज' थिंक टैंक ने अनुमान लगाया कि 2030 तक 32 लाख लोगों की आय में कटौती होगी।

- **पराजय के डर से अपने रुख से पलटे ब्रिटिश प्रधानमंत्री स्टॉर्मर**

चीन के नौसेना प्रमुख ली और शीर्ष परमाणु वैज्ञानिक लियू एनपीसी से निष्कासित

बीजिंग। चीन में शुक्रवार को नौसेना प्रमुख और एक शीर्ष परमाणु वैज्ञानिक को नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) से निष्कासित कर दिया गया। हांगकांग के अखबार 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' की खबर के अनुसार, चीनी नौसेना के चीफ ऑफ स्टाफ वाइस एडमिरल ली हानजुन और देश के राष्ट्रीय परमाणु निगम के उप मुख्य अभियंता लियू शिपेंग को एनपीसी से निष्कासित कर दिया गया है।

- **शीर्ष जनरल मियाओ हुआ को भी केंद्रीय सैन्य आयोग से हटाने के लिए हुआ मतदान**

ली सेना के उन जनरल और रक्षा उद्योग के कुछ अधिकारियों में शामिल हैं, जिनके खिलाफ हाल में कार्रवाई की गई है। इसमें कहा गया है कि ली और लियू की एनपीसी सदस्यता समाप्त कर दी गई है। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने बताया कि एनपीसी की स्थायी समिति ने शुक्रवार को अपने सत्र के समापन के दौरान शीर्ष जनरल मियाओ हुआ को केंद्रीय सैन्य आयोग के सदस्य के पद से हटाने के लिए भी मतदान किया। केंद्रीय सैन्य आयोग चीनी सेना का सर्वोच्च कमान है, जिसका नेतृत्व राष्ट्रपति शी चिनफिंग करते हैं।

न्यूयॉर्क शहर की राजनीति को हिलाकर रख दिया जोहरान ममदानी की जीत ने

न्यूयॉर्क, एजेंसी

न्यूयॉर्क के मेयर पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनने के चुनाव में भारतीय-अमेरिकी जोहरान क्वामे ममदानी की जीत ने शहर की राजनीति को हिलाकर रख दिया है। भारतीय समुदाय के सदस्यों ने यह बात कही है।

दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ममदानी पर निशाना साधते हुए उन्हें 100 प्रतिशत पागल वामपंथी कहा है। मशहूर भारतीय फिल्म निर्माता मीरा नायर और भारतीय मूल के युगांडाई लेखक महमूद ममदानी के पुत्र 33 वर्षीय ममदानी को मंगलवार रात मेयर पद की उम्मीदवारी के लिए हुए डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में विजयी घोषित किया गया। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, आखिरकार यह हो गया, डेमोक्रेटिक पार्टी ने हद पार कर दी। 100 प्रतिशत पागल वामपंथी जोहरान ममदानी ने डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की और वह मेयर बनने की राह पर है।

'डिजिमेंटर्स' के सीईओ और मीडिया व राजनीति पर नजर रखने वाले श्री श्रीनिवासन ने कहा कि ममदानी की जीत ने न्यूयॉर्क शहर की राजनीति को हिलाकर रख दिया है। यह घटनाक्रम आश्चर्यजनक रूप से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोगों का ध्यान खींच रहा है। नवंबर तक का वक्त रोमांचक होगा। इस चुनाव पर सबकी नजरें होंगी।

पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के सलाहकार रहे अजय भूटोरिया ने कहा कि न्यूयॉर्क सिटी डेमोक्रेटिक मेयर पद के प्राइमरी चुनाव में ममदानी की ऐतिहासिक जीत समुदाय के प्रतिनिधित्व के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। जमीनी स्तर पर समर्थन प्राप्त उनका अभियान क्वीन्स के दक्षिण एशियाई इलाकों से लेकर ब्रुकलिन के प्रगतिशील केंद्रों तक न्यूयॉर्क वासियों के बीच खूब चर्चा में है। हालांकि, भूटोरिया ने कहा कि वह ममदानी की पुलिस की फंडिंग बंद करने की नीति को लेकर चिंतित हैं, जिससे सार्वजनिक सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।

- **बौखलाहट में ट्रंप ने ममदानी को सौ प्रतिशत पागल वामपंथी कहा**

शोध जलवायु मॉडल की भविष्यवाणी से अधिक गर्मी अपने अंदर रोक रही है पृथ्वी, 20 वर्ष में दोगुनी हुई दर

पूरी तरह बिगड़ चुका है पृथ्वी का अंदरूनी ऊर्जा संतुलन

सिडनी, एजेंसी

आप जलवायु परिवर्तन को कैसे मापते हैं। एक तरीका है कि लंबे समय तक विभिन्न स्थानों में तापमान दर्ज करना। यह विधि कारगर है, लेकिन प्राकृतिक उतार-चढ़ाव के कारण लंबे समय की प्रवृत्तियों को समझना कठिन हो सकता है। लेकिन एक और तरीका यह स्पष्ट रूप से बता सकता है कि क्या हो रहा है: यह मापना कि पृथ्वी के वायुमंडल में कितनी गर्मी प्रवेश करती है और कितनी गर्मी बाहर निकलती है। इसे ही पृथ्वी का ऊर्जा संतुलन कहा जाता है और यह अब पूरी तरह से असंतुलित हो चुका है।

हालिया शोध में पाया गया है कि पिछले 20 वर्षों में यह असंतुलन दोगुने से भी अधिक हो गया है। यह असंतुलन अब जलवायु मॉडल द्वारा सुझाए गए असंतुलन से कहीं अधिक है। साल 2000 के दशक के मध्य में, ऊर्जा असंतुलन औसतन 0.6 वाट प्रति वर्ग मीटर था। यह हाल के वर्षों में, औसतन 1.3 वाट प्रति वर्ग मीटर था। यानी पृथ्वी की सतह के पास ऊर्जा के संचय की दर दोगुनी हो गई है।

निष्कर्षों से पता चलता है कि आने वाले वर्षों में जलवायु परिवर्तन में तेजी आ सकती है। इससे भी बुरी बात यह है कि यह चिंताजनक असंतुलन तब भी उभर रहा है जब अमेरिका में वित्तपोषण की अनिश्चितता गर्मी के प्रवाह पर नजर रखने की हमारी क्षमता को खतरे में डाल रही है। अंदर आने वाली ऊर्जा, बाहर जाने वाली ऊर्जा : पृथ्वी की ऊर्जा संतुलन प्रणाली कुछ हद तक आपके बैंक खाते की तरह काम करती है जैसे उसमें पैसा आता है और खर्च होता है। अगर आप कम खर्च करें, तो आपके खाते में पैसे जमा होने लगते हैं। इसी तरह, ऊर्जा इस प्रणाली की मुद्रा है। पृथ्वी पर जितनी ऊर्जा सूरज से आती है, उतनी ही ऊर्जा वापस अंतरिक्ष में चली जाती है, पृथ्वी पर जीवन इस संतुलन पर निर्भर करता है। लेकिन जब अंदर आने वाली ऊर्जा बाहर जाने वाली ऊर्जा से अधिक हो जाती है, तो पृथ्वी पर गर्मी जमा होने लगती है, जिससे ग्लोबल वार्मिंग होती है।

निष्कर्षों का इशारा- आने वाले वर्षों में जलवायु परिवर्तन में आ सकती है और तेजी

आने वाले सालों में और गंभीर होंगी जलवायु आपदाएं

निष्कर्षों से पता चलता है कि हाल के वर्षों में पड़े अत्यधिक गर्म साल कोई अपवाद नहीं हैं, बल्कि वे आने वाले दशक या उससे भी लंबे समय तक गर्मी के बढ़ते प्रभाव को दर्शा सकते हैं। इसका मतलब होगा कि भयंकर हीटवेव, सूखा और अत्यधिक वर्षा जैसी जलवायु आपदाएं जमीन पर और भी ज्यादा गंभीर होंगी। साथ ही समुद्रों में तेज और लंबे समय तक चलने वाली समुद्री हीटवेव भी और ज्यादा तीव्र हो सकती हैं। उपग्रह विशेष रूप से हमारे लिए एक अग्रिम चेतावनी प्रणाली का काम करते हैं, जो हमें ऊष्मा संग्रहण में हो रहे बदलावों की जानकारी अन्य तरीकों की तुलना में लगभग एक दशक पहले ही दे देते हैं।